

- विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर फिर 700 अरब डॉलर के पार - 12




- पश्चिम एशिया में तनाव घटने से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 505 अंक चढ़ा - 12



- कर्नाटक : हत्या के मामले में कांग्रेस विधायक को उम्रकैद - 13




- डगआउट में फोन का इस्तेमाल करना रॉयल्स के मैनेजर भिंडर पर पड़ा भारी - 14

आज का मौसम
41.0° अधिकतम तापमान
26.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.42
सूर्यास्त 06.34


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 02:10 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2083

शनिवार, 18 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 237, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


### लोकसभा में पारित नहीं हो पाया महिला आरक्षण संबंधी संविधान संशोधन विधेयक

# अधर में अधिकार


| पक्ष में पड़े वोट | विपक्ष में पड़े मत | अनिवार्य थे इतने वोट | सदन में कुल पड़े वोट |
|---|---|---|---|
| 298 | 230 | 352 | 528 |

- समर्थन में 54 वोट कम पड़े, मोदी सरकार बिल पास कराने में पहली बार नाकाम, संसद की सीटें बढ़ाकर 850 का था प्रावधान
- बिल पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की थी जरूरत, लोकसभा में कुल 543 सीटें हैं, 3 सीटें खाली होने से 540 हैं मौजूदा सांसद

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के संसदीय चुनावों से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पारित नहीं हो पाया। सदन में संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, पर हुए मत विभाजन के दौरान इसके पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े। लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत होती है। विधेयक पर मत विभाजन में 528 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस विधेयक को पारित करने के लिए 352 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता थी।

सरकार ने कहा कि विपक्ष ने महिलाओं को अधिकार और सम्मान देने का एक ऐतिहासिक मौका गंवा दिया है। संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं होने के बाद, परिसीमन विधेयक, 2026 और संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 को भी सदन में आगे नहीं बढ़ाया जा सका, जिन्हें चर्चा और पारित कराने के लिए रखा गया था। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि संविधान संशोधन विधेयक के पारित नहीं होने के बाद, अब इससे संबंधित दोनों विधेयकों 'परिसीमन विधेयक, 2026' और 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' को आगे नहीं बढ़ा सकते। उन्होंने कहा, महिलाओं को अधिकार और सम्मान देने वाले विधेयक का विपक्ष ने सम्मान नहीं किया, यह बहुत खेद की बात है। ऐतिहासिक पल था, यह एक मौका था आपने गंवाया है।



### संविधान पर आक्रमण था विधेयक, हमने इसे रोका : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विधेयक पारित नहीं होने के बाद कहा कि यह संविधान पर आक्रमण था, जिसे विपक्ष ने नाकाम कर दिया। उन्होंने संसद परिसर में यह भी कहा कि यदि प्रधानमंत्री मोदी महिला आरक्षण लागू करना चाहते हैं तो 2023 में पारित कानून को लागू करें जिसमें विपक्ष पूरा सहयोग देगा। यह महिला (आरक्षण) विधेयक नहीं था, ये हिंदुस्तान के राजनीतिक और चुनावी ढांचे को बदलने की कोशिश थी, संविधान पर आक्रमण था। हमने इसे रोक दिया। मैं प्रधानमंत्री से कहना चाहता हूं, अगर आप महिला आरक्षण विधेयक लाना चाहते हैं, तो 2023 का विधेयक आज से लागू कर दीजिए, पूरा विपक्ष 100% समर्थन देगा।

### महिला आरक्षण का विरोध करने वालों से नारी शक्ति हिसाब मांगेगी : अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों पर महिला आरक्षण का विरोध करने का आरोप लगाते हुए लोकसभा में कहा कि देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनके रास्ते का रोड़ा कौन है और विपक्ष के नेताओं को चुनाव में महिलाओं के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। शाह ने कहा कि जो लोग परिसीमन का विरोध कर रहे हैं, वे कहीं न कहीं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) के लिए आरक्षित सीटों में बढ़ोतरी का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के सभी सदस्यों ने अगर-मगर, किंतु-परंतु का उपयोग करके स्पष्ट रूप से महिला आरक्षण का विरोध किया है। यह दिखाने का प्रयास किया गया कि विरोध हमारे क्रियान्वयन के तरीके पर है। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह विरोध क्रियान्वयन का नहीं, बल्कि केवल महिला आरक्षण का विरोध है।

# ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को खोला कॉमर्शियल जहाज गुजर सकेंगे


- ट्रंप बोले- शुक्रिया ईरान, लेकिन ईरान की नाकाबंदी जारी रहेगी
- क्रेमलिन ने लेबनान में 10 दिनों के युद्धविराम का किया स्वागत

तेहरान/इस्लामाबाद/मास्को, एजेंसी


ईरान ने शुक्रवार को होर्मुज को खोलने का एलान किया। उसने कहा कि अब होर्मुज सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए पूरी तरह से खुला है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची की यह घोषणा ऐसे समय में आई है, जब एक दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने लेबनान और इजराइल के बीच 10 दिन के युद्धविराम की घोषणा की थी। वहीं, ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की मदद से ईरान होर्मुज से सभी समुद्री बारूदी सुरंगें हटा रहा है।

ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, लेबनान में हुए युद्धविराम के मद्देनजर, होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरने वाले सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए मार्ग युद्धविराम की शेष अवधि के लिए पूरी तरह से खुला घोषित किया गया है। उन्होंने हालांकि कहा कि जहाजों को ईरान के बंदरगाह और समुद्री संगठन द्वारा पहले से घोषित मार्ग पर ही चलना होगा। इसके कुछ मिनट बाद, राष्ट्रपति ट्रंप ने एक पोस्ट में इस घोषणा को साझा किया। ट्रंप ने कहा, ईरान ने अभी-अभी घोषणा की है कि ईरान पूरी तरह से खुला है। वहीं, रूस ने लेबनान और इजराइल के बीच युद्धविराम का स्वागत किया। राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री ने कहा, हमें उम्मीद है कि इन दिनों के दौरान ऐसे समझौते पर पहुंचना संभव होगा जिससे भविष्य में सैन्य संघर्षों की पुनरावृत्ति से बचा जा सके।

### लेबनान में सीजफायर के बाद लिया फैसला




### अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत बहुत सफल रही



राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत बहुत सफल रही है और समझौता होने की पूरी संभावना है। उन्होंने कहा कि अगर डील हो जाती है तो तेल की आपूर्ति सामान्य हो जाएगी, होर्मुज पूरी तरह खुला रहेगा और हालात बेहतर हो जाएंगे। ट्रंप ने यह भी कहा कि ईरान अपने उच्च संवर्धित यूरेनियम, जिसे उन्होंने 'न्यूक्लियर डस्ट' कहा, अमेरिका को सौंपने के लिए तैयार है और भविष्य में यूरेनियम संवर्धन नहीं होगा।

### होर्मुज रूट खुलने के बाद कच्चा तेल 13% सस्ता

ईरान के होर्मुज रूट को कॉमर्शियल जहाजों के लिए पूरी तरह खोलने के एलान के बाद क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) 13% सस्ता हुआ है। शुक्रवार, 17 अप्रैल को दाम करीब 13 डॉलर गिरकर 86 डॉलर प्रति बैरल पर आ गए हैं। एक दिन पहले क्रूड ऑयल की कीमत 99 .39 डॉलर प्रति बैरल थी। 28 फरवरी को जंग शुरू होने से पहले कच्चा तेल 73 डॉलर प्रति बैरल था। जंग के दौरान 9 मार्च को दाम बढ़कर 120 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गए थे।तब से पेट्रोल-डीजल के रेट बढ़ने की आशंका जताई जा रही थी।

## ब्रीफ न्यूज

### हरिवंश रास के निर्विरोध उपसभापति चुने गए

**नई दिल्ली।** मनोनीत सदस्य हरिवंश को शुक्रवार को राज्यसभा का उपसभापति निर्विरोध निर्वाचित किया गया। पत्रकारिता से राजनीति में आए हरिवंश का यह उपसभापति के रूप में तीसरा कार्यकाल है। हरिवंश के निर्वाचन के लिए केंद्रीय मंत्री और सदन के नेता जेपी नड्डा ने एक प्रस्ताव पेश किया और और एस फांग्नोन कोन्याक ने प्रस्ताव का समर्थन किया। प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित किए जाने के बाद हरिवंश तीसरी बार उपसभापति चुने गए। उपसभापति पद के लिए हरिवंश के पक्ष में कुल पांच प्रस्ताव पेश किए गए।

### एअर इंडिया के पायलट के पास से गांजा बरामद अमेरिका ने वापस भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली से अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को जाने वाली एक उड़ान में यात्री के तौर पर सफर करने वाले एअर इंडिया के एक पायलट के पास गांजा बरामद किया गया, जिसके बाद अमेरिका ने उन्हें वापस भेज दिया। विमानन कंपनी के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा, हमारे चालक दल के एक सदस्य एक आगामी उड़ान के संचालन के लिए 14 अप्रैल को दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को पहुंचे थे, जिन्हें स्थानीय कानूनों के अनुसार प्रवेश के लिए अयोग्य पाया गया और वापस भारत भेज दिया गया।

# प्रदेश में नई तबादला नीति लागू करने की तैयारी

- कैबिनेट में पेश होगा प्रस्ताव सेटिंग-ट्रांसफर पर लगाम दंपती व दिव्यांगों को राहत
- पारदर्शी सिस्टम की तैयारी संदिग्ध छवि वाले अफसरों को नहीं मिलेंगे संवेदनशील पद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में तबादलों को लेकर लंबे समय से बनी असहज स्थिति और भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच योगी सरकार नई तबादला नीति लागू करने की तैयारी में है। सूत्रों के अनुसार इस नीति को इसी महीने कैबिनेट में पेश किया जा सकता है। इसके लागू होते ही लाखों सरकारी कर्मचारियों पर सीधा असर पड़ेगा।

नई नीति का सबसे बड़ा फोकस कर्मचारियों के पारिवारिक संतुलन और मानवीय पहलुओं पर रखा गया है। इसके तहत सरकारी सेवा में कार्यरत पति-पत्नी को एक ही जिले में तैनाती देने को प्राथमिकता दी जाएगी या उनकी पसंद के अनुसार पोस्टिंग का विकल्प दिया जाएगा। लंबे समय से अलग-अलग जिलों में तैनात दंपत्तियों की समस्याओं को देखते हुए इसे बड़ा राहत कदम माना जा रहा है। दिव्यांग कर्मचारियों के लिए भी सरकार विशेष प्रावधान ला रही है। प्रस्तावित नीति के अनुसार 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले कर्मचारियों के तबादले नहीं किए जाएंगे।

अन्य दिव्यांग कर्मियों को मनचाही पोस्टिंग का विकल्प मिलेगा। वहीं जिन कर्मचारियों के परिवार में गंभीर दिव्यांग आश्रित हैं, उन्हें भी विशेष प्राथमिकता देने की तैयारी है। प्रशासनिक सुधार के लिहाज से भी नीति में कई अहम बदलाव प्रस्तावित हैं। समूह 'क' के अधिकारियों को उनके गृह जिले में तैनाती नहीं दी जाएगी। यदि पद मंडल स्तर का है तो गृह मंडल में भी पोस्टिंग से बचा जाएगा। जिन कर्मचारियों की सत्यनिष्ठा संदिग्ध पाई गई है, उन्हें संवेदनशील पदों से दूर रखा जाएगा। सरकार तबादला प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने की दिशा में भी काम कर रही है, ताकि सिफारिश और 'सेटिंग' के आरोपों पर लगाम लगाई जा सके। नई नीति को प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा सुधार माना जा रहा है, जिससे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ने के साथ-साथ सिस्टम में जवाबदेही भी मजबूत होगी।

### नई तबादला नीति की मुख्य बातें

- पति-पत्नी को एक ही जिले में तैनाती की प्राथमिकता
- 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग कर्मचारियों के तबादले नहीं होंगे
- अन्य दिव्यांग कर्मियों को मनचाही पोस्टिंग का विकल्प
- दिव्यांग आश्रित वाले कर्मचारियों को विशेष राहत
- समूह 'क' अधिकारियों की गृह जिले/ मंडल में पोस्टिंग पर रोक
- संदिग्ध छवि वाले अफसरों को संवेदनशील पद नहीं
- ट्रांसफर प्रक्रिया को पारदर्शी और सिस्टम आधारित बनाने की तैयारी

# राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश

- कथित दोहरी नागरिकता के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने दिया आदेश

विधि संवाददाता, लखनऊ

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ कथित दोहरी नागरिकता मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद राज्य सरकार चाहे तो मामले की जांच किसी केंद्रीय जांच एजेंसी से भी करवा सकती है।

यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने कर्नाटक निवासी याची एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याची ने 28 जनवरी 2026 को विशेष कोर्ट, एमपी-एमएलए, लखनऊ द्वारा पारित उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग को खारिज कर दिया गया था। विशेष न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि नागरिकता से जुड़े विवाद पर निर्णय देना उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। इसी के विरुद्ध याची ने हाईकोर्ट का रुख किया था । याची ने राहुल गांधी पर भारतीय न्याय संहिता, आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, विदेशी अधिनियम तथा पासपोर्ट अधिनियम के तहत विभिन्न गंभीर आरोप लगाए हैं और मामले की विस्तृत जांच की मांग की है। उल्लेखनीय है कि यह शिकायत पहले रायबरेली की विशेष न्यायालय में दायर की गई थी। बाद में याचिकाकर्ता के अनुरोध पर 17 दिसंबर 2025 को उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने इस प्रकरण को रायबरेली से लखनऊ स्थानांतरित कर दिया था। इसके बाद 28 जनवरी 2026 को लखनऊ की विशेष न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी थी, जिसके खिलाफ अब उच्च न्यायालय ने यह आदेश पारित किया है।



# एशिया के नए 'किंग' बने गौतम अडानी

### ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स



- रिलायंस समूह के चेयरमैन मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ा
- अदाणी की कुल संपत्ति 92.6 अरब डॉलर आंकी गई

**नई दिल्ली।** उद्योगपति गौतम अडानी रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. के प्रमुख मुकेश अंबानी को पीछे छोड़कर एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। यह बदलाव उनके बंदरगाह से ऊर्जा क्षेत्र तक फैले समूह के शेयर में लगातार तेजी के कारण उनकी संपत्ति में हुई वृद्धि के कारण हुआ है।

एशिया के अमीर व्यक्तियों की ताजा रैंकिंग के अनुसार, अडानी की कुल संपत्ति 92.6 अरब डॉलर है, जबकि अंबानी की संपत्ति 90.8 अरब डॉलर आंकी गई है। इस तरह अडानी अब भारत और एशिया दोनों में सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। अडानी बंदरगाह नेटवर्क और देश के सबसे बड़े नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादक और निजी हवाई अड्डा संचालक करते हैं। वह वर्तमान में 'ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स' में 19वें स्थान पर हैं। यह दुनिया के 500 सबसे अमीर व्यक्तियों की सूची है।

# सुप्रीम कोर्ट ने पवन खेड़ा को राहत देने से किया इन्कार

- असम की अदालत का रुख करने को कहा

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी पर लगाए गए आरोपों को लेकर उनके खिलाफ दर्ज मामले में 20 अप्रैल तक गिरफ्तारी से संरक्षण देने का अनुरोध किया था। शीर्ष अदालत ने खेड़ा से कहा कि वह इस मामले में अग्रिम जमानत के लिए असम की सक्षम अदालत का रुख करें। उसने स्पष्ट किया कि राज्य की अदालत खेड़ा की याचिका पर बिना किसी प्रतिकूल टिप्पणी पर ध्यान दिए सुनवाई करेगी, चाहे वह इस न्यायालय द्वारा की गई हो या तेलंगाना उच्च न्यायालय द्वारा।

# हनुमंत विहार में रिटायर्ड दरोगा के बेटे ने दुकानदार को मार डाला

- मामूली विवाद बना जानलेवा हमला, मोबाइल चोरी के शक में हुई युवक की हत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

कानपुर कमिश्नरेट के हनुमंत विहार क्षेत्र में मोबाइल चोरी के शक में हुए विवाद ने जानलेवा रूप ले लिया। रिटायर्ड दरोगा के बेटे ने परचून दुकानदार को पीट दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। सिर में गंभीर चोट लगने से अचेत हो गया। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने आरोपित युवक को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हनुमंत विहार निवासी माया देवी अपने 40 वर्षीय बेटे विकास उर्फ सोनू के साथ रहती थीं। सोनू घर पर ही परचून की दुकान चलाता था। पत्नी 11 वर्ष पहले छोड़कर चली गई थी। माया देवी के अनुसार शुक्रवार दोपहर सोनू ने घर आकर बताया कि उसका मोबाइल चोरी हो गया है। उसने पास में रहने वाले रिटायर्ड दरोगा के बेटे कपिल यादव पर शक जताया। इसी दौरान कपिल घर के बाहर से निकला। सोनू ने उससे मोबाइल लौटाने को कहा तो वह उग्र हो गया। चेहरे पर ताबड़तोड़ मुक्के मारने लगा। एक मुक्का नाक पर लगते ही सोनू सिर के बल जमीन पर गिर पड़ा। गिरते ही अचेत हो गया। मां चीखती रही, लेकिन आरोपित नहीं माना। शोर सुनकर पड़ोसी जुटे। तब वह मौके से भाग निकला। परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मां ने बताया कि आरोपित आए दिन बेटे से शराब के लिए रुपये खर्च कराता था। शुक्रवार को भी दोनों ने साथ बैठकर शराब पी थी। इसी दौरान मोबाइल चोरी का विवाद हुआ और मारपीट हो गई। हनुमंत विहार एसओ राजीव सिंह ने बताया कि मारपीट के दौरान गिरने से युवक की मौत की बात सामने आई है। आरोपित को हिरासत में लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जनता दर्शन

### मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में 200 लोगों की सुनीं समस्याएं, इलाज-आवास और शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के दिए निर्देश

# जन समस्याओं का त्वरित समाधान करें अधिकारी : योगी

राज्य ब्यूरो, गोरखपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन जनता दर्शन में आम लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि हर शिकायत पर त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री स्वयं लोगों के पास पहुंचे, उनके प्रार्थना पत्र लिए और समस्याओं का संज्ञान लिया।

इसके बाद उन्होंने संबंधित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए निर्देशित किया कि सभी मामलों का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिपरक तरीके से किया जाए। मुख्यमंत्री ने जनता को भरोसा दिलाते हुए कहा कि घबराइए मत, सरकार आपकी हर समस्या का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करेगी। जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर पहुंचे। इस पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा।



गोरखपुर : गोरखनाथ मंदिर में लोगों की शिकायतें सुनते मुख्यमंत्री योगी।

### मुख्यमंत्री ने पात्र लाभार्थियों को शीघ्र योजना का लाभ देने के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जरूरतमंदों के उपचार के लिए तत्काल एस्टीमेट तैयार कराकर उपलब्ध कराया जाए, ताकि सरकार शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान कर सके। इसके अलावा कुछ महिलाओं ने आवास की समस्या रखी, जिस पर मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि पात्र लोगों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के तहत पक्का घर उपलब्ध कराया जाएगा। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ऐसे सभी पात्र लाभार्थियों को चिह्नित कर शीघ्र योजना का लाभ दिलाया जाए। मुख्यमंत्री के इस रुख से स्पष्ट है कि सरकार जन समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और प्रशासनिक तंत्र को भी इसी दिशा में सक्रिय किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### पश्चिम बंगाल में योगी आज करेंगे जनसभाएं और रोडशो

**अमृत विचार, लखनऊ :** पश्चिम बंगाल के चुनावी परिदृश्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मांग तेजी से बढ़ती नजर आ रही है। तीन-तीन विधानसभाओं में हुई उनकी चुनावी सभाओं में उमड़ी भारी भीड़ ने न सिर्फ टीएमसी की मुश्किलें बढ़ाई हैं। पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में शनिवार को एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे कूच बिहार जिले की माथाभांगा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वे जलपाईगुड़ी जिले की धूपगुड़ी विधानसभा पहुंचेंगे, जहां दोपहर 1:20 बजे जनसभा को संबोधित कर भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में माहौल बनाएंगे। दिन के अंतिम चरण में मुख्यमंत्री का फोकस बांकुरा जिले पर रहेगा, जहां शाम 4:15 बजे उनका रोड शो प्रस्तावित है। जंगलमहल क्षेत्र के इस अहम जिले में रोड शो के जरिए शक्ति प्रदर्शन की व्यापक तैयारी की गई है।

### बिल्डरों के ऑफरों से सतर्क रहें खरीदार

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. विनियामक प्राधिकरण ने घर खरीदारों को बिल्डरों द्वारा दिए जाने वाले अशोर्ड रिटर्न और पजेशन से पहले निश्चित मासिक किराया जैसी भ्रामक प्रचार योजनाओं के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी है। स्पष्ट किया कि बिल्डरों द्वारा दिए जा रहे ऐसे ऑफर्स की कोई कानूनी वैधता नहीं है। खरीदार सतर्क और सोच-समझकर निवेश करें। रेरा ने देखा है कि कुछ रियल एस्टेट बिल्डर अब भी आकर्षक विज्ञापनों के माध्यम से लोगों को लुभा रहे हैं। इसके अलावा, फ्री कार, सोने के सिक्के और लग्जरी विदेशी यात्राएं जैसे ऑफर्स भी दिए जा रहे हैं। अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने स्पष्ट किया है कि प्राधिकरण लगातार इस क्षेत्र की निगरानी कर रहा है। ऐसे मामलों में जुर्माना, दंड या अन्य कार्रवाई की जा सकती है।

# सुरक्षा, जांच और आतंकवाद-रोधी इकाइयों को 600 करोड़

## आधुनिक पुलिसिंग, तेज जांच और कानून-व्यवस्था सुधार पर प्रदेश सरकार का फोकस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सुरक्षा, एसटीएफ, एटीएस, जांच, विशेष अनुसंधान व शोध इकाइयों को मिला बड़ा बजट

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पुलिस विभाग को मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। गृह विभाग ने करीब 600 करोड़ रुपये की धनराशि पुलिस महानिदेशक को दी है। यह निवेश सीधे तौर पर आम जनता की सुरक्षा और भरोसे को मजबूत करेगा।

यह बजट पुलिस की विभिन्न इकाइयों जैसे स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ), आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस), सुरक्षा शाखा, विशेष अनुसंधान दल और इंडिया रिजर्व वाहिनी के संचालन, वेतन और तकनीकी सुदृढ़ीकरण पर खर्च होगा। शासनादेशों के अनुसार, सबसे अधिक धनराशि सुरक्षा शाखा को करीब 181 करोड़ रुपये, जबकि एसटीएफ को 124 करोड़ रुपये और इंडिया रिजर्व वाहिनी के गठन के लिए 110 करोड़ रुपये दिए गए हैं। इसके अलावा एटीएस को लगभग 88 करोड़, स्पेशल पुलिस ऑपरेशन टीम को 69 करोड़ और विशेष अनुसंधान व शोध इकाइयों को भी अलग-अलग मदों में बजट आवंटित किया गया है।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह धनराशि सीधे खर्च के लिए नहीं होगी, बल्कि वित्तीय नियमों और स्वीकृतियों के तहत ही उपयोग की जा सकेगी। साथ ही, व्यय में पारदर्शिता, मितव्ययिता और किसी भी प्रकार की अनियमितता से बचाव के लिए सख्त निर्देश भी जारी किए गए हैं।

### किसे कितनी मिली धनराशि

| इकाई / विभाग | स्वीकृत धनराशि |
|---|---|
| इंडिया रिजर्व वाहिनी | 1,10,38,63,000 |
| स्पेशल पुलिस ऑपरेशन टीम | 69,57,17,000 |
| सुरक्षा शाखा | 1,81,57,55,000 |
| स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) | 1,24,10,17,000 |
| आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) | 88,84,43,000 |
| विशेष अनुसंधान दल | 17,42,41,000 |
| शोध एवं सांख्यिकी इकाई | 7,85,68,000 |

कुल अनुमानित आवंटन : 5,99,75,04,000 (लगभग 600 करोड़ रुपये)



इन आवंटनों से साफ है कि सरकार का फोकस कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने पर है। विशेष रूप से एसटीएफ, एटीएस और अनुसंधान इकाइयों का बजट बढ़ाकर संगठित अपराध, आतंकवाद और जटिल मामलों की जांच को तेज और प्रभावी बनाने की रणनीति अपनाई गई है। शोध एवं सांख्यिकी इकाई, फिंगरप्रिंट ब्यूरो और स्पेशल ऑपरेशन टीम को मिले बजट से पुलिसिंग में तकनीक और वैज्ञानिक तरीकों का इस्तेमाल बढ़ेगा। इससे न केवल अपराधों की जांच की गुणवत्ता सुधरेगी, बल्कि आम जनता को भी बेहतर और तेज सुरक्षा सेवाएं मिल सकेंगी।

# हज यात्रा की लखनऊ से पहली उड़ान 22 को

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मंत्री दानिश आजाद अंसारी दिखाएंगे हरी झंडी

**अमृत विचार :** अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज व समिति के अध्यक्ष दानिश आजाद अंसारी शुक्रवार को सरोजनीनगर स्थित मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस में उप्र. राज्य हज समिति की बैठक कर रहे थे। बैठक में हज यात्रियों की सुविधाओं और प्रबंधन से जुड़ी तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। साथ ही यात्रियों के हित में आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए।

सचिव-कार्यपालक अधिकारी एसपी तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि लखनऊ से हज की पहली उड़ान 22 अप्रैल को फ्लाईनास एयरलाइंस के माध्यम से रवाना होगी। इसके पहले हज हाउस में सुबह 7 बजे एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मंत्री दानिश आजाद अंसारी, हज समिति के सदस्य, मुस्लिम धर्मगुरु और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के बाद पहले जत्थे को लेकर जाने वाली बस को मंत्री व अन्य अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

# 203 संविदाकारों के लाइसेंस हुए निरस्त, 24 कारखानों पर कार्रवाई

## नोएडा में श्रम कानून के उल्लंघन पर योगी सरकार का बड़ा एक्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/नोएडा

- 1.16 करोड़ की पेनल्टी नोटिस उद्योगों में 21% वेतन वृद्धि लागू

**अमृत विचार:** प्रदेश में श्रमिकों के अधिकारों को लेकर योगी सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा कार्रवाई अभियान चलाया है। गौतमबुद्धनगर में श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वाले 24 कारखानों से जुड़े 203 संविदाकारों के लाइसेंस निरस्त करके काली सूची डालने के साथ 1.16 करोड़ की पेनल्टी वसूली की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

अपर श्रमायुक्त राकेश द्विवेदी के अनुसार, हालिया घटनाओं में श्रमिकों के हितों की अनदेखी और नियमों के उल्लंघन के मामले सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई है। जिन संविदाकारों ने श्रमिकों को उनके देय भुगतान और वैधानिक लाभ नहीं दिए, उनके खिलाफ 1 करोड़ 16 लाख 5 हजार 67 रुपये की पेनल्टी का नोटिस जारी किया गया है, जिसे श्रमिकों को भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि श्रमिकों के अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। जिन संविदाकारों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है, उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और वसूली की कार्रवाई भी की जाएगी। साथ ही अन्य दोषी संविदाकारों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई जारी रहेगी। श्रमिकों के वेतन को लेकर भी बड़ा निर्णय लिया गया है। शासन स्तर पर गठित उच्च स्तरीय समिति की संस्तुति के आधार पर गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद में 74 अनुसूचित नियोजनों के श्रमिकों के वेतन में 21 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। यह वृद्धि 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी और इसका भुगतान मई माह में किया जाएगा।

सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि ईपीएफ और ईएसआई के अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार की कटौती मान्य नहीं होगी। ओवरटाइम का भुगतान दोगुनी दर से किया जाएगा और बोनस व ग्रेच्युटी जैसे सभी वैधानिक लाभ सुनिश्चित किए जाएंगे।

### उद्यमी संगठनों की भी पहल

- औद्योगिक इकाइयों से न्यूनतम वेतन वृद्धि लागू करने की अपील
- व्हाट्सएप ग्रुप्स के जरिए संदेश, ऑडियो-वीडियो प्रसारित
- शासन की गाइडलाइंस के पालन को लेकर जागरूकता अभियान
- औद्योगिक सौहार्द और शांति बनाए रखने में सहयोग



लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात करती फिल्म कृष्णावतारम की टीम। अमृत विचार

# योगी से मिली फिल्म कृष्णावतारम की टीम, मथुरा से ट्रेलर लांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में फिल्म निर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में एक और सकारात्मक संकेत सामने आया है। फिल्म 'कृष्णावतारम पार्ट-1 : द हार्ट' की टीम ने शुक्रवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान फिल्म के निर्देशक हार्दिक गज्जर, निर्माता सज्जन राजगुरु, अभिनेता सिद्धार्थ गुप्ता और अभिनेत्री संस्कृति जयना मौजूद रहे।

मुलाकात के दौरान फिल्म की थीम, निर्माण और इसके संदेश को लेकर मुख्यमंत्री से विस्तार से चर्चा की गई। कलाकारों ने बताया कि फिल्म का ट्रेलर भगवान कृष्ण की नगरी मथुरा से लांच किया गया है और वे अपनी इस यात्रा की शुरुआत उत्तर प्रदेश से करना चाहते थे, इसलिए मुख्यमंत्री का आशीर्वाद लेने पहुंचे। यह फिल्म भारतीय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित है, जिसे आधुनिक तकनीक और भव्यता के साथ प्रस्तुत किया गया है। निर्माताओं के अनुसार 'कृष्णावतारम' 7 मई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मुलाकात के दौरान उत्तर प्रदेश में फिल्म निर्माण की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई।

# सपा प्रतिनिधिमंडल को नोएडा जाने से रोका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हाउस अरेस्ट करने का किया गया प्रयास

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर नोएडा जा रहे सपा प्रतिनिधिमंडल को पुलिस द्वारा रास्ते में ही रोक लिया गया। जिसके बाद नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय समेत प्रतिनिधिमंडल के सभी नेता निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पीड़ित मजदूरों के पास नहीं पहुंच सके।

सपा के प्रतिनिधिमंडल में नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में नोएडा, गौतमबुद्ध नगर में पीड़ित श्रमिकों से मिलने एवं उनकी समस्याओं को जानने के लिए रवाना हुआ, प्रतिनिधिमंडल में कमाल अख्तर, सुधीर भाटी, आश्रय गुप्ता, शाहिद मंजूर, अतुल प्रधान, पंकज कुमार मलिक, प्रशांत यादव, राज कुमार भाटी एवं सुनील चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि पार्टी इस तरह की दमनकारी नीतियों के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रस्थान से पूर्व पुलिस प्रशासन द्वारा इन सभी नेताओं को उनके आवास पर ही नजरबंद करने का प्रयास किया गया, किंतु सभी नेता अधिकारों का प्रयोग करते हुए अपने-अपने आवासों से निकलकर नोएडा के लिए रवाना हुए थे।



पुलिस टीम के घेरे में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय।

### रास्ते में रोके गए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** नोएडा पुलिस के साथ झड़प से घायल जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्धनगर के अध्यक्ष दीपक चोटीवाला का कुशलक्षेम जानने जा रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को पुलिस ने रास्ते में रोक दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि एक जनप्रतिनिधि और राजनीतिक दल के प्रदेश अध्यक्ष को अपने ही कार्यकर्ता से मिलने से रोकना बेहद निंदनीय और अलोकतांत्रिक कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने और जनसरोकार के मुद्दों से ध्यान भटकाने का काम कर रही है। अजय राय ने पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि प्रशासन को सत्ता के दबाव में आकर कार्य नहीं करना चाहिए।

# आजमगढ़ और बदायूं में पर्यटन विकास को करोड़ों की सौगात

**अमृत विचार, लखनऊः** राज्य सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में आजमगढ़ और बदायूं जिलों के लिए बड़ी धनराशि मंजूर की है। आजमगढ़ में 11 परियोजनाओं के लिए कुल 889.77 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 617 लाख रुपये जारी कर दिए गए हैं। इन परियोजनाओं के तहत सगड़ी, मुबारकपुर, लालगंज, सदर, निजामाबाद, फूलपुर, पवई, दीदारगंज और गोपालपुर क्षेत्रों के प्राचीन धार्मिक स्थलों का विकास किया जाएगा। प्रमुख स्थलों में साल्हेपुर का शिव मंदिर, कठियांव का हनुमान मंदिर, ब्रह्म बाबा स्थल और दुर्वासा ऋषि आश्रम शामिल हैं। इसके अलावा दत्तात्रेय आश्रम, गढ़वा हनुमान मंदिर, बधवा महादेव पातालपुरी मंदिर और तेजवर बाबा मंदिर का भी जीर्णोद्धार होगा।

वहीं बदायूं जिले में छह परियोजनाओं के लिए 22.36 करोड़ रुपये की स्वीकृति के सापेक्ष 3.34 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। इन कार्यों के लिए उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम को कार्यदायी संस्था बनाया गया है। यहां सहस्त्रबाहु तीर्थ, तपोसिद्ध बाबा की गढ़ी, बाबा देवासदास मंदिर, लभारी का श्रीराम मंदिर और बहादुर सिंह हनुमान बाबा आश्रम का विकास किया जाएगा।

# फेंसेडिल तस्करी: सरगना शुभम के पिता एक वर्ष के लिए निरुद्ध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शुभम जायसवाल के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी

**अमृत विचार:** फेंसेडिल कफ सिरप तस्करी मामले में सोनभद्र पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गिरोह के सरगना शुभम जायसवाल के पिता भोला प्रसाद जायसवाल को पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत एक वर्ष के लिए निरुद्ध कर दिया है। शासन ने पुलिस के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है, जबकि सरगना शुभम जायसवाल के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है और उसे भगोड़ा घोषित करने की प्रक्रिया जारी है।

एसपी अभिषेक वर्मा के मुताबिक, नशीले पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए यह कार्रवाई की गई है। 15 अप्रैल 2026 से लागू आदेश के तहत भोला प्रसाद को जिला कारागार में रखा जाएगा।

जांच में सामने आया कि भोला प्रसाद कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध डायवर्जन और काले बाजार में बिक्री का अभ्यस्त अपराधी है। गिरोह फर्जी फर्म "शैली ट्रेडर्स" के माध्यम से दवाओं की फर्जी बिलिंग कर बड़ी मात्रा में कफ सिरप हासिल करता था। इसके बाद इसे अवैध रूप से बांग्लादेश तक भेजा जाता था, जिससे भारी मुनाफा कमाया जाता था।

मामले की जांच उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स कर रही है। पुलिस अब गिरोह की संपत्तियों को कुर्क करने की तैयारी में जुटी है और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

# वकीलों की बीमा योजना पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार से जवाब मांगा

**विधि संवाददाता, लखनऊः** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रदेश के वकीलों के लिए बीमा योजना और आर्थिक सहायता बढ़ाने के मुद्दे पर राज्य सरकार के विधि विभाग से जवाब मांगा है।

न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान अवध बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि वकीलों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता बढ़ाने का प्रस्ताव विचाराधीन है। वरिष्ठ अधिवक्ताओं से चर्चा के बाद विस्तृत प्रस्ताव कोर्ट में पेश किया जाएगा। सुनवाई में यह भी बताया गया कि निजी वकीलों के लिए बीमा योजना लागू करने में आर्थिक बाधाएं आ रही हैं। करीब 14 हजार वकीलों के बीमा के लिए प्रति वकील लगभग 4,999 रुपये वार्षिक प्रीमियम देना होगा, जिससे कुल खर्च करीब 7 करोड़ रुपये बैठता है। इतनी बड़ी राशि वहन करना एसोसिएशन के लिए फिलहाल संभव नहीं है। मामले की अगली सुनवाई 12 मई 2026 को निर्धारित की गई है।

# सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा आज से, सख्त इंतजाम

- 53 परीक्षा केंद्रों पर दो दिन 4 पालियों में होगी परीक्षा
- आयोग के अध्यक्ष ने की समीक्षा सीसीटीवी से निगरानी

**अमृत विचार, लखनऊः** सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 18 और 19 अप्रैल को चार पालियों में आयोजित होने वाली इस परीक्षा के लिए उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने व्यापक इंतजाम किए हैं।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने प्रदेश के 6 प्रमुख जिलों आगरा, मेरठ, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी और गोरखपुर के 53 परीक्षा केंद्रों की तैयारियों की गहन समीक्षा की। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी परीक्षा कक्षों और महत्वपूर्ण स्थानों को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है, जिन्हें जिला कंट्रोल रूम और आयोग के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जोड़ा गया है। हर जिले में आयोग के एक-एक सदस्य को प्रेक्षक के रूप में तैनात किया गया है। साथ ही जिला प्रशासन और पुलिस की टीमें लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेंगी। केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू रहेगी और पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

योगी सरकार के निर्देशों के तहत संदिग्ध और असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। नकल कराने या परीक्षा की निष्पक्षता प्रभावित करने वालों के खिलाफ कड़े कानूनी कदम उठाए जाएंगे। आयोग ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे समय से परीक्षा केंद्र पहुंचें और प्रवेश पत्र में दिए गए निर्देशों का पालन करें।

आयोग ने परीक्षा को लेकर प्रसारित हो रही भ्रामक खबरों का खंडन किया है। अभ्यर्थियों को किसी भी अफवाह से बचते हुए केवल आयोग की आधिकारिक वेबसाइट www.upessc.up.gov.in एवं ''X'' हैंडल @upesscprayagraj पर सूचनाओं के संबंध में पुष्टि करने की सलाह दी गई है।

# महिला आरक्षण बिल के बहाने परिसीमन लाना चाहती थी सरकार : अखिलेश यादव



**अमृत विचार, लखनऊः** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के फैसलों को समझना और भी मुश्किल है। जब लोगों से कहा गया कि एसआईआर होगी, जिसमें वोटों का कटना रोका जाएगा। तब यूपी में देखा गया कि वह एसआईआर के बहाने एनआरसी करने लगे। जब भविष्य में एनआरसी करेंगे तो कौन से नए कागज मांगेंगे।


संसद परिसर में पत्रकारों से वार्ता करते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि महिला आरक्षण के बहाने अपनी मनमर्जी परिसीमन करके लोकसभा बनाना चाहते हैं ताकि वे कभी हारे नहीं। उन्होंने कहा कि हम लोग महिलाओं के खिलाफ नहीं हैं। अब सरकार कह रही है, घर गिने जा रहे हैं, हमें क्यों नहीं गिना जा रहा है। जानवरों को गिना जा रहा है। आदमियों को नहीं गिना जा रहा है। जनगणना होगी तो जातीय जनगणना की मांग भी होगी।

पहल | शरीर, मन, बुद्धि और भावनाओं के संतुलित विकास की दिशा में बड़ा कदम

# पंचकोश पाठ्यक्रम से गढ़े जाएंगे नौनिहाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नई शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम, खेल-गतिविधि आधारित सीखने पर जोर



**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार बालवाटिका को केवल प्रारंभिक शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि भविष्य के सक्षम, संवेदनशील और सृजनशील नागरिकों के निर्माण की पहली प्रयोगशाला के रूप में विकसित कर रही है। 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए तैयार नया पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है, जिसमें भारतीय ज्ञान परंपरा के 'पंचकोश' सिद्धांत को आधुनिक शिक्षा से जोड़ा गया है।

इस पाठ्यक्रम में अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनंदमय कोष की अवधारणा को बाल विकास के पांच प्रमुख आयामों से जोड़ा गया है। इसके तहत शारीरिक, भाषा एवं साक्षरता, संज्ञानात्मक, सामाजिक-भावनात्मक एवं नैतिक तथा सौंदर्यबोध विकास को केंद्र में रखा गया है। इससे बच्चों के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) ने इस नई व्यवस्था के लिए 'चहक', 'कदम' और 'कलांकुर' जैसी पुस्तकों और गतिविधि आधारित सामग्री विकसित की है। इनमें वर्कबुक, चित्रकथा, संख्या ज्ञान, कला और संगीत से जुड़ी सामग्री शामिल है, जो खेल और अनुभव आधारित शिक्षण पद्धति को बढ़ावा देती है।

इस पहल का उद्देश्य बच्चों के व्यक्तित्व के हर पहलू को संतुलित रूप से विकसित करना है, ताकि उनकी सीखने की नींव मजबूत हो सके। बच्चों को कहानी, संवाद, चित्रकला और समूह गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर दिया जा रहा है, जिससे वे बिना दबाव के भाषा और संख्यात्मक दक्षताओं के साथ-साथ सामाजिक व्यवहार भी विकसित कर सकें। पाठ्यक्रम में शारीरिक विकास के लिए खेलकूद, भाषा विकास के लिए संवाद आधारित गतिविधियां, संज्ञानात्मक विकास के लिए जिज्ञासा आधारित सीखने की प्रक्रिया, सामाजिक एवं नैतिक विकास के लिए समूह सहभागिता और सौंदर्यबोध के लिए रचनात्मक गतिविधियों को शामिल किया गया है।

# प्रदेश में हरी खाद को बढ़ावा देगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- खरीफ-2026 में 4 लाख मिनीकिट और 45 हजार क्विंटल ढैंचा बीज मुफ्त
- कृषि मंत्री ने खरीफ सीजन की तैयारियों की समीक्षा की

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार रासायनिक खाद पर निर्भरता कम करने और मृदा स्वास्थ्य सुधारने के लिए अब हरी खाद को बढ़ावा देने जा रही है। इसी कड़ी में खरीफ-2026 सीजन के लिए 45 हजार क्विंटल ढैंचा बीज और 4 लाख निःशुल्क मिनीकिट किसानों को वितरित किए जाएंगे।

विधान भवन में शुक्रवार को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने हरी खाद के उपयोग को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए सभी तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए। कहा कि इससे न सिर्फ मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी, बल्कि फसलों की उत्पादकता में भी सुधार होगा।



कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही

सरकार द्वारा वितरित किए जाने वाले मिनीकिट में ढैंचा, मक्का, उड़द, ग्वार, भिंडी, लोबिया और ज्वार के बीज शामिल होंगे। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि बीज वितरण के लिए पोर्टल को जल्द शुरू किया जाए। खरीफ-2026 के लिए इस बार बीज वितरण का लक्ष्य भी बढ़ाया गया है। सभी फसलों के लिए कुल 2.33 लाख से अधिक वितरण लक्ष्य तय किया गया है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले काफी अधिक है। इसमें धान, दलहन, तिलहन और बाजरा के साथ-साथ 'श्री अन्न' के तहत रागी, कोदो और सावा को भी शामिल किया गया है।

### गन्ना बीज की डिजिटल ट्रैकिंग से राहत

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में गन्ना किसानों को बेहतर बीज उपलब्ध कराने के लिए सरकार डिजिटल पहल करने जा रही है। गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग एक मोबाइल ऐप तैयार कर रहा है, जिससे बीज की ट्रैकिंग शोध केंद्र से लेकर किसानों के खेत तक की जा सकेगी। एडिशनल केन कमिश्नर वीके शुक्ला के अनुसार, 'सीड ट्रेस एंड ट्रैक' सिस्टम से बीज वितरण में पारदर्शिता आएगी और कालाबाजारी पर रोक लगेगी। किसान ऐप के जरिए बीज की उपलब्धता जान सकेंगे और अपनी मांग दर्ज कर पाएंगे। यह ऐप उत्तर प्रदेश रिमोट सेंसिंग एप्लिकेशन सेंटर और भास्कराचार्य नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस एप्लिकेशंस एंड जियो-इन्फॉर्मेटिक्स के सहयोग से पीएम गति शक्ति योजना के तहत विकसित हो रहा है। इससे प्रदेश के करीब 46.5 लाख गन्ना किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पराली में लगी आग एसडीएम ने मांगी रिपोर्ट

**रसूलाबाद।** ग्राम बुझवा में खेतों में कटे पड़े गेहूं के अवशेषों में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इसकी सूचना पाकर थाना प्रभारी अपने हमराहियों व दमकल कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आकर बुझवा निवासी किसान किशन कुमार के लगभग 6 बीघा खेतों में गेहूं के कटे पड़े अवशेष जलकर खाक हो गए जब कि आनंद कुमार, प्रवेश कुमार यादव व कुछ अन्य किसानों के गेहूं के कटे पड़े अवशेष आग लगने से जलकर खाक हो गए। किसानों ने इसकी सूचना तहसील अधिकारियों को दी है। एसडीएम सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि आग लगने की सूचना मिली है। मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल को क्षति आकलन हेतु भेजा गया है। क्षति आख्या रिपोर्ट मिलने पर उसे झींझक मंडी समिति भेजकर किसानों को विधिक आर्थिक सहायता दिलवाई जाएगी।

### करंट से 5 मवेशी मरे

**कानपुर देहात।** डेरापुर थाना क्षेत्र के कपासी गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। गांव से गुजर रही 11 केवीए की बिजली लाइन का तार अचानक टूटकर नीचे आ गिरा। इसकी चपेट में आकर पांच मवेशियों की मौत हो गई जब कि एक पशु घायल है। कपासी गांव निवासी किसान राजेश, महेश और महावीर के मवेशी घर के पास बंधे थे। इसी दौरान हाइटेंशन लाइन का तार टूटकर नीचे गिर गया। करंट की चपेट में आने से पांच मवेशियों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। मृत मवेशियों में चार गाय और एक भैंस बताई जा रही है। घटना के बाद किसानों में आक्रोश दिखा।

### हाट केंद्रों पर हुई एक हजार क्विंटल गेहूं की खरीद

**शिवली।** मैथा तहसील के राजकीय हाट केंद्र के दो खरीद केंद्र पर गेहूं की खरीद तेजी से हो रही है। किसान अपने गेहूं बिक्री के लिए पहुंच रहे है। बीस दिनों में एक हजार कुंतल खरीद हो चुकी है। राजकीय हाट केंद्र के खरीद केंद्र प्रभारी प्रतिमा ने बताया कि किसानों गेहूं की खरीद की जा रही है। किसानों को फार्मर रजिस्ट्री करानी है। एसडीएम राजकुमार पांडेय ने बताया कि जब कि पूर्व के सालों में सत्यापन होता था। इस बार नही होगा।

### सीएम माटीकला ग्रामोद्योग रोजगार योजना में करें आवेदन

**कानपुर देहात।** जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी अखिलेश अग्निहोत्री ने बताया कि माटीकला बोर्ड के अंतर्गत मुख्यमंत्री माटीकला ग्रामोद्योग रोजगार योजना संचालित की गई है। इसमें वर्ष–2026–27 के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदक की पात्रता में उसकी उम्र–18–55 वर्ष के बीच होनी चाहिए जब कि शैक्षिक योग्यता–8वीं पास है। योजना के तहत अधिकतम प्रोजेक्ट कास्ट सीमा 10 लाख है। इसमें लाभार्थी को प्रोजेक्ट कास्ट का स्वयं अंशदान पांच प्रतिशत होगा तथा इस योजना में लाभार्थी का पूंजीगत धनराशि पर 25 प्रतिशत मार्जिन मनी के रूप में अनुदान स्वरूप दी जाएगी।

### रोजगार योजना के तहत ले सकते दस लाख तक का ऋण

**कानपुर देहात।** जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के व्यक्तिगत उद्यमियो को 10 लाख रूपए तक की वित्तीय सहायता बैंको के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। सामान्य वर्ग के लाभार्थी हेतु पूंजीगत (सावधि) ऋण पर बैंक द्वारा प्रभारित ब्याज़ा में से 4 प्रतिशत ब्याज़ उद्यमी द्वारा वहन किया जाएगा। शेष ब्याज का भुगतान ब्याज उपादान के रूप में पांच वर्षों तक प्रतिवर्ष 20 प्रतिशत घटते क्रम में शेष पूंजीगत ऋण पर वित्तपोषण करने वाली बैंक को उपलब्ध कराया जायेगा।

### फरियादियों की सुनी समस्याएं

**कानपुर देहात।** डीएम कपिल सिंह ने शुक्रवार को जनसुनवाई के दौरान जन शिकायतें सुनी। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ताओं को उनके प्रकरण की प्रगति से अवगत कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

## अनधिकृत अल्ट्रेशन कराया तो सजा के साथ हो सकता जुर्माना

**कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात**

**अमृत विचारः** शुक्रवार को एआरटीओ कार्यालय में वाहन डीलरों, मोटर गैराज एवं वर्कशॉप संचालकों के साथ बैठक हुई। एआरटीओ प्रशांत तिवारी व सोमलता यादव ने बैठक में उपस्थित लोगों को मोटरयान अधिनियम, 1988 के प्रासंगिक विधिक प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई।

बैठक में स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया कि मोडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न-हूटर की बिक्री अथवा वाहनों में स्थापना ध्वनि प्रदूषण को बढ़ावा देती है, जो विधि विरुद्ध है। ऐसे मामलों में मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 182 (3) के अंतर्गत संबंधित वर्कशॉप/ गैराज संचालक पर प्रति संघटक एक लाख रुपए तक का जुर्माना अधिरोपित किया जा सकता है। इस जुर्माने के शमन की शक्ति उप परिवहन आयुक्त एवं उनसे उच्च अधिकारियों में निहित है।

बताया गया कि इस धारा के तहत प्रथम अपराध पर तीन माह तक का कारावास अथवा दस हजार तक का जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है। जिन वाहनों में मोडिफाइड साइलेंसर/ध्वनि प्रदूषण उत्पन्न करने वाले उपकरण पाए जाते हैं और जिनका चालान किया गया जाता है, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रामीणों के बीच बैठे सीडीओ, समस्याओं का किया निदान

**कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात**

**अमृत विचारः** शुक्रवार को सीडीओ विधान जायसवाल ने विकासखंड संदलपुर की ग्राम पंचायत खालागांव में 'ग्राम चौपालःगांव की समस्या, गांव में समाधान' कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और उन्होंने पेयजल, सड़क, विधुत, आवास, पेंशन, राशन कार्ड, मनरेगा भुगतान सहित विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों से मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया।



कार्यक्रम के दौरान महिला की गोदभराई करते अधिकारी। अमृत विचार

मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि पात्र लाभार्थी प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय योजना, वृद्धावस्था/विधवा/दिव्यांग पेंशन योजना, मनरेगा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (राशन योजना), स्वच्छ भारत मिशन तथा अन्य विकासपरक योजनाओं का लाभ अवश्य प्राप्त करें।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र व्यक्तियों का सत्यापन कर उन्हें योजनाओं से आच्छादित करने में पूर्ण पारदर्शिता एवं तत्परता बरती जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम में संचालित विकास कार्यों की प्रगति, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क की स्थिति, विद्युत आपूर्ति एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली तथा कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर साफ-सफाई एवं जनसहभागिता बढ़ाने पर विशेष बल देते हुए ग्रामीणों से गांव को स्वच्छ एवं विकसित बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील की। ग्राम चौपाल के अवसर पर सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनमें गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, ग्राम प्रधान एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## दूध व्यापारी के घर चोरों का धावा, लाखों का माल पार

### रनियां थाना क्षेत्र के गांव शिवनाथ पुरवा उमरन की घटना

**संवाददाता, रनियां**

**अमृत विचारः** रनियां थाना क्षेत्र के शिवनाथ पुरवा उमरन गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने दो घरों में धावा बोलकर दो लाख रुपये नकद और लाखों रुपये के कीमती आभूषण पार कर दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस व फील्ड यूनिट ने आवश्यक जांच पड़ताल व साक्ष्य संकलित किए।



कुंडी तोड़कर कमरे के भीतर घुसे चोर। अमृत विचार

शिवनाथ पुरवा निवासी कौशल यादव खेती-बाड़ी के साथ ही दूध का व्यापार करते हैं। बीती रात वह अपनी पत्नी कल्पना व बच्चों के साथ घर की छत पर सो रहे थे। रात में बेख़ौफ़ बदमाश अपने साथ लाई सीढ़ी लगाकर छत पर चढ़े और घर में दाखिल हुए। यहां कमरे में ताला लगा देख कुड़ी काट कर कमरें में घुसे और वहां बक्सों में रखे दो लाख रुपये नकद और सोने की अंगूठियां, चेन, झुमकी, व चांदी की तोडियां चोरी कर रफूचक्कर हो गये। इसके अलावा गांव के ओमप्रकाश यादव के घर में दाखिल हुए चोरों ने बक्सों के ताले तोड़कर उसमें रखे पत्नी के कीमती आभूषण पार कर दिए। ओमप्रकाश की पत्नी का निधन हो गया है और वो बाहर बरामदें में सो रहे थे। सुबह जानकारी पर पहुंचे एस ओ रनियां दिनेश कुमार गौतम ने छानबीन शुरू की। एक साथ दो घरों में हुई चोरी की घटनाओं से गांव में दहशत का माहौल है, जबकि महिलाओं का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस को घर के पीछे सीढ़ी पड़ी मिली है। दूसरी तरफ, चोरों ने गांव के ही श्रीकृष्ण यादव के घर को भी निशाना बनाया और पीछे के रास्ते से घर में दाखिल हुए और एक कमरें की कुंडी तोड़ दी। खट-पट सुनकर घरवाले जाग गये और आवाज लगाई। आहट सुनाई दी और चोर फरार हो गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि तमाम पहलुओं पर जांच की जा रही है, जल्द ही घटनाओं का खुलासा किया जाएगा।

### डीएम की अध्यक्षता में भोगनीपुर में आज होगा समाधान दिवस

**कानपुर देहात।** एडीएम प्रशासन अमित कुमार ने बताया कि संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हर माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक व अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य तहसीलों में जिलाधिकारी द्वारा निर्गत निर्धारित रोस्टर के अनुसार मुख्य विकास अधिकारी अथवा जिलाधिकारी द्वारा नामित किसी अपर जिलाधिकारी द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की जायेगी, जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। शेष तहसीलों में संबन्धित उपजिलाधिकारी द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की जाएगी, जिसमें संबन्धित पुलिस क्षेत्राधिकारी व तहसील स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। यदि तय तिथि को सार्वजनिक अवकाश पड़ता है, तो संपूर्ण समाधान दिवस अगले दिन आयोजित किए जाने के निर्देश हैं। 18 अप्रैल को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में भोगनीपुर में सुनवाई होगी।

## फैमिली आईडी के काम-काज में नहीं बरतें ढिलाई, होगी कार्रवाई

**कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात**

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार में जनपद में संचालित फ्लैगशिप विकास कार्यक्रमों तथा विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विभागीय योजनाओं एवं सी.एम. आई.एस. पोर्टल पर प्रदर्शित निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी तथा सभी विभाग आपसी समन्वय से योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि



कलेक्ट्रेट में बैठक करते डीएम कपिल सिंह। अमृत विचार

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड एवं सी.एम. आई.एस. पोर्टल पर योजनाओं एवं निर्माण कार्यों से संबंधित अद्यतन, सत्यापित एवं सटीक आंकड़े समय से अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाएं।

उन्होंने कहा कि पोर्टल पर अपलोड किए गए आंकड़े शासन स्तर पर जनपद की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार होते हैं, इसलिए किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो। स्पष्ट किया कि कार्यों में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा निर्माण कार्यों का नियमित भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। मानकों के विपरीत कार्य पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने पीएम सूर्यघर योजना, स्वयं सहायता समूह, मुख्यमंत्री आवास योजना, सामूहिक विवाह योजना एवं जननी सुरक्षा योजना सहित विभिन्न योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में फैमिली आईडी से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में सीएमओ डॉ एके सिंह, डीएफओ एके पांडेय, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, डीएसटीओ प्रतिभा सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ब्लाक कार्यालय का किया निरीक्षण

**कानपुर देहात।** खालागांव में ग्राम चौपाल के बाद सीडीओ ने संदलपुर ब्लाक कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय के विभिन्न पटलों का गहन निरीक्षण कर पत्रावलियों एवं अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने मानव संपदा पोर्टल एवं ई-ऑफिस के संचालन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रविष्टियां समयबद्ध एवं त्रुटिरहित रूप से पूर्ण की जाएं। उन्होंने कार्यालय कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर में साफ सफाई, उपस्थिति पंजिका और अभिलेखों की व्यवस्था की भी जांच की। वहीं अधूरे अभिलेख पाए जाने एवं ई-आफिस का संचालन सुचारू रूप से न किए जाने पर उन्होंने खंड विकास अधिकारी एवं अधीनस्थ कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए।

इसीतरह सीडीओ संविलियन विद्यालय राजपुर भी पहुंचे। यहां उन्होंने सभी कक्षाओं का निरीक्षण किया। विद्यालय में 148 छात्र-छात्राओं का पंजीकरण है मगर निरीक्षण के समय 71 छात्र और छात्राए उपस्थित थे। उन्होंने प्रधानध्यापक को निर्देश दिए कि बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित की जाए। साथ ही विद्यालय में उपस्थित होने वाले सभी छात्र-छात्राएं पूरी ड्रेस में ही आएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित शैक्षिक गतिविधियों, व्यवस्थाओं एवं साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी ने कक्षाओं में जाकर बच्चों से बातचीत की तथा उनकी शैक्षिक गुणवत्ता का आकलन किया। उन्होंने अध्यापकों को निर्देशित किया कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं रुचिकर शिक्षा प्रदान करें। उन्होंने बच्चों की उपस्थिति, मिड-डे मील व्यवस्था, पाठ्य सामग्री तथा विद्यालय में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का भी निरीक्षण किया।

## नहीं हटे कर्मचारी तो वकील करेंगे आंदोलन

- अधिवक्ताओं ने एक सप्ताह का दिया अल्टीमेटम

**संवाददाता, रसूलाबाद**

**अमृत विचारः** गत 10 अप्रैल को नकल लेने गए तहसील रसूलाबाद के एक वरिष्ठ अधिवक्ता के साथ कार्यालय में कार्यरत एक अमीन महिला व एक लिपिक द्वारा अभद्रता कर अपमानित किए जाने , फर्जी मुकदमे में फंसा देने एवं जान से मार देने की धमकी देने के मामले में स्थानीय बार एसोसिएशन एवं लायर्स एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को दिया है। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने उक्त दोनों कर्मचारियों के पिछले 10 वर्ष से तहसील में जमे रहकर माहौल खराब करने का आरोप लगाया है। दोनों ही संगठनों के अधिवक्ताओं ने उक्त दोनों कर्मचारियों के एक सप्ताह के भीतर स्थानांतरण न किए जाने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।



एसडीम सर्वेश कुमार सिंह को ज्ञापन देते अधिवक्ता। अमृत विचार

ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने बताया कि तहसील रसूलाबाद में अमीन पद पर कार्यरत कुंती देवी जो नकल नवीस का काम भी देखती है ने नकल के संबन्ध मे 10 अप्रैल दिन शुक्रवार को वरिष्ट अधिवक्ता केके मिश्रा एडवोकेट उनसे जब नकल लेने गए तो कुंती देवी द्वारा उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए अपमानित किया गया। इस पर अधिवक्ता साथी तहसीलदार के यहां शिकायत लेकर पहुंचे तो वहां पर डब्ल्यूबीएन कार्यालय में तैनात लिपिक राघव यादव व अमीन कुंती देवी द्वारा तहसीलदार महोदय के चेम्बर में भी हमारे वरिष्ट साथी अधिवक्ता को अपमानित किया गया एवं फर्जी मुकदमे एवं जान से मार देने की धमकी दी गई। पूर्व में भी हमारे अधिवक्ता साथी के साथ अभद्रता की गई थी तथा पूर्व तहसीलदार रसूलाबाद राजकुमार चौधरी को भी कुन्ती देवी द्वारा अपमानित किया गया था और फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकी दी गई थी। आरोप है कि दोनों कर्मी तहसील का माहौल खराब करने में कोई कसर नहीं छोडते है ऐसी स्थित में दोनो कर्मचारियो का तहसील रसूलाबाद से तत्काल स्थानान्तरण किया जाना अति आवश्यक है। बार एसो. रसूलाबाद एवं लायर्स एसोसिएशन रसूलाबाद के सभी अधिवक्ता उक्त कर्मचारियो को एक सप्ताह के अंदर ट्रांसफर किए जाने की मांग करते है।

अगर उक्त कर्मचारियों का ट्रान्सफर नही किया जाता है तो बार एसोसिएशन रसूलाबाद एवं लायर्स एसोसिएशन रसूलाबाद के समी अधिवक्ता अनिश्चित काल के लिए आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। बार एसोसिएशन अध्यक्ष आरपी सिंह राजपूत, महामंत्री लाल मोहम्मद खान,संदीप मिश्रा,विमल कुमार चतुर्वेदी,कन्हैयालाल कुशवाहा, अरुण कुमार राजपूत, अर्जुन सिंह, ब्रजेश चतुर्वेदी, घनश्याम तिवारी, दिनेश कुमार, फैजान खान, पुष्पेन्द्र कुमार कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### 22 को होगी जनगणना के प्रगणकों और सुपरवाइजरों की ट्रेनिंग

**शिवली।** जनगणना कार्य को लेकर मैथा तहसील में तैयारियां की जा रही है। प्रगणकों व सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण 22 अप्रैल से शुरू होगा। शुक्रवार को एसडीएम राजकुमार पांडेय व तहसीलदार सुनील कुमार तैयारियों में व्यस्त रहे। तहसीलदार व चार्ज अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि जनगणना कार्य को लेकर तहसील को 356 ब्लाक में बांटा गया है। इसके लिए 347 प्रगणक व 58 सुपरवाइजर लगाए गए है। नगर पंचायत शिवली के चार्ज अधिकारी ईओ मनीष कुमार बनाए गए है। साथ ही 29 कर्मी जनगणना में लगाए गए है। उपजिलाधिकारी राजकुमार पांडेय को उपजिला जनगणना अधिकारी बनाया गया है।उपजिला जनगणना अधिकारी राजकुमार पांडेय ने बताया कि प्रगणकों व सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण के लिए छह ट्रेनर लगाए गए है। प्रशिक्षण 22 अप्रैल से छह मई तक बाघपुर में चलेगा।

## वार्डबॉय के भरोसे राजपुर पीएचसी

**संवाददाता, राजपुर**

**अमृत विचारः** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर में स्वास्थ्य कर्मियों में लापरवाही का आलम है। एक वार्ड बॉय को ही फार्मासिस्ट बना दिया गया गया। मेडिसिन कक्ष में फार्मासिस्ट की जगह अनट्रेंड वार्डबॉय मरीजों को दवा दे रहा है। उधर ब्लड पैथोलॉजी लैब में तैनात टैक्नीशियन भी नदारद रहने से स्वास्थ केन्द्र आने वाले मरीजों को बुखार, टीबी और बलगम जांच के लिए मरीजों को प्राइवेट पैथोलॉजी जाना मजबूरी हो रही है। ओपीडी में अस्सी-नब्बे मरीज दर्ज हो रहे है।

प्रदेश सरकार बेहतर स्वास्थ सेवाएं देने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। बावजूद इसके, राजपुर पीएचसी का लाभ आम मरीजों को नहीं मिल पा रहा। लोगों ने बताया कि चिकित्सा प्रभारी अक्सर अस्पताल में नहीं बैठ पाते। उनके न रहने से स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही भी सिर चढ़कर बोल रही है। स्थिति यह है कि अस्पताल में तैनात अनट्रेंड वार्डबॉय को ही फार्मासिस्ट बना दिया गया है। मेडिसिन कक्ष में फार्मासिस्ट की जगह अनट्रेंड वार्डबॉय मरीजों को दवा दे रहा है और वही वार्डबॉय ओपीडी में आयें मरीजों के पर्चा भी बना रहा है जब कि क्षेत्र से आने वाले मरीजों की अस्पताल में अस्सी से नब्बे ओपीडी दर्ज हो रही है। उधर, पैथोलॉजी लैब में लैब टेक्नीशियन के नदारद रहने से बुखार, टीबी खांसी के मरीजों की समय पर जांच नहीं हो पा रही है। ज्यादातर मरीज जांच के लिए प्राइवेट पैथोलॉजी में जाना पड़ रहा है।

### राजनीति में भागीदारी बढ़ाने के लिए लागू होगा अधिनियम

**कानपुर देहात।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर अभिमुखीकरण एवं अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रोकथाम हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रतिमा श्रीवास्तव जिला मिशन समन्वयक द्वारा बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करना है। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, यूपी मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना, बाल विवाह रोकथाम तथा बाल विवाह संबधी कानूनी प्रावधान के बारे में बताया कहा मानसिक या शारीरिक रूप से इसके लिए तैयार नहीं होते हैं। विवाह के लिए बालिका की उम्र 18 वर्ष एवं बालक की उम्र 21 वर्ष होनी चाहिए।

**कार्यक्रम** डॉ आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में सिकंदरा में भाजपा की संगोष्ठी

## सपा का पीडीए माने 'पावर ऑफ डिंपल–अखिलेश'

**कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात**

**अमृत विचारः** कानपुर देहात भाजपा के तत्वावधान में शुक्रवार को सिकंदरा के मानपुर गांव में डा भीमराव आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल राज्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे जब कि राज्यमंत्री अजीत पाल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया।



संगोष्ठी को संबोधित करते भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल। अमृत विचार

संबोधन में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि भारत रत्न बाबा भीमराव आंबेडकर का अपमान कांग्रेस ने जीवन भर किया। उनको संविधान सभा में जाने नहीं दिया। उनको बंगाल कोटे से जाना पड़ा। कांग्रेस नहीं चाहती थी कि बाबा साहब संविधान सभा में आएं। जनसंघ के पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बाबा भीमराव अंबेडकर को एक सदस्य का इस्तीफा कराकर चुनाव लड़ाया लेकिन नेहरू जी ने चुनाव हराने का काम किया 1952 और 1954 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें हराने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। असंतोष के चलते बाबा साहब ने नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। 'हिंदू कोड बिल' जो बराबरी का अधिकार देता था कांग्रेस सरकार ने उसे पारित नहीं किया जिससे क्षुब्ध होकर होकर उन्होंने इस्तीफा दिया।

क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सपा अराजकता वाली पार्टी है। उनके समय में पुलिस स्टेशन गुंडे चलाते थे चारों तरफ भय का वातावरण था। नौकरियां केवल एक समुदाय को मिलती थी चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला था। अखिलेश के पीडीए का अर्थ समय-समय पर बदलता रहता है। उसका सही अर्थ है 'पावर ऑफ डिंपल-अखिलेश'। भारतीय जनता पार्टी अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति का विकास करना मुख्य उद्देश्य है देश को संबंध बनाना भारत को विश्व गुरु बनाना सबका साथ सबका सम्मान के नारे पर विश्वास करती है। राज्य मंत्री अजीत पाल ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर दूरदर्शी थे दबे को चले समाज को सम्मान देने के लिए वह लड़ते रहे। 1955 में नेहरू जी ने खुद को भारत रत्न दे दिया 1971 में इंदिरा गांधी जी ने खुद ने भारत रत्न ले लिया लेकिन बाबा भीमराव अंबेडकर को कभी भारत रत्न नहीं दिया। संगोष्ठी में जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा सहित, सुमित दिवाकर, अखिलेश सोनकर, राकेश तिवारी, क्रांतिवीर सिंह आदि रहे।

न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय स्पेशल बॉलिंग टीम में पार्थ खंडेलवाल का चयन

**कानपुर।** स्पेशल ओलंपिक भारत स्पोर्ट्स सेंटर की ओर से 14 अप्रैल को नोएडा स्थित ग्लोबल इंडियन इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय स्पेशल बॉलिंग टीम का चयन हुआ। इसमें कैंट स्थित प्रेरणा स्पेशल स्कूल के खिलाड़ी पार्थ खंडेलवाल का चयन हुआ है। पार्थ अब 20 से 25 अप्रैल 2026 तक नई दिल्ली के राजौरी गार्डन स्थित जोरेको (आर-क्यूब मोनड मॉल) में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उनकी इस उपलब्धि पर संस्थान में खुशी की लहर है। मुख्य अधिशासी अधिकारी स्टीफन पीडी, संयुक्त मुख्य अधिशासी अधिकारी कल्लूल हजारिका, उपाध्यक्ष लखन लाल ओमर, ऑफिस सुपरिटेंडेंट वंदना सिन्हा, प्रधानाचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल और सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट सुब्रतो भद्रा ने पार्थ और उनके कोच सत्येंद्र सिंह यादव को बधाई दी।

### 21 को जिला खो-खो संघ की एजीएम बैठक

**कानपुर।** कानपुर जिला खो-खो संघ की वार्षिक आमसभा (एजीएम) और नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर बैठक 21 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। यह बैठक सिविल लाइंस स्थित कैप्सूल रेस्टोरेंट में होगी। संघ के मीडिया प्रभारी अभिमन्यु सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में संघ के सभी पदाधिकारी व सदस्य भाग लेंगे। इस दौरान विगत वर्ष की खेल गतिविधियों की समीक्षा, वित्तीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा होगी। बैठक में नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी, जो संघ के भविष्य की गतिविधियों को दिशा देगी।

### राइडर्स, रोवर्स, बीवीएस, ग्लोरी और इग्लेट की जीत

**कानपुर।** केडीएमए क्रिकेट लीग में शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में राइडर्स, रोवर्स, बीवीएस, ग्लोरी और इग्लेट ने जीत दर्ज की। पीएसी मैदान में राइडर्स ने जेडी एकादश को सात विकेट से हराया, जिसमें लविश (80) और शाश्वत (52) ने शानदार बल्लेबाजी की। साउथ मैदान में रोवर्स ने खांडेकर एकादश को 30 रन से हराया, घनश्याम ने 84 रन बनाए। बीवीएस ने फ्रेंड्स एकादश को छह विकेट से, ग्लोरी ने वंडर वूमेंस को नौ विकेट से और इग्लेट ने कानपुर स्पोर्टिंग को 32 रन से पराजित किया।

### ग्रीनपार्क में टीडी डांग मेमोरियल बैडमिंटन टूर्नामेंट संपन्न

**कानपुर।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा स्व. टीडी डांग मेमोरियल बार बनाम बीच बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में 82 खिलाड़ियों ने भाग लिया। पुरुष एकल में सुशील श्रीवास्तव और महिला एकल में अंजलि चौरसिया विजेता रहीं। पुरुष डबल्स में राकेश कौशल-विपुल सिंह की जोड़ी ने खिताब जीता, जबकि वीरेंद्र कुमार-रितेश बरनवाल उपविजेता रहे।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**ककवन।** शुक्रवार शाम एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मुनौवरपुर निवासी हरमोहन की 35 वर्षीय पत्नी लवली ने शुक्रवार शाम कमरे की छत में लगे पंखे के सहारे साड़ी का फंदा बनाया कर फांसी लगा ली। लवली की शादी करीब 13 वर्ष पूर्व हुई थी। आत्महत्या के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

### एसडीएम ने खेत की मेड़ पर पहुंचकर कर किया निस्तारण

**घाटमपुर।** घाटमपुर में हीट वेव के बीच वादकारियों को राहत देने और भूमि विवादों के त्वरित निस्तारण के लिए घाटमपुर तहसील प्रशासन ने "मेड़ पर न्याय" पहल को गति दी है। इसके तहत अधिकारी खुद गांव पहुंचकर खेत की मेड़ पर ही विवादों का समाधान कर रहे हैं। तहसील क्षेत्र में भूमि विवादों के निपटारे को आसान और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी अविचल प्रताप सिंह द्वारा "मेड़ पर न्याय" पहल के तहत लगातार क्षेत्र भ्रमण किया जा रहा है। इसी क्रम में गिरसी, हथेही, गुछूपुर और स्योंदी सहित करीब आधा दर्जन गांवों का दौरा कर कई मामलों का मौके पर समाधान किया गया।

# गढ़ाथा-घुघुवा में छापेमारी गेहूं की 700 बोरियां जब्त

## एसडीएम के छापे में व्यापारी के घर पर ट्रक में लदती मिलीं गेहूं की बोरियां

संवाददाता, घाटमपुर



घर में रखीं सैकड़ों बोरी गेहूं। अमृत विचार



ट्रक में लदी बोरियां।

**अमृत विचार।** घाटमपुर के गढ़ाथा गांव में एसडीएम और तहसीलदार ने एक व्यापारी के घर पर छापा मारकर ट्रक पकड़ा है। ट्रक में कुछ बोरिया लादी जा चुकी थी, अधिकारियों को देखते ही बिचौलिए भाग निकले। ट्रक में खरीद केंद्र की सरकारी बोरियों में गेहूं सील लगा हुआ भरा मिला है। एसडीएम ने आसपास लोगों से जानकारी जुटाने के साथ ट्रक को कब्जे में लेकर घाटमपुर मंडी समिति में खड़ा करा दिया। प्रशासन की जांच में कुछ सफेद पोश के नाम भी सामने आए है। एसडीएम के मुताबिक पूरे बिचौलिए के सिंडिकेट का खुलासा किया जाएगा।

घाटमपुर तहसील क्षेत्र के गढ़ाथा गांव में देर रात एसडीएम अविचल प्रताप सिंह और तहसीलदार अंकिता पाठक को सूचना मिली कि, एक व्यापारी के घर पर ट्रक में गेहूं खरीद केंद्र की सरकारी बोरियों में सील लगी हुई बोरियां लादी जा रही हैं। सूचना मिलते ही घाटमपुर एसडीएम अविचल प्रताप सिंह और तहसीलदार अंकिता पाठक गढ़ाथा गांव पहुंचे, उन्हें यहां पर लगभग सात सौ सरकारी बोरियों में गेहूं भरा मिला है, जिसे सिलाई मशीन से सिला गया था।

अधिकारियों को देखते ही बोरी लादने वाले बिचौलिए मौके से भाग निकले। तहसील प्रशासन ने ट्रक को कब्जे में लेकर घाटमपुर मंडी समिति में खड़ा करा दिया है। प्राथमिक जांच में कुछ सफेद पोश के नाम भी सामने आए हैं, जो गेहूं खरीद केन्द्र प्रभारियों से साठगांठ करके किसानों से सस्ते दामों में गेहूं खरीदकर गेहूं खरीद केंद्र में डालते है। एसडीएम अविचल प्रताप सिंह ने बताया कि उन्होंने एक ट्रक गढ़ाथा से पकड़ा है। जिसमें गेहूं खरीद केंद्र की सरकारी बोरियों में सील पैक गेहूं की लगभग सात सौ बोरियां मिली हैं, यह गेहूं कहां से लादकर कहां लेकर जाया जा रहा था, इसकी जांच की जा रही है।

# सीएसजेएमयू में शुरू हुआ अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

कार्यालय संवाददाता कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरूआत हुई। इस दौरान 'साइबर सुरक्षा, विधि एवं अभिशासन' विषय पर विशेषज्ञों ने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन में देश-विदेश के विधि विशेषज्ञ, शिक्षाविद और शोधार्थी मौजूद रहे। विशेषज्ञों ने साइबर को सुरक्षा नीति, कानून और समाज से जुड़ा मुद्दा बताया।

कार्यक्रम की संयोजक एवं विधि संकाय की निदेशक डॉ. स्मृति रॉय ने कहा कि तकनीक और विधि के समन्वय से ही सशक्त विधिक व्यवस्था संभव है और आज के समय में रियल टाइम लॉ मेकिंग की आवश्यकता तेजी से बढ़ रही है। इसके बाद विभाग के सहायक निर्देशक डॉ. दिव्यांश शुक्ला ने विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों और उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। पहले दिन में 10 प्रमुख वक्ताओं ने साइबर सुरक्षा और कानून के विभिन्न आयामों पर अपने विचार रखे। राजीव गांधी नेशनल साइबर लॉ सेंटर, एनएलआईयू भोपाल के प्रो. अतुल कुमार पांडेय ने कहा कि साइबर स्पेस लगातार विकसित हो रहा है, इसलिए विधि को भी तकनीक के अनुरूप लचीला बनाना होगा।

वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. पवन दुग्गल ने भारत में समर्पित साइबर सुरक्षा कानून की आवश्यकता पर जोर दिया। इस आयोजन में दिल्ली विश्वविद्यालय की डॉ. निवेदिता चौधरी ने साइबर सुरक्षा को संवैधानिक और सामाजिक चुनौती बताते हुए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नियंत्रण के बीच संतुलन की बात कही। आईआईटी कानपुर के सी3आईहब से जुड़े डॉ. आनंद हांडा ने अवसंरचनाओं की सुरक्षा में शोध और तकनीकी समाधान की भूमिका को रेखांकित किया। अन्य वक्ताओं ने भी डिजिटल फॉरेंसिक, वैश्विक सहयोग, साइबर अपराध नियंत्रण और युवाओं में डिजिटल नैतिकता के विकास जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं का मानना रहा कि साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि नीति, कानून और समाज से जुड़ा व्यापक मुद्दा है।

### 50 ने रक्तदान कर किया महादान

**बिल्हौर।** स्थानीय तहसील सभागार में शुक्रवार को लायर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ राजस्व अधिवक्ता सुशांक मिश्रा के संयोजन में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्त केंद्र कानपुर के सहयोग से आयोजित इस शिविर में अधिवक्ताओं, प्रशासनिक अधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर का शुभारंभ प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी मनीष कुमार, तहसीलदार अनुभव चंद्र और नायब तहसीलदार सीपी राजपूत ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। शिविर में राजस्व कर्मचारियों और बिल्हौर कचहरी के तमाम वकीलों ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझते हुए प्रमुखता से रक्तदान किया। कार्यक्रम के संयोजक सुशांक मिश्रा ने बताया कि रक्तदान महादान है।

रक्त केंद्र कानपुर की ओर से आई मेडिकल टीम ने पूरी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराया। इस टीम में मुख्य रूप से डॉ. नेहा आहूजा, डॉ. कौशिकी, वसीम सिद्दीकी, नेहा कुमारी एवं अन्य पैरामेडिकल स्टाफ शामिल रहे।

# नाला निर्माण रोकने को लेकर ठेकेदार पर हमला, हड़कंप

संवाददाता, घाटमपुर

- पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच- पड़ताल

**अमृत विचार।** कस्बे के स्टेशन रोड पर शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब पालिका के नाला निर्माण कार्य में जुटे ठेकेदार के साथ दबंगों ने मारपीट कर दी। काम बंद कराने पहुंचे आरोपियों ने विरोध करने पर ठेकेदार को पीट दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

मामले में सजेती थाना क्षेत्र के अकबरपुर बीरबल निवासी ठेकेदार अमित तिवारी ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह स्टेशन रोड पर नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे नाला निर्माण कार्य की देखरेख कर रहे थे। इसी दौरान सोनू शर्मा, विकास शर्मा उर्फ लूली, सोनू शर्मा का भाई बाबा व एक अज्ञात व्यक्ति मौके पर पहुंचे और सार्वजनिक रूप से काम बंद करने का दबाव बनाने लगे।

ठेकेदार के इंकार करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मौके पर मौजूद नगर पालिका के जेई व अन्य लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। जाते-जाते आरोपी ठेकेदार को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। पीड़ित का कहना है, कि यदि समय रहते लोग मौके पर न पहुंचते, तो कोई बड़ी घटना हो सकती थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बीच सड़क पर भिड़े दो सांड़ बारातियों में मचा हड़कंप

संवाददाता, चौबेपुर



बीच सड़क पर लड़ते सांड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के बंदी माता तिराहा के समीप गुरुवार देर रात एक गेस्ट हाउस के सामने दो साड़ों में हुई जोरदार भिड़ंत बारातियों के लिए मुसीबत बन गई। करीब आधा घण्टे तक भिड़े रहे सांड़ों ने गेस्ट हाउस के बाहर खड़े कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर डाला।

मालूम हो कि कस्बे में बंदी माता तिराहा के निकट स्थित एक गेस्ट हाउस में गुरुवार रात शादी समारोह का आयोजन था। देर रात बैंड बाजे के साथ आगवानी की तैयारी चल रही थी। तभी अचानक दो भारी भरकम सांड़ लड़ते-लड़ते गेस्ट हाउस के ठीक सामने बीच मार्ग पर आ गए। सांड़ों को देख बारातियों में अफरातफरी मच गई और लोगों ने इधर-उधर भाग कर अपने को सुरक्षित किया। करीब आधा घंटे तक आपस में भिड़े रहे इन खतरनाक सांड़ों को लोगों ने किसी तरह मारपीट कर मौके से हटाया। इस दौरान सांड़ों ने आधा दर्जन से अधिक बाइक व अन्य छोटे वाहनों को क्षतिग्रस्त कर डाला। क्षेत्र में छुट्टा मवेशियों (गोवंश) के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

### उदयपुर में 25 से 28 तक पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप

**कानपुर।** नेशनल पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2026 का आयोजन उदयपुर में 25 से 28 अप्रैल तक होगा। इसमें सेवायोजन कार्यालय कानपुर में वरिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत मनीष मिश्रा को इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया है। जानकारी एसोसिएशन के महासचिव राहुल शुक्ला ने दी।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र लवकुश सिंह पुत्र मानेन्द्र सिंह व पुत्रवधू रागनी सिंह पत्नी लवकुश सिंह के गलत आचरण एवं क्रियाकलापों से परेशान होकर इनसे सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी सम्पूर्ण चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किये गये किसी भी कार्य व्यवहार, आचरण व लेन-देन या वाद- विवाद से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा। **मानेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 भूरा सिंह निवासी वार्ड नं0-11 सुभाष नगर चिराना, नगर पंचायत- रनियाँ, तहसील- अकबरपुर, जनपद- कानपुर देहात।**

# गांव में तनाव के बाद नई आंबेडकर प्रतिमा स्थापित

संवाददाता, बिल्हौर



मौके पर पहुंचकर लोगों से बातचीत करते भाजपा विधायक राहुल बच्चा सोनकर।



प्रशासन ने लगवाई नई आंबेडकर प्रतिमा।

- चम्पत निवादा में आंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने का मामला

**अमृत विचार।** ककवन थाना क्षेत्र के चम्पत निवादा गांव में गुरुवार की देर रात वर्चस्व और पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई थी। देखते ही देखते दोनों ओर से जमकर ईंट-पत्थर चले, जिसकी चपेट में आकर गांव में स्थापित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त हो गई थी। घटना के बाद से गांव में भारी तनाव फैल गया और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए देर रात ही नई प्रतिमा स्थापित कराई और आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। वहीं पुलिस ने शुक्रवार को देर शाम चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

बीते 14 अप्रैल की रात जाटव समाज के एक घर में आए रिश्तेदार युवक द्वारा गलत स्थान पर लघुशंका करने को लेकर दूसरे पक्ष से कहासुनी हुई थी। उस समय ककवन पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत करा दिया था। पिछले कुछ दिनों से दोनों पक्षों के बीच लगातार गाली-गलौज और छींटाकशी हो रही थी।

गुरुवार की रात मामूली बात पर शुरू हुआ विवाद हिंसक हो गया। दोनों पक्षों की ओर से पथराव शुरू हो गया। इसी दौरान उपद्रवियों द्वारा फेंके गए पत्थरों से बाबा साहब की प्रतिमा क्षतिग्रस्त हो गई। प्रतिमा टूटने की खबर फैलते ही दलित समाज के लोग आक्रोशित हो गए और रात में ही प्रदर्शन शुरू कर दिया।

मामले की जानकारी मिलते ही एसीपी मंजय सिंह और थाना प्रभारी जितेंद्र राजपूत भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आसपास के थानों की फोर्स भी बुला ली गई। शिवराजपुर थाना प्रभारी अमित सिंह और बिल्हौर थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने रात भर मोर्चा संभाला। प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रात में ही नई प्रतिमा मंगवाई और उसे विधि-विधान से स्थापित कराकर माल्यार्पण किया, जिसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ। वहीं मामले की जानकारी मिलते ही शुक्रवार सुबह क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर और एसडीएम मनीष कुमार गांव पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार और ग्रामीणों से वार्ता की। विधायक ने दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए कहा कि अराजकता फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

पुलिस ने पीड़ित पक्ष के राकेश की तहरीर पर गांव के ही अजीत यादव, कुलदीप यादव, सोनू, दीपक यादव, अतर सिंह व अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। वहीं पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

आराजी सं0 181 ग्राम पतरसा कानपुर के सह भूमिधर राम बाबू व मौकू थे मैकू की मृत्यु के पश्चात मुन्नू व रामबाबू व नारायनी सहखातेदार हुए किन्तु मुन्नू ने अपने हिस्से से 175.28 वर्ग मी0 भूखण्ड संख्या 28 व 29 शिवकुमार पुत्र राम नारायण को दिनांक 09/8/2024 क्रमांक 8853 को विक्रय कर दिया। उक्त दोनो भूखण्ड से क्षे0 35 वर्गगज काया उपाध्याय को विक्रय किया जा रहा है। यदि किसी आपत्ति हो तो 7 दिवस में सम्पर्क करे। आशीष गुप्ता (एडवोकेट) मो0- 8299319052

**सूचना**

मैने अपना नाम GAUSIYA HASIB SIDDIQUI से बदलकर GAUSIYA HASIB रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-NOORUDDIN SIDDIQUI ADD-616/P-009A SIMRA GAUDHI FAIZULLAGANJ 1 SERWANI NAGAR DIST-LUCKNOW-226013 (U.P.)

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल परीक्षा वर्ष -2021, अनुक्रमांक - 211190150 का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **सचिन पुत्र राजेन्द्र कुमार, निवासी ग्राम - कोलाहैबतपुर, पोस्ट - मेजरगंज, जनपद - रायबरेली, उत्तर प्रदेश। पिन - 229128**

**सूचना**

मैंने अपनी बेटी के नाम बीमा पॉलिसी संख्या-215595972 ली थी। उक्त पॉलिसी के अभिलेखों में त्रुटिवश मेरी बेटी का नीलकमल और जन्मतिथि 31-08-2005 अंकित है। जबकि मेरी बेटी के मूल अभिलेखों में नाम अपेक्षा यादव और जन्मतिथि 06-06-2007 अंकित है। नीलकमल और अपेक्षा यादव दोनों नाम एक ही व्यक्ति (महिला) के हैं। अतः उक्त पॉलिसी के अभिलेखों में मेरी बेटी का नाम अपेक्षा यादव अंकित की जाए। **धनीराम पुत्र गंगाधर ग्राम - मऊ मजरे भीतरगांव, थाना -गुरुबक्शगंज, तहसील - लालगंज, जनपद - रायबरेली**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र रचित लाम्बा के गलत आचरण एवं अपनी मर्जी से विवाह करने के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल / अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, उसके द्वारा किए गए किसी भी लेन देन व्यवहार से हमारा एवं हमारे परिवार का कोई संबंध नहीं है। **राकेश लाम्बा पुत्र स्वर्गीय जसवंत राय निवासी 111/242 हर्ष नगर कानपुर 12**

**सार्वजनिक सूचना**

यह कि एक किता प्लाट स्थित जुज भाग आराजी नम्बर 1678 बूढ़पुर मछरिया कानपुर नगर रकबा 52 वर्गगज को श्री धर्मेन्द्र कुमार, एक्सिस फाइनेन्स लिमिटेड से ऋण लेकर इसके मालिक श्री कैलाश राजपूत से क्रय कर रहे है, जिसमें आराजी के अन्य सह-स्वामियो को कोई आपत्ति नही है, यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 10 दिनो के अन्दर निम्न पते पर सम्पर्क करे। किसी के द्वारा इनका प्रयोग अवैध माना जायेगा। **भारत भटनागर एडवोकेट, कार्यालय- कमरा नम्बर 14 द्वितीयतल मुदगल अधिवक्ता भवन सिविल कोर्ट कम्पाउण्ड कानपुर नगर, मो0न0 9839034426**

**सूचना**

मैं **अजय कुमार शर्मा पुत्र राज नारायण कुंवर निवासी प्लाट सं0-44, केशव नगर सीतापुर रोड, जिला-लखनऊ उत्तर प्रदेश-226020**, मेरे पी0पी0ओ0 में मेरी पत्नी का नाम त्रुटिवश लक्ष्मी शर्मा (LAKSHMI SHARMA) व जन्मतिथि-24.10.1965 अंकित हो गयी है जो कि गलत है। जबकि पत्नी का वास्तविक नाम लक्ष्मी शर्मा (LAXMI SHARMA) व वास्तविक जन्मतिथि-21.10.1966 है। यह कि लक्ष्मी शर्मा (LAKSHMI SHARMA) व लक्ष्मी शर्मा (LAXMI SHARMA) एक ही महिला के नाम है जोकि मेरी पत्नी का ही नाम है। अतः मेरे पी0पी0ओ0 में मेरी पत्नी का नाम लक्ष्मी शर्मा (LAKSHMI SHARMA) के स्थान पर लक्ष्मी शर्मा (LAXMI SHARMA) व जन्मतिथि-24.10.1965 के स्थान पर जन्मतिथि-21.10.1966 लिखा व पढ़ा जाये।

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHD SAEED से बदलकर MOHAMMAD SAYEED रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MUKHTAR AHMAD ADD-217/49 KALBEY AABID ROAD AAGHA BAKAR KA IMAM BARA CHOWK DIST-LUCKNOW-226003 (U.P.)

**सूचना**

मैं अपने पुत्र विवेक त्रिपाठी को गलत चाल -चलन के कारण अपनी चल- अचल संपत्ति तथा संबंधों से बेदखल करता हूं। विवेक त्रिपाठी द्वारा किए गए किसी भी कार्य से मेरा कोई वास्ता- सरोकार नहीं होगा। वह अपने द्वारा किए गए कार्यो के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा। **उपेन्द्र कुमार पुत्र त्रियुगी नरायन ग्राम धुसाह, परगना -तहसील व जनपद बलरामपुर**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मो. जावेद खान पुत्र मो. जकी खान, निवासी ग्राम मवई, थाना मवई, तहसील रुदौली, जनपद अयोध्या द्धउ.प्र.ऋ का निवासी हूं। मेरे नाम की स्पेलिंग विभिन्न अभिलेखों में भिन्न-भिन्न प्रकार से अंकित है, जैसे पासपोर्ट में MOHAMMAD JAWED, आधार एवं पैन कार्ड में Mohd Javed Khan तथा मतदाता पहचान पत्र में Mohammad Jawed Khan अंकित है। उपरोक्त सभी नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में मेरे नाम की सही एवं एक समान स्पेलिंग Mohammad Jawed Khan मानी जाए।

**सूचना**

मैंने अपना नाम रशीद अहमद राईनी से बदलकर रशीद अहमद कर लिया है। भविष्य में मुझे रशीद अहमद नाम से जाना व पहचाना जाये। **रशीद अहमद पुत्र स्व0 हबीब, निवासी 510/210 सुरजबली मार्ग नियर यूपी वेयर हाउस निशांत गंज न्यू हैदराबाद लखनऊ**

**सूचना**

मैंने अपना नाम रिजवान अहमद राईनी से बदलकर रिजवान अहमद कर लिया है। भविष्य में मुझे रिजवान अहमद नाम से जाना व पहचाना जाये। **रिजवान अहमद पुत्र रशीद अहमद, निवासी 510/210 सुरजबली मार्ग नियर यूपी वेयर हाउस निशांत गंज न्यू हैदराबाद लखनऊ**

आयोजन | घाटमपुर विकासखंड परिसर में नारी शक्ति सम्मेलन का हुआ आयोजन

# मोदी, योगी सरकार में महिलाओं का पूरा सम्मान

संवाददाता, घाटमपुर



कार्यक्रम में बोलतीं मुख्य अतिथि।



कार्यक्रम में मौजूद मातृ शक्ति। अमृत विचार

**अमृत विचार।** घाटमपुर विकासखंड में शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के अंतर्गत घाटमपुर विधानसभा के ब्लॉक परिसर में नारी शक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। यहां पर तमाम भाजपा नेता मौजूद रहे। साथ ही वहां पर मौजूद महिलाओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं सदस्य राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश अनीता गुप्ता ने नारी शक्ति सम्मेलन में मौजूद महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की नारी अबला नहीं बल्कि सशक्त इरादों वाली मजबूत नारी है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में महिलाओं का भरपूर सम्मान है। उन्होंने कहा कि मोदी और योगी सरकार भी महिलाओं का पूरा सम्मान करती है। कार्यक्रम संयोजक भाजपा नेत्री अंजलि तिवारी ने आये हुए सभी मुख्य अतिथियों को पटका पहना कर व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा कानपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष उपेंद्र पासवान, जिला महामंत्री वेद सचान, इंद्रजीत सिंह ब्लाक प्रमुख, शीला मिश्रा ने इस मौके पर अपने-अपने विचार रखें। इस दौरान बड़ी संख्या में मातृशक्ति मौजूद रहीं।

### खड्ड में गिरी बाइक युवक की गई जान

**बिल्हौर।** रसूलाबाद थाना क्षेत्र के मुर्रा गांव निवासी नीलू (25), पुत्र रामशंकर, शुक्रवार दोपहर करीब 12:30 बजे अपनी मोटरसाइकिल से बाजार करने ककवन जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पांडु नदी मोड़ के समीप बाइक की रफ्तार काफी अधिक थी। इसी दौरान नीलू वाहन से नियंत्रण खो बैठा और बाइक सड़क किनारे एक गहरे खड्ड में जा गिरी। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस और एम्बुलेंस को दी। पुलिस ने घायल युवक को तत्काल ककवन अस्पताल पहुंचाया। वहां पर मौजूद चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



कभी भी दुष्ट लोगों की सक्रियता समाज को बर्बाद नहीं करती, बल्कि हमेशा अच्छे लोगों की निष्क्रियता समाज को बर्बाद करती है। - शिव खेड़ा


# अमृत विचार
कानपुर महानगर
www.amritvichar.com
कानपुर, शनिवार, 18 अप्रैल 2026



कानपुर के प्रमुख समाचार
- शिक्षकों की प्रताड़ना से क्षुब्ध मेधावी छात्रा ने की आत्महत्या -VI
- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने विपक्ष पर साधा निशाना -VII
- संवरेंगे एएनडी कॉलेज और नगर निगम विद्यालय -VIII



अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


## शहर में आज



- **कार्यक्रम :** प्रगति लर्निंग सेंटर शिवाजी नगर में फैशन फिएस्टा दोपहर 12 बजे से।
- **गोष्ठी :** किदवई नगर में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में 12 बजे से गोष्ठी।
- **शक्ति वंदन :** महाराजपुर विधानसभा के खत्री धर्मशाला में 12 बजे से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर गोष्ठी।

# गंगा व ग्रीनरी के बीच आशियाना का मौका

### इंतजार खत्म

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




- एक दशक बाद यूपीसीडा 578 आवासीय प्लाटों की 11 मई को करेगा ऑनलाइन नीलामी
- प्लाट के लिए न्यूनतम आरक्षित मूल्य 24 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर निर्धारित किया गया है

### उपलब्ध प्लाटों का विवरण

| क्षेत्रफल | संख्या |
|---|---|
| 120 से 200 वर्ग मीटर | 275 |
| 200 से 250 वर्ग मीटर | 107 |
| 251 से 320 वर्ग मीटर | 196 |

- **परियोजना :** ट्रांसगंगा सिटी, सेक्टर 3, 4 और 8
- **आरक्षित मूल्य :** 24 हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर
- **पंजीकरण :** ऑनलाइन फीस व ईएमडी 4 मई तक
- **दस्तावेज :** जमा करने की अंतिम तिथि 5 मई
- **ई-नीलामी :** 11 मई, प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे

### वीआईपी रोड से 4 किमी लंबा पुल बनाने की तैयारी तेज

- ट्रांसगंगा सिटी की शहर से कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए 753 करोड़ रुपये की लागत से चार किलोमीटर लंबा पुल बनाने की तैयारी है। इस काम को जमीन पर उतारने की तैयारी तेज हो गई है। सेतु निगम ने इसके लिए नगर निगम से भैरोघाट और धोबीघाट पर पर्याप्त जमीन मांगी है। इन्हीं स्थानों से निर्माण कार्य शुरू किया जाना है। इन दोनों घाटों पर जमीन के साथ ही आवासों का भी अधिग्रहण होना है। 21 अप्रैल को पुल के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया फाइनल होनी है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही पुल निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा।

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) की ओर से गंगा किनारे तेजी से विकसित की जा रही ट्रांसगंगा सिटी में एक दशक बाद लोगों को आशियाना बनाने का मौका मिल रहा है। आवासीय प्लाटों की नीलामी के लिए यूपीसीडा ने तैयारी शुरू कर दी है।

वर्तमान में आधुनिक बुनियादी ढांचा, चौड़ी सड़कें, हरित क्षेत्र और बढ़िया कनेक्टिविटी इस एकीकृत टाउनशिप में रहने का अलग ही अनुभव प्रदान करती हैं। ट्रांसगंगा सिटी में पिछले एक दशक से आवासीय प्लाटों की बिक्री रुकी पड़ी थी। वर्ष 2016 में यहां आवासीय प्लाटों के लिए लॉटरी निकाली गई थी। इसके बाद अब प्राथमिकता के आधार पर बचे हुए प्लाटों की ई नीलामी होने जा रही है। यूपीसीडा ने गंगा बैराज मार्ग पर उन्नाव में सुनियोजित और आधुनिक टाउनशिप बसाई है, अब इसे कानपुर के वीआईपी रोड से सीधी कनेक्टिविटी देने के लिए पुल निर्माण का बजट जारी करके काम शुरू करने को हरी झंडी दिखाई जा चुकी है। प्राधिकरण अलग-अलग क्षेत्रफल के कुल 578 आवासीय प्लाटों की ऑनलाइन ई-बोली 11 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित करने जा रहा है। प्लाट के लिए न्यूनतम आरक्षित मूल्य 24 हजार रुपये वर्ग मीटर रखी गई है। ई नीलामी में भाग लेने के लिए पंजीकरण प्रक्रिया चल रही है।




स्टार सिटी हॉस्पिटल को सील करते एसीएमओ डॉ .रमित रस्तोगी। अमृत विचार

# दो प्राइवेट अस्पताल और दो की ओटी सील

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- स्वास्थ्य टीम ने 11 निजी अस्पतालों का गहनता से किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** किडनी कांड के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अवैध रूप से संचालित निजी अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कल्यानपुर क्षेत्र में फिर छामेपारी की। छापेमारी के दौरान टीम को दो अस्पताल अवैध रूप से संचालित मिले, जिनको सील कर दिया गया है। बिना मानक दो अस्पतालों में चल रही ओटी भी सील की गई है, जबकि तीन ऐसे अस्पताल मिले, जिनका मुख्यद्वार बंद था।

नर्सिंग होम के नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ.रमित रस्तोगी शुक्रवार को कल्यानपुर थाने के पुलिस बल के साथ 11 अस्पतालों में पहुंचे और गहनता से पड़ताल की। टीम को स्टार सिटी हॉस्पिटल और कानपुर हेल्थ केयर चिकित्सालय बिना पंजीकरण और बिना मानक के संचालित मिला। टीम ने जब मौजूद स्टाफ से कागजात मिले तो सबने से अपने हाथ खड़े कर दिए, जबकि कुछ लोग मौके से खिसक गए। एसीएमओ ने दोनों अस्पतालों पर तत्काल प्रभाव से सील की कार्रवाई की। एचआर मेडिकल सेंटर और रोहित राज मेडिकल एंड सर्जिकल सेंटर में बिना मानक के ऑपरेशन थिएटर मिले, जिनकी जांच करने के बाद दोनों अस्पतालों की ओटी सील की गई। न्यू अभिनव हॉस्पिटल को टीम ने नोटिस जारी किया और कमियों पर जवाब मांगा। वहीं, गांधी हॉस्पिटल, सावरियां हॉस्पिटल और मान्या हॉस्पिटल का बोर्ड तो बिल्डिंग में लगा मिला, लेकिन मुख्य द्वार बंद था। पुलिस कर्मियों ने आसपास के लोगों से जानकारी की। कुछ लोगों का कहना है कि कार्रवाई के डर से तीनों अस्पताल संचालक बोर्ड छोड़कर चले गए।

## सिटी ब्रीफ

### बिजली कटौती से तीन घंटे जूझे लोग

**कानपुर।** सर्वोदय नगर इलाके में हाईटेंशन लाइन से पेड़ की डाल टकराने की वजह से शुक्रवार दोपहर तीन बजे बिजली गुल हो गई, जो शाम को साढ़े छह बजे तक आई। बिजली आपूर्ति बाधित होने से यहां भीषण गर्मी में लोगों को जूझना पड़ा। इसी तरह सीटी क्षतिग्रस्त होने से विकास नगर उपकेंद्र के सभी फीडरों की बिजली शाम को चार बजे से साढ़े पांच बजे तक नहीं रही। निराला नगर में दोपहर 12 बजे से दोपहर साढ़े तीन बजे तक, चकेरी मोड में दोपहर 12 बजे से शाम को चार बजे तक और शहीद पार्क क्षेत्र में सुबह 11 बजे से दोपहर ढ़ाई बजे तक गुल रही, जिसकी वजह से क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### आज इन इलाकों में नहीं आएगी बिजली

**कानपुर।** बिठूर चुग्गी, लवकुश नगर, ईश्वरीगंज, बैकुंडपुर, चिरनगांव, पैगूपुर में शनिवार दोपहर साढ़े 12 बजे से शाम को चार बजे तक और विकास नगर, अवधपुरी, मोर बिल्डिंग और आसपास क्षेत्र में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक नहीं रहेगी। गंगापुर कॉलोनी, गोपाल नगर, मछरिया, बजरंग चौराहा, सैनिक चौराहा में सुबह 11 बजे से शाम को चार बजे तक, मंजूश्री व टेलीफोन एक्सचेंज में सुबह साढ़े 10 बजे से शाम को साढ़े चार बजे तक और विजय नगर में सुबह 10 बजे से शाम को चार बजे तक बिजली नहीं रहेगी।

# सरसौल क्रॉसिंग पर बनेगा दो लेन का समानांतर आरओबी

## आरओबी की डिजाइन और एस्टीमेट तैयार कर रहा सेतु निगम

कार्यालय संवादाता, कानपुर

- अभी 150 करोड़ से साढ़ तक फोरलेन मार्ग का निर्माण हो रहा है
- इस मार्ग को जहानाबाद तक फोरलेन करने की चल रही तैयारी

**16** किलोमीटर लंबा है यह मार्ग

**12** किलोमीटर का चौड़ीकरण

**71** मीटर लंबा रिंद नदी पर पुल

"समानांतर पुल की डिजाइन और एस्टीमेट तैयार करने की जिम्मेदारी सेतु निगम को दी गई है। निगम प्रबंधन सर्वे आदि का कार्य कर रहा है। जल्द ही प्रस्ताव रेलवे और पीडब्ल्यूडी मुख्यालय को भेजा जाएगा।

-अनूप मिश्रा, एक्सईएन लोक निर्माण विभाग

**अमृत विचार।** सरसौल से नर्वल होते हुए साढ़ जाने वाले मार्ग को फोर लेन बनाने का काम शुरू हो चुका है। इस मार्ग के शुरुआती स्थल सरसौल क्रासिंग पर स्थित दो लेन ओवरब्रिज के समानांतर ही एक और दो लेन का पुल बनेगा। सड़क निर्माण तो लोक निर्माण विभाग कर रहा है लेकिन पुल की डिजाइन, प्राथमिक एस्टीमेट और डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट उप्र सेतु निर्माण निगम बनाएगा। जल्द ही डिजाइन और प्राथमिक एस्टीमेट प्रस्ताव के साथ रेलवे और लोक निर्माण विभाग मुख्यालय को भेजेगा। इसके बाद तय होगा कि पुल निर्माण रेलवे का सेतु निर्माण विभाग करेगा या फिर सेतु निर्माण निगम को जिम्मेदारी मिलेगी।

सरसौल के नर्वल मोड़ से साढ़ मार्ग पर पड़ने वाली क्रासिंग पर दो साल पहले दो लेन आरओबी (रेल ओवर ब्रिज) बनाया गया था। तब सरसौल नर्वल जाने वाली सड़क भी दो लेन बनाई गई थी। पिछले साल विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के आदेश पर लोक निर्माण विभाग ने साढ़ के डिफेंस कॉरिडोर तक इस मार्ग को चौड़ा कर चार लेन तैयार करने का प्रस्ताव तैयार किया। इसके साथ ही निर्णय लिया गया कि इसे जहानाबाद तक फोर लेन किया जाएगा।

150 करोड़ रुपये रुपये की लागत से सड़क का चौड़ीकरण, सचौली गांव के पास रिंद नदी पर 71 मीटर लंबा पुल आदि बनाया जा रहा है। यह मार्ग 16 किलोमीटर लंबा है फिलहाल 12 किलोमीटर मार्ग का चौड़ीकरण चल रहा है। सात हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण भी किया जा रहा है। अब विधानसभा अध्यक्ष के आदेश पर ही क्रासिंग पर समानांतर दो लेन पुल के निर्माण के लिए नया प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। सेतु निगम जो प्रस्ताव तैयार करेगा उसकी जीएडी (जनरल एसेसमेंट ड्राइंग) लोक निर्माण विभाग को भी दी जाएगी। जब समानांतर पुल बन जाएगा तो आवागमन आसान हो जाएगा, क्योंकि एक पुल आने तो दूसरा जाने के लिए उपयोग में लाया जाएगा।

# सौर ऊर्जा उत्पादन में जिले को प्रदेश में दूसरा स्थान

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिले में पीएम सूर्य घर योजना के तहत सौर ऊर्जा का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। घरों की छतों पर लगाए गए सोलर रूफटॉप से बिजली उत्पादन क्षमता 100 मेगावॉट पार कर चुकी है।

14 अप्रैल तक 29,304 इंस्टॉलेशन के जरिए 103 मेगावॉट क्षमता दर्ज की गई है। सोलर रूफटॉप उत्पादन में कानपुर अब प्रदेश में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है, जबकि लखनऊ पहले और वाराणसी तीसरे स्थान पर है। सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में योजना की समीक्षा बैठक की गई। बताया गया कि रोज औसतन 108 नए कनेक्शन हो रहे हैं। कानपुर को सिटी एक्सीलरेशन प्रोग्राम में शामिल किया गया है, जिसका उद्देश्य शहर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करना है। 20 से 26 अप्रैल तक सूर्य रथ के जरिए जागरूकता अभियान चलेगा।

# बाजार में एक तिहाई खाद्य सामग्री खाने के लायक नहीं

- खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच और छापेमारी में मिलावट सामने आई
- पुराना बेतवा घाट एरिया में घरों के भीतर घुसा बाढ़ का पानी

**1772** खाद्य पदार्थों के नमूने खाद्य विभाग ने भरे

**525** खाद्य पदार्थों के नमूने जांच में निकले फेल

**02** करोड़ 10 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया

**कानपुर।** अगर आप भी बाजार में खाने-पीने के शौकीन हैं, तो यह जान लीजिए कि करीब एक तिहाई खाद्य सामग्री खाने के योग्य नहीं है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा भरे गए नमूनों में 30 फीसदी से अधिक खाद्य पदार्थों के नमूने जांच में फेल मिले हैं। इनमें मिठाइयां, पनीर, खोवा, जंक फूड प्रमुख रूप से शामिल हैं। जांच में इनके नमूनों में मिलावट मिली है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग ने खाद्य पदार्थों के 1772 नमूनों को जांच के लिए भेजा था, जिनमें 525 नमूने फेल पाए गये हैं। दीवाली और होली जैसे त्योहारों से पहले विभाग ने 7067 प्रतिष्ठानों की जांच की। 1237 प्रतिष्ठानों पर छापे मारे जहां से सैंपल एकत्र कर जांच के लिए भेजे गए। छापेमारी के 584 मामले एडीएम सिटी की कोर्ट में दायर किए गए हैं। सिविल कोर्ट में 50 मामलों को भेजा गया है। 595 मामलों का निपटारा हो चुका है। विभागीय अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि पूरी कार्रवाई में मिलावटी खाद्य वस्तुएं बेचने पर 2 करोड़ 10 लाख 82 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया है। एडीएम सिटी डॉ राजेश कुमार ने बताया कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर समय-समय पर छापेमारी व नमूनों को एकत्रित किया जाता है। त्योहारों में फूड सेफ्टी आन व्हील के माध्यम से नमूनों की जांच की गई, जिनमें बड़ी संख्या में नमूने मानकों पर खरे नहीं उतर सके।

**अक्षय तृतीया कल** | ज्वैलर्स ने लगाई ऑफर्स की भरमार, मांगलिक कार्यों की रहेगी धूम

# सराफा में चमक, शादी-ब्याह की बढ़ी रौनक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**60 %** सोने के दाम पिछले साल से इस बार ज्यादा

**15%** अधिक बिक्री के लिए ज्वैलर्स हैं आशान्वित

**1600** गेस्ट हाउस शादी-ब्याह के लिए बुक हो चुके

### इस तरह करें पूजा और कलश स्थापना

चौकी पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की मूर्ति या चित्र स्थापित करें। कलश स्थापना कर आह्वान करें। गंगाजल से स्नान कराएं या जल का छिड़काव करें। चंदन, अक्षत, पुष्प, धूप और दीप अर्पित करें। भगवान को पीले वस्त्र, फल, मिठाई, विशेष रूप से खीर या सत्तू का भोग लगाएं। मंत्र का जप करें और आरती उतारें।

**अमृत विचार।** अक्षय तृतीया के लिए सराफा बाजार सज गया है। ज्वैलर्स ने मेकिंग चार्ज में 25 से 30 फीसदी तक छूट, बड़ी खरीद पर राहत, प्री-बुकिंग और कैशबैक जैसे ऑफरों की झड़ी लगा दी है। हालांकि इस बार सोने के भाव पिछले साल से 60 फीसदी ज्यादा है, फिर भी कारोबारी करीब 15 फीसदी अधिक बिक्री को लेकर आशान्वित हैं।

इसकी वजह, अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध सिमटने की खबरों से सोने की कीमतें बढ़ने की आशंका के बावजूद बड़ी मात्रा में हो रही प्री-बुकिंग है। उधर, अक्षय तृतीया पर शहर में बड़ी संख्या में विवाह होंगे, इसके लिए तैयारी शुरू हो गई है। करीब 1600 से ज्यादा गेस्ट हाउस बुक हो चुके हैं।

ज्योतिषाचार्य पं.मनोज कुमार द्विवेदी के अनुसार, वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि 19 अप्रैल, रविवार सुबह 10.50 बजे तक रहेगी। इसके बाद तृतीया तिथि आरंभ हो जाएगी, जो 20 अप्रैल, सोमवार सुबह 7.20 बजे तक रहेगी। अतएव अक्षय तृतीया पर्व रविवार को ही मनाया जाएगा। इस दिन अनबूझे मुहूर्त के चलते बड़ी संख्या में शादियां होंगी। बैंड-बाजों के साथ शहनाइयां गूंजेंगी।

**गृह प्रवेश, भूमि, वाहन खरीद और नए बिजनेस भी शुरू होंगे:** इस दिन नया वाहन लेना, गृह प्रवेश, आभूषण खरीदना जैसे शुभ काम किए जाते हैं। नई जमीन खरीदना, शेयर मार्केट में निवेश, नया बिजनेस शुरू करना भी लाभकारी सिद्ध होता है। माना जाता है कि इस दिन दान करने से धन का ह्रास नहीं होता बल्कि धन-संपदा में वृद्धि होती है। पवित्र नदियों में स्नान, दान, ब्राह्मण भोज, कर्म, यज्ञ और ईश्वर की उपासना अक्षय फलदायी माने गए हैं। कोई भी कार्य शुरू करने पर आसानी से पूरा हो जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्म हुआ था। इसे सतयुग और त्रेतायुग के आरंभ से भी जोड़ा जाता है। महाभारत काल में भगवान श्रीकृष्ण का पांडवों को दिया गया अक्षय पात्र भी इस दिन की महिमा से जुड़ा माना जाता है।




## सिटी ब्रीफ

### ई-रिक्शा बेचकर भागा चालक, रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर।** ग्वालटोली की मुन्नी देवी के अनुसार रोज की तरह इलाकाई विक्की उर्फ पप्पू बीती 30 मार्च की सुबह रिक्शा लेकर गया था। इसके बाद देर शाम तक वापस नहीं आया और न ही किराया दिया। तलाश के दौरान बीती पांच अप्रैल को आरोपी चालक मिला। ई-रिक्शा लौटाने की बात पर उसने अभद्रता कर गाली-गलौज की। आरोप है कि आरोपी ने ई-रिक्शा बेच दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

### महिला अधिवक्ता पर लगाए गंभीर आरोप

**कल्याणपुर।** आवास विकास तीन के केशव लाल गुप्ता ने कल्याणपुर तहरीर एसीपी को तहरीर में बताया कि रकबा संख्या 1087 में उनके नाम पर 5 बिस्वा जमीन राजस्व विभाग के अभिलेखों में दर्ज है। कुछ वर्ष पूर्व आवास विकास तीन निवासी एक महिला अधिवक्ता ने बहलाकर उनसे दो सौ वर्ग गज जमीन लेने की बात कहकर 245 वर्गगज का बैनामा करा लिया था। इतना ही नहीं महिला अधिवक्ता ने तय रकम का भुगतान भी उन्हें नहीं किया। इस संबंध में हाईकोर्ट में मामला विचाराधीन चल रहा है। इधर महिला अधिवक्ता ने चोरीछिपे प्लाट को किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया। जो उनकी पूरी भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। एसीपी कल्याणपुर ने बताया कि जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### छात्र को घेरकर बेल्ट और रॉड से पीटा

**कानपुर।** नजीराबाद में दबंगों ने स्कूल से घर लौट रहे छात्र को घेर लिया व गिराकर बेरहमी से पीटा। लात व बेल्ट से पिटाई पर छात्र बेहोश हो गया। इलाकाई लोगों के आने पर आरोपी धमकी देकर भाग निकले। पीड़ित छात्र ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट कराई है। चुन्नीगंज निवासी छात्र सक्षम गौतम की ओर से दी तहरीर के अनुसार गुरुवार दोपहर वह अशोक नगर स्थित स्कूल से घर लौट रहा था, तभी 80 फीट रोड पेट्रोल पंप के पास आयुष कनौजिया, अनुराग दिवाकर और सुशांत जायसवाल ने उसे घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए पकड़कर मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं हमलावरों ने चौकी के समीप बेल्ट, ईंट और लोहे की रॉड से पीटा। शोर सुनकर इलाकाई लोग व स्कूल के शिक्षक समेत अन्य लोग आ गए। लोगों को देखकर आरोपी भाग निकले।

## झटका दे रहे गड्ढे



शहर के जर्जर पुलों से गुजरना मतलब जिंदगी को मौत की डगर पर चलने जैसा है। सीओडी पुल वर्ष 2020 में तथा श्याम नगर पुल वर्ष 2011 में निर्माण व उद्घाटन के पश्चात् मात्र 06 से 15 वर्षों में ही पुल की सड़क में दरार आ गई। जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। हिचकोले खाते पुल के लोहे के गाडर टूटकर जर्जर हो गए है। अब इन पुलों से गुजरने वाले राहगीरों की जान को खतरा बना है। विभाग ने पुल की इस हालत को देखने के बजाय आंखें बंद कर रखी हैं। फोटो - मनोज तिवारी

# 4 दरोगाओं को चकमा देकर भागा लुटेरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गुरुवार देर रात मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से माइनर ओटी में भर्ती कराया गया था बदमाश
- पुलिसकर्मियों में मचा रहा हड़कंप हैलट परिसर में ही झाड़ियों में छिपे लुटेरे को क्राइम ब्रांच ने दबोचा

**अमृत विचार।** पुलिस मुठभेड़ में दबोचा गया लुटेरा अभिरक्षा में हैलट से भाग निकला। हालांकि क्राइम ब्रांच ने दो घंटे में उसे पकड़ लिया। इस दो घंटे में शहर की पुलिस इधर से उधर भागकर चकरघिन्नी बनी रही। बर्रा पुलिस ने गुरुवार देर रात लुटेरे को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी थी। इस पर लुटेरे को हैलट में भर्ती कराया गया था।

बर्रा पुलिस ने गुरुवार रात दो बजे फत्तेपुर चौराहा के पास चेकिंग के दौरान जूही परमपुरवा निवासी मुन्ना खान को मुठभेड़ में दबोचा था। लुटेरे के पास लूट की बाइक, 1200 रुपये, तमंचा व कारतूस बरामद हुआ था। पैर में गोली लगने से घायल मुन्ना को हैलट की माइनर ओटी में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी सुरक्षा में दरोगा रुप किशोर, राकेश यादव, रोहित कुमार व दुर्गेश प्रताप सिंह थे।

हैलट से शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे आरोपी सुरक्षा में तैनात सभी दरोगा को चकमा देकर भाग गया। इस पर दरोगाओं में खलबली मच गई। हैलट का हर कोना तलाशा गया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद पुलिस अधिकारियों को जानकारी दी गई। हैलट में सघन तलाशी हुई और पुलिस शहर की पुलिस सड़क पर उतर आई। करीब दो घंटे बाद क्राइम ब्रांच ने आरोपी को अस्पताल परिसर से ही गिरफ्तार कर लिया।



लुटेरा मुन्ना खान।

### लापरवाही में दो दरोगा सस्पेंड, जांच शुरू

- मुठभेड़ में घायल होने के बाद हैलटअस्पताल में भर्ती कराए गए लुटेरे की निगरानी में चार दरोगा तैनात थे, जिन्हें वह चकमा देकर भाग निकला। इसे घोर लापरवाही मानते हुए देर शाम दो दरोगाओं रोहित कुमार और दुर्गेश प्रताप सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं।

### घायल होने से झाड़ियों में छिपकर बैठा रहा

- पता चला कि वह झाड़ियों में छिपकर बैठा था। डीसीपी क्राइम श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि पैर में गोली लगने के कारण आरोपी भाग नहीं पाया था। आरोपी मुन्ना ने अपने साथी के साथ मिलकर गुरुवार तड़के बर्रा बाइपास के पास सिंह ढाबा के सामने मोहित निषाद से पांच हजार रुपये व मोबाइल की लूट की थी। दरोगा रुप किशोर, राकेश यादव दोनों साथी दरोगाओं को बताकर जांच रिपोर्ट लेने गए थे, इसलिए बच गए।

अर्मापुर के केंद्रीय विद्यालय से दसवीं की परीक्षा 92 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की

# शिक्षकों की प्रताड़ना से क्षुब्ध मेधावी छात्रा ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- साथियों को मोबाइल से भेजी वॉयस रिकार्डिंग, बोली- अब जीने की इच्छा नहीं रह गई
- परिजनों ने शिक्षकों पर प्रताड़ना का लगाया आरोप, इधर गुमशुम रहने लगी थी छात्रा वैशाली

**अमृत विचार।** पनकी में दसवीं की छात्रा ने 92 प्रतिशत अंक से सीबीएसई परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके दूसरे दिन ही छात्रा ने सुसाइड कर लिया। शव फंदे पर लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। छानबीन में छात्रा के मोबाइल पर साथियों को भेजी गई वॉयस रिकार्डिंग का ब्योरा मिला, जिसमें कहा, मैं एक जिंदा लाश बनकर रह गई हूं। अब मुझे जीने की इच्छा नहीं है। शिक्षक प्रताड़ित करते हैं। भाई से भी कहा था कि मुझे डर लगता है। मां पैसा खर्च कर रही हैं, कहीं उनका पैसा बर्बाद न हो जाए।



वैशाली सिंह।

रतनपुर शिवालिका भवन निवासी 16 वर्षीय वैशाली सिंह अर्मापुर स्थित केंद्रीय विद्यालय-वन में 10वीं की छात्रा थी। तीन दिन पहले परीक्षा परिणाम आया था, जिसमें उसने 92 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। उसके परिवार में मां काजल और भाई प्रिंस हैं। उसके पिता वीरेंद्र सिंह की दो साल पहले मौत हो गई थी। बच्चों की परिवरिश के लिए मां काजल एक कपड़े के शोरूम में काम करने लगी थीं।

मां के मुताबिक गुरुवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे उन्होंने बेटी को कॉल किया, लेकिन रिसीव नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने बेटे प्रिंस को फोन कर वैशाली से बात कराने के लिए कहा। प्रिंस जब पहली मंजिल पर वैशाली के कमरे में पहुंचा तो उसका शव फंदे पर लटक रहा था। उसकी चीख निकल गई। मां बदहवाश हालत में फौरन घर पहुंचीं। सूचना पर पनकी पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच-पड़ताल कर रही है।



गुमशुम बैठी वैशाली की मां और करीबी महिलाएं। अमृत विचार

### भाई से तुलना करते थे स्कूल के शिक्षक

- भाई प्रिंस ने बताया कि वह भी केंद्रीय विद्यालय में 11वीं का छात्र था। उसके अच्छे नंबर नहीं आते थे। 11 अक्टूबर 2024 को पिता की मौत के बाद उसने पढ़ाई छोड़ दी थी। प्रिंस के अनुसार उसके पढ़ाई छोड़ने के बाद स्कूल के शिक्षक उससे तुलना कर बहन को मानसिक रूप से परेशान करते थे। शिक्षक कहते थे कि तुम प्रिंस की बहन हो, उसी की तरह हो। तुम्हारे नंबर भी उसी की तरह आएंगे।

### पढ़ाई के लिए हमेशा हौसला बढ़ाती थी मां

- स्कूल में शिक्षकों के ताने मारने के कारण वैशाली परेशान रहती थी। घर आकर मां से रोती थी। मां उसे उत्साहित करती थीं कि मन लगाकर पढ़ो और खुद को साबित करो। वह खूब पढ़ने लगी थी। कहती थी कि शिक्षकों को गलत साबित करना है। टेस्ट में उसके अच्छे नंबर आने लगे थे। इसके बावजूद वह शिक्षकों की प्रताड़ना के कारण तनाव में रहती थी। उसके मन में दो-तीन दिन से सुसाइड के विचार आ रहे थे और आखिर उसने यह कदम उठा लिया।

### इधर गुमशुम सी रहने लगी थी वैशाली सिंह

- प्रिंस के अनुसार पढ़ाई के तनाव और शिक्षकों की प्रताड़ना के कारण बहन वैशाली ने हंसना-बोलना बंद कर दिया था। वह गुमशुम सी रहती थी। प्रारंभिक छानबीन में वैशाली के मोबाइल फोन पर पुलिस को वॉयस रिकार्डिंग मिली है। वॉयस रिकार्डिंग उसने अपने साथियों को भी भेजा थी, जिसमें उसने कहा था- अब जिया नहीं जाएगा। मैं जिंदा लाश बनकर रह गई हूं। मां पढ़ाई और मुझ पर पैसा खर्च कर रही हैं। कहीं पैसा बर्बाद न हो जाए। यह पीड़ा उसे बार-बार कुरेद रही थी।

# बीडीएस छात्रा ने हॉस्टल में फंदा लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बिहार के मुंगेर की रहने वाली थी गुरुवार को कालेज से आने के बाद उठाया कदम
- पड़ोसी छात्राओं की सूचना पर पुलिस ने दरवाजा तोड़ा, घरवालों को दी जानकारी

**अमृत विचार।** कल्याणपुर में बीडीएस फाइनल ईयर की छात्रा ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। मंधना स्थित रामा मेडिकल कालेज एंड रिसर्च सेंटर की छात्रा गूबा गार्डन स्थित हॉस्टल में रहती थी। जब वह कमरे से बाहर नहीं निकली। दरवाजा बंद पाकर पड़ोसी छात्राओं ने हॉस्टल संचालक व पुलिस को खबर दी। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा। कमरे में घुसते ही छात्रा का शव लटका पाया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम भेजा।

बिहार के मुंगेर करबला रोड आजाद कालोनी निवासी मो. हसन की 23 वर्षीय बेटी नाजिया हसन मंधना स्थित रामा मेडिकल कालेज एंड रिसर्च सेंटर में बीडीएस फाइनल ईयर की छात्रा थी।

पिता के अनुसार बेटी गूबा गार्डन स्थित हॉस्टल में रहती थी। गुरुवार कॉलेज से लौटने के बाद नाजिया ने हॉस्टल के कमरे में फंदे से लटककर सुसाइड कर लिया। जब देर शाम तक वह कमरे से बाहर नहीं निकली और न ही दरवाजा खोला तो बगल के कमरों में रहने वाली छात्राओं ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। न ही दरवाजा खुला।

इस पर छात्राओं को अनहोनी का संदेह हुआ और हॉस्टल संचालक व डायल 112 पर सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी। छात्रा का शव फंदे से लटका पाया। पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद नाजिया के परिजनों को खबर दी।

सूचना पाकर उसकी बड़ी बहन फौजिया, चचेरा भाई अल्तमस व पिता मो. हसन कानपुर आए। पिता ने कहा कि बेटी ने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसकी वजह स्पष्ट नहीं है। उन्होंने बताया कि बेटी बीडीएस कंप्लीट होने पर बिहार में ही हॉस्पिटल खोलने की तैयारी कर रही थी। जमीन भी खरीद ली थी। बुधवार शाम बेटी से फोन पर बात हुई थी, बातचीत में नहीं लगा कि वह ऐसा कदम उठा लेगी।

# 25 हजार की इनामी महिला धरी गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महिला के खिलाफ जूही, बर्रा गुजैनी और काकादेव थाने में दर्ज हैं 10 मुकदमे
- फर्जी रजिस्ट्रियां कर लोगों से की करोड़ों रुपये की ठगी, महिला को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**अमृत विचार।** गुजैनी पुलिस ने फर्जी रजिस्ट्रियां करके करोड़ों की ठगी करने वाली 25 हजार की इनामी महिला को रामगोपाल चौराहा से पकड़ा। उस पर जूही, बर्रा, फीलखाना, काकादेव व गुजैनी में धोखाधड़ी समेत 10 केस दर्ज हैं।

बर्रा-आठ की रहने वाली विभा सचान धोखाधड़ी के मामले में फरार थी। उस पर इनाम घोषित था। गुजैनी थानाप्रभारी राजन शर्मा ने बताया कि बर्रा तीन जनतानगर निवासी भाजपा नेता आशीष प्रताप सिंह ने विभा सचान और उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा कराया था। आरोप है कि उनके पिता रघुवीर सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने काकादेव निवासी प्रापर्टी डीलर अमन सिंह के जरिए मेहरबानसिंह का पुरवा में 22 लाख में प्लाट की रजिस्ट्री कराई थी, लेकिन जब रुपये की जरूरत पर पिता ने प्लाट बेचना चाहा तो पता चला कि विभा सचान, अमन, अजय पटेल ने उनके प्लाट पर कई रजिस्ट्री कर रखी हैं। उन्होंने रुपये मांगे तो आरोपियों ने धमकाया। इस सदमे में पिता की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। इसी तरह बीते साल फरवरी माह में राजीव सचान, जयपाल यादव, सुनील सिंह, योगेश सचान, ओपी यादव, सुधीर यादव, सुदेश चंद्र यादव और प्रशांत मिश्रा ने विभा सचान, उसके पति बाबू सचान और साथी अजय पटेल पर फर्जीवाड़ा से प्लाट की रजिस्ट्री कराने और रकम हड़पने की रिपोर्ट दर्ज हुई थी।



धोखाधड़ी में पकड़ी गई इनामी विभा सचान। अमृत विचार

# 60 वर्ष पुराना पेड़ काटा जाम लगाकर नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी के राजीव नगर में एक शोरूम के पास 60 साल पुराने बरगद के पेड़ को काट दिया गया। जिससे आक्रोशित होकर पार्षद व स्थानीय लोगों ने शोरूम के बाहर बैठकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया। लोगों शोरूम मालिक पर पेड़ काटने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया।

पार्षद जितेंद्र चौरसिया, अनिल जायसवाल, जितेंद्र गुप्ता, शिबू गुप्ता व कुलदीप श्रीवास्तव समेत लोगों का कहना है कि बरगद का पेड़ 60 वर्ष पुराना था। जहां महिलाएं पूजा करती थीं। लोगों का कहना है कि पेड़ की छंटाई की अनुमति ली गई थी, लेकिन उसे जड़ से ही काट दिया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की महिलाएं आगामी अक्षय तृतीया पर पूजन करना था। उन्होंने कहा कि तीन बार वीडियो बनाकर वायरल किए थे, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। गुरुवार को मौका मिलते ही पेड़ काट दिया गया। पार्षद जितेंद्र चौरसिया ने बताया कि यदि प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई नहीं करता है तो लोगों के साथ मिलकर 60 बरगद के पेड़ लगाएंगे और आंदोलन करेंगे। लोगों ने पुलिस चौकी से जगईपुरवा जाने वाली सड़क जामकर नारेबाजी की। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# सीलिंग की जमीन खाली कराई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** तौधकपुर में 600 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में आराजी संख्या 104 चरागाह की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से बाउंड्रीवॉल और अस्थाई निर्माण कर लिया गया था, जिसकी जानकारी पर शुक्रवार को भूमि बैंक जोन-4 की जोनल प्रभारी अधिकारी डॉ.अर्चना शर्मा भूमि बैंक के अमीनों, प्रवर्तन अनुभाग-4 के स्टाफ, सुपरवाइजर व सेन पश्चिमपारा थाने की पुलिस बल साथ मौके पर पहुंची।

यहां पर अवैध निर्माण पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। इसके अलावा बिनगवां में 500 वर्ग मीटर क्षेत्र में आराजी संख्या 770 अरबन सीलिंग की जमीन पर भी अवैध रूप से बाउंड्रीवॉल व अस्थाई निर्माण कर लिया गया था, जिसको ध्वस्त करते हुए केडीए टीम ने खाली कराया। जोनल प्रभारी अधिकारी डॉ.अर्चना शर्मा ने कब्जेदारों को चेतावनी दी कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया जाता है तो नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कार्यवाही की जाएगी।

बताया कि अवैध कब्जे से अतिक्रमण मुक्त करायी गयी भूमि पर अभियन्त्रण खण्ड के माध्यम से प्री-कास्ट बाउण्ड्री कर भूमि को सुरक्षित किये जाने की कार्यवाही भी की जा रही है, जिससे दोबारा अवैध कब्जा व अतिक्रमण न हो सकें। साथ ही अपील है कि अवैध निर्माण व अतिक्रमण स्वयं हटा लें, नहीं तो केडीए द्वारा नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। ध्वस्तीकरण में हुए खर्च बकाया भू-राजस्व की भांति संबंधित व्यक्तियों से वसूल किया जाएगा।



जमीन को कब्जा मुक्त कराते केडीए अधिकारी। अमृत विचार

- लोगों ने जमीनों पर कब्जा कर बाउंड्री और अवैध निर्माण करा लिया था, अब होगी वसूली

अच्छी खबर

हैलट अस्पताल में दान की गई 50 लाख की मशीनों से मरीजों को मिलेगी सहूलियत

# अब लेजर विधि से मोतियाबिंद और ग्लूकोमा की सर्जरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में अब लेजर विधि से मोतियाबिंद व ग्लूकोमा की सर्जरी होगी। साइट सेर्वस संस्था ने यग लेजर मशीन दान स्वरूप दी है, जिसकी मदद से मोतियाबिंद की सर्जरी के बाद जटिलताओं को कम किया जाएगा और ग्लूकोमा के इलाज में भी इसका इस्तेमाल होगा। इसके अलावा फेको मशीन समेत पांच आधुनिक उपकरण भी संस्था ने दान किया है, जिसका लाभ मरीजों के साथ मेडिकल छात्र-छात्राओं को अध्ययन में भी मिलेगा।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग में गुरुवार को साइट सेर्वस संस्था ने यग लेजर, स्लिट लैप, टोनोमीटर विथ टॉप, ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप, ऑटो रेफरेक्टोमीटर विथ मोटेरीजेस टेबल व फेको सिस्टम दान स्वरूप दिया, जिसका उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य प्रो.संजय काला, उप प्राचार्य प्रो. रिचा गिरी, हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ.सौरभ अग्रवाल ने किया। प्राचार्य प्रो.संजय काला ने बताया कि यह मशीनें रेजीडेंट के पठन-पाठन के साथ मरीजों की उचित जांच विशेष रूप से मोतियाबिंद, कार्निया व ग्लूकोमा के लिए अतिलाभकारी साबित होगी। मरीजों को लाभांवित करने के लिए मशीनों का दान करना संस्था द्वारा काफी सराहनीय कार्य है। नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ.परवेज खान ने बताया कि यह सभी उपकरण करीब 50 लाख रुपये के हैं, जिनकी मदद से मरीजों को काफी लाभ मिलेगा। जटिलताएं कम होगी। साइट सेर्वस संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के जनहित कार्य जारी रहेंगे। डॉ.शालिनी मोहन ने बताया कि अब विभाग में तीन फेको मशीन उपलब्ध है, जिसकी मदद से मरीजों की लंबी लाइन नहीं लगेगी। नई मशीनों के आने से आंखों की जांच व चश्मे के नंबर के लिए भी मरीजों को अधिक देर नहीं लगेगी। इस दौरान डॉ.नम्रता पटेल, डॉ.शुभांशी, डॉ.आकांक्षा, सभी सीनियर रेजीडेंट, जूनियर रेजीडेंट व सभी नर्सिंग स्टाफ शामिल रहे।



मशीन के साथ मौजूद प्राचार्य प्रो .संजय काला, विभाग की टीम व संस्था के सदस्य।

### मोतियाबिंद की सर्जरी के बाद झिल्ली हो जाती धुंधली

- डॉ.पारुल सिंह ने बताया कि मोतियाबिंद की सर्जरी के बाद अक्सर प्राकृतिक लेंस के पीछे की झिल्ली धुंधली हो जाती है। लेजर की मदद से इस झिल्ली में एक छोटा सा छेद बनाया जाता है, जिससे रोशनी वापस रेटिना तक पहुंचने लगती है और दृष्टि साफ हो जाती है। धुंधला दिखने की समस्या दूर हो जाती है। वहीं, यह ग्लूकोमा के मरीजों के लिए भी लाभदायक साबित होगी। लेजर की मदद से आइरिस (आंख का रंगीन भाग) में एक छोटी सी ओपनिंग बनाई जाती है, जिससे आंख के अंदरूनी दबाव को कम किया जाता है, ताकि फ्लूइड का प्रवाह बेहतर हो सके। ओप्थेलमिक स्टैंड लेजर मशीन को स्थिर रखता है, जो आंख जैसे नाजुक अंग पर माइक्रो-लेवल का काम करने के लिए अनिवार्य है। यह लेजर एक डायग्नोस्टिक स्लिट लैंप से जुड़ा होता है, जो डॉक्टर को स्क्रीन या आईपिस के माध्यम से आंख के पिछले और अगले हिस्से को स्पष्ट रूप से देखने और लेजर को सही जगह पर केंद्रित करने में मदद करता है।

# किशोरी के धर्म परिवर्तन का शक

**कानपुर।** काकादेव में चांद खान से रोहन बनकर किशोरी को फंसाया, फिर उसे अपने साथ ले गया। बेटी के न मिलने पर परिजनों को आशंका है कि शातिर बेटी पर दबाव बनाकर उसका धर्म परिवर्तन न कर दे। पुलिस ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की है।

शास्त्रीनगर स्थित नेहरू इंदिरा मलिन बस्ती निवासी 17 वर्षीय किशोरी घरों में काम करती थी। पिता के अनुसार 15 अप्रैल को वह काम पर गई थी, लेकिन उसके बाद घर नहीं आई। परिजनों के अनुसार पनकी पॉवर हाउस के पास रहने वाले चांद खान ने अपना नाम रोहन बताकर पहले बेटी को प्रेमजाल में फंसाया, फिर अपने साथ ले गया। आशंका है कि बेटी पर दबाव बनाकर कहीं धर्म परिवर्तन न करा दे। थाना प्रभारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर पर चांद खान उर्फ रोहन के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई है।



परेड चौराहे पर विपक्ष का पुतला फूंकते भाजपाई। अमृत विचार

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर भाजपा ने विपक्ष का फूंका पुतला

**कानपुर।** भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध पर विपक्ष पर हमला बोला। कहा कि विपक्ष ने विधेयक के खिलाफ मतदान कर महिलाओं का अपमान किया है।

जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित ने भी विपक्ष के रवैये को दोहरा चरित्र बताया। भाजपा महिला मोर्चा ने परेड चौराहे पर देर रात प्रदर्शन कर विपक्ष का पुतला दहन किया। मातृ शक्ति के सम्मान में, भाजपा मैदान में के नारों के बीच आक्रोश जताया गया। प्रदर्शन में महापौर प्रमिला पांडे, विधायक नीलिमा कटियार, अनुराग शर्मा, प्रमोद विश्वकर्मा, सरोज सिंह, सीमा एमबीए, पूनम कपूर, किरन तिवारी, रीता पासवान, नवाब सिंह, बबीता निगम, अभिमन्यु सक्सेना, हर्षित श्रीवास्तव, शुभ्रा अवस्थी, विनोद पाल, प्रशांत त्रिपाठी, राधा सैनी आदि मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### फर्जी आवास योजना से रहें सावधान

कानपुर। जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के परियोजना अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान में किसी भी नि:शुल्क आवासीय योजना के लिए आवेदन पत्र वितरित नहीं किए जा रहे हैं। विभाग के संज्ञान में आया है कि कुछ असामाजिक तत्व 'आसरा आवास योजना' और 'मा. कांशीराम शहरी गरीब आवास योजना' के नाम पर लोगों से आवेदन भरवाकर फर्जी आवंटन पत्र जारी कर धन वसूली कर रहे हैं। डूडा ने इसे पूरी तरह भ्रामक बताया है। अधिकारियों ने कहा कि सभी योजनाएं नि:शुल्क हैं और किसी भी शुल्क का भुगतान न करें। जानकारी के लिए विकास भवन स्थित कार्यालय में संपर्क करें।

### अंबेडकर जयंती पर महाराजपुर में गोष्ठी

कानपुर। महाराजपुर विधानसभा के वार्ड 41, सकरापुर स्थित अमृत रिजॉर्ट, जरौली में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर भव्य गोष्ठी आयोजित हुई। मुख्य अतिथि सतीश महाना ने कहा कि बाबा साहब ने समान अधिकार और सामाजिक न्याय के लिए जीवन समर्पित किया। उन्होंने संविधान को देश की आत्मा बताते हुए उसके आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया गया। बीडी राय, ज्ञानू अवस्थी, कैलाश पांडे सहित कई कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### केडीएमए एकादश की 9 विकेट से बड़ी जीत

कानपुर। प्रथम स्वर्गीय सुनील तिवारी अंडर-13 क्रिकेट प्रतियोगिता में केडीएमए एकादश ने नौ विकेट से रामपुरम एकादश को हराया। किदवई नगर स्थित साउथ मैदान में पहले बल्लेबाजी करते हुए रामपुरम एकादश 15 ओवर में नौ विकेट पर 40 रन ही बना सका। जवाब में केडीएमए ने लक्ष्य को एक विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। मैच में पांच विकेट लेने वाले केडीएमए के गेंदबाज अनुपम को मैन आफ द मैच चुना गया।

### रोवर्स जूनियर ने 29 रनों से हराया

कानपुर। रोवर्स अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को रोवर्स जूनियर ने एसबीएस एकादश को 29 रन से पराजित किया। जाजमऊ के रोवर्स मैदान में रोवर्स जूनियर ने 25 ओवर में आठ विकेट पर 153 रन बनाए। सम्राट ने 48 गेंदों पर 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। उनका साथ 25 रन बनाकर प्रिंस ने दिया। एसबीएस एकादश के शुभ और हर्ष ने दो-दो विकेट चटकाए। जवाब में एसबीएस एकादश 24.2 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 124 रन ही बना सकी। सम्राट को मैन आफ द मैच चुना गया। सम्राट ने 11 चौके लगाकर टीम को 29 रन की जीत दिलाई।

### 322 युवाओं को किया गया शॉर्टलिस्ट

कानपुर। सेवायोजन विभाग की ओर से शुक्रवार को उत्तम प्राइवेट आईटीआई सनिगवां रोड में रोजगार मेला लगाया गया। मेले की शुरुआत महापौर प्रमिला पाण्डेय ने की। निजी कंपनियों की ओर से युवाओं का साक्षात्कार लिया गया। मेले में 524 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिसमें 322 छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षिक योग्यता एवं साक्षात्कार के आधार पर शार्टलिस्ट व चयनित किया गया। मेले में आशीष मिश्र, सतीश पाण्डेय, क्षेम अग्निहोत्री, शैलेन्द्र कुमार, अजय कुमार शुक्ला, प्रशान्त कुमार व शिवशंकर सिंह मौजूद रहे।

# युद्ध और टैरिफ को चुनौती दे रहे शहर के युवा

## इस बार 1138 युवाओं ने लाइसेंस लेकर निर्यात कारोबार में रखा कदम, एफटीए में लाभ उठाने का प्लान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** निर्यात कारोबार में पनपी विपरीत परिस्थितियों को शहर के युवा चुनौती दे रहे हैं। इस बार 1138 युवाओं ने निर्यात कारोबार में कदम रखा है। खास बात यह है कि पिछले तीन वर्षों की बात की जाए तो इस बार निर्यात लाइसेंस लेने वालों की संख्या काफी अधिक हैं। निर्यात विशेषज्ञो का मानना है कि लाइसेंस लेने वालों में अधिकतर विदेशी कारोबार में फ्री ट्रेड एग्रिमेंट (एफटीए) का भविष्य में लाभ उठाने की योजना बना रहे हैं। यह भी माना जा रहा है कि आने वाले तीन से चार सालों में यह नए निर्यातक बेहतर परिणाम दे सकेंगे।

शहर में लगभग 42 सौ निर्यातक हैं। इनमें लगभग दो हजार निर्यातक बड़े निर्यातक व सक्रिय निर्यातकों में शामिल हैं। खास बात यह है कि शहर में सबसे अधिक 70 फीसदी निर्यातक लेदर सेक्टर से जुड़े हुए हैं। इनके अलावा होजरी,टेक्सटाइल, मशीनरी सहित अन्य सेक्टर के निर्यातक शामिल हैं। उधर नए निर्यातकों की बात की जाए तो इस वित्तीय 1138 निर्यातकों ने अपना पंजीकरध कराया है। इनमें 60 फीसदी लेदर सेक्टर से जुड़े निर्यातक शामिल हैं। इनके अलावा 40 फीसदी में एग्रो, टेक्सटाइल सहित अन्य सेक्टर के निर्यातक शामिल हैं। निर्यात विशेषज्ञों की माने तो इस बार टैरिफ और युद्ध के बीच निर्यात कारोबार में नए 'प्लेयर्स' आने की संभावना काफी कम जताई जा रही थी। बावजूद इसके इस बार पिछले तीन सालों में सबसे अधिक लाइसेंस युवाओं ने लिए हैं। पिठले दो वर्षों की बात की जाए तो लाइसेंस लेने वाले निर्यात कारोबारियों की संख्या 841 व 603 रही थी। निर्यात लाइसेंस लेने वालों की बढ़ी संख्या की एक वजह ईकॉमर्स कारोबार से जुड़े लोगों का भी लाइसेंस लिया जाना माना जा रहा है। पूरे मामले पर फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑग्रनाईजेशन के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि निर्यातकों की बढ़ी संख्या शहर के कारोबार के लिए बेहतर संकेत हैं। शहर में निर्यात कारोबार का अच्छा माहौल और सुविधाएं हैं। युवा वर्ग भी निर्यात कारोबार में बेहतर संभावनाएं देख रहा है। यही वजह है कि शहर में तेजी से लइसेंस लिए गए हैं।

### एफटीए से संभावनाएं

- निर्यात लाइसेंस हासिल करने वाले निर्यातकों को एफटीए से काफी संभावनाएं हैं। खासतौर पर न्यूजीलैंड, सिंगापुर, थाईलैंड, जापान, मलेशिया व ऑस्ट्रेलिया जैसे नए बाजार शामिल हैं। अमेरिका की ओर से टैरिफ लगाए जाने के बाद से ही यह अन्य देश छोटे और बड़े निर्यातकों के लिए बाजार का मौका बने हैं। ऐसे में नए निर्यातक भी इन देशों में कारोबार करने के लिए वहां के खरीदारों के साथ संपर्क स्थापित हो चुके हैं।

### पैकेजिंग सेक्टर को लाभ

- शहर में निर्यातकों की संख्या में इजाफा होने के बाद माना जा रहा है कि आने वाले तीन व चार सालों में शहर के पैकेजिंग सेक्टर को भी इसका अप्रत्यक्ष लाभ हासिल हो सकता है। इसके अलावा शहर से कुछ नए प्रोडक्ट भी विदेश जाने को लेकर तैयार हो सकते हैं। इनमें एग्रो प्रोडक्ट को प्रमुख माना जा रहा है।

# डीआरएम को बताई गई घटते व्यापार की समस्या

- कार्यदिवस दो साल पहले जैसा 16 घंटे करने की उठाई मांग

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर सीपीसी रेलवे गोदाम से जुड़े व्यापारियों व संगठनों ने घटते व्यापार को लेकर डीआरएम रजनीश अग्रवाल ।को ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल में ज्ञानेश मिश्र के नेतृत्व में विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल रहे। दो वर्ष पूर्व तक गोदाम का कार्यदिवस सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक, यानी 16 घंटे का था। इस दौरान शेष 8 घंटों में डैमरेज और वारफेज शुल्क में छूट मिलती थी, लेकिन कार्यदिवस को 24 घंटे किए जाने के बाद यह छूट समाप्त हो गई, जिससे व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक भार बढ़ा है। इसका असर यह हुआ कि सीमेंट, फर्टिलाइज़र, गल्ला और नमक जैसे माल की रेलवे से आवक कम होकर अब ट्रकों के जरिए फैक्ट्रियों से आने लगी है। व्यापारियों ने मांग की है कि कार्यदिवस की समीक्षा कर इसे पहले जैसा ही 16 घंटे किया जाए। गोदाम परिसर में सड़क निर्माण की धीमी गति पर भी चिंता जताई गई। लोकल ट्रक सर्विस यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि खराब सड़कों के कारण ट्रकों की लोडिंग में परेशानी हो रही है। साथ ही, गोदाम के अंदर खराब ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने की मांग भी उठाई गई। इस दौरान संजय सिंह भदौरिया, अब्दुल वहीद, मो.शाहिद, सुरेंद्र जायसवाल, अजय गुप्ता राजू और आलोक बाजपेयी आदि रहे।

## महिला और मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण व सशक्तिकरण पर तीखी टिप्पणी

# डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने विपक्ष पर साधा निशाना

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर के नवाबगंज स्थित दीनदयाल उपाध्याय स्कूल में शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक शामिल हुए। कार्यक्रम में भाजपा नेता अपर्णा यादव भी मौजूद रहीं।




नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में शामिल हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बृजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख द्वारा मुस्लिम महिलाओं को अलग से आरक्षण देने की बात कही जा रही है, जबकि डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने इसे तुष्टीकरण की राजनीति करार दिया। डिप्टी सीएम ने कहा कि जब महिला आरक्षण बिल पास कराने की बात आई थी, तब कांग्रेस के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी ने इसका विरोध किया और सदन में बिल की प्रतियां तक फाड़ दी थीं। उन्होंने सवाल उठाया कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी महिलाओं को उनका अधिकार क्यों नहीं मिला। कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने तीन तलाक कानून लागू कर मुस्लिम महिलाओं को सशक्त बनाने का काम किया है और अब महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो चुकी हैं।

वहीं अपर्णा यादव ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि महिलाओं से जुड़े विधेयकों का विरोध करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए ऐसे प्रयासों का समर्थन किया जाना चाहिए। महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा कि जो नारी शक्ति का अपमान करते हैं उनका नाम भी लेना वो पसंद नहीं करती। उनका नाम लेना पाप समझती है। हालांकि बीच में उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव का नाम लिया तो लोग अपर्णा यादव की ओर देखने लगे।

जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण ने भी विपक्ष पर निशाना साधा। विधायक नीलिमा कटियार ने मोदी धन्यवाद के नारे महिलाओं से लगवाए।

कार्यक्रम में दो घंटे की ज्यादा देरी से डिप्टी सीएम पहुंचे। इंतजार करते-करते कुछ महिलाएं चली गईं। कार्यक्रम में महिला अधिकार, सुरक्षा और समाज में उनकी भागीदारी पर भी चर्चा हुई। इस दौरान शिवांग मिश्रा, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, उत्तर जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित, अवधेश सोनकर, प्रमोद विश्वकर्मा, अनीता गुप्ता, पूनम द्विवेदी, पूनम कपूर, सरोज सिंह, वेणु रंजन भदौरिया, अनीता त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा आदि रहे।



महिला आरक्षण बिल सितंबर 2023 में पहले ही पास हो चुका था, जिसका नोटिफिकेशन 16 अप्रैल 2026 को कर दिया गया है। यदि सरकार चाहे तो इसको आज ही लागू कर सकती थी, लेकिन सरकार की मनसा महिलाओं को आरक्षण देना नहीं है।

-अर्पणा जैन, राष्ट्रीय सचिव सपा



यदि सरकार चाहे तो आज ही महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण दे सकती है। संपूर्ण विपक्ष उनके साथ है लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार महिलाओं को आरक्षण नहीं देना चाहती है। महिला आरक्षण के नाम पर देश की महिलाओं को सिर्फ गुमराह किया जा रहा है।

– सुलेखा यादव, अध्यक्ष महिला सभा



भाजपा सरकार महिला आरक्षण को तुरंत लागू करने के बजाय वर्ष 2029 तक टालना चाहती है। आरक्षण को 2026 या 2029 के परिसीमन से जोड़ना सही नहीं है। इसे तुरंत लागू किया जा सकता था, लेकिन भाजपा की मनसा महिला आरक्षण को लागू करने की थी ही नहीं।

-उमा देवी, एडवोकेट



भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर सिर्फ छलावा कर रही है। इससे पहले भी भाजपा महिलाओं की सुरक्षा आदि के कई दावे किए थे, लेकिन वह आजतक पूरे नहीं हो सके है। अब इस विधेयक को जनगणना और परिसीमन से जोड़कर इसे टाला जा रहा है।

– कीर्ती अग्निहोत्री, पूर्व पार्षद सपा

## महिला आरक्षण पर क्या बोलीं महिलाएं



महिला आरक्षण से लोकतंत्र और मजबूत होता है। क्योंकि हर वर्ग की आवाज को समान महत्व मिलता है। यह नई पीढ़ी की महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है और समाज में सकारात्मक बदलाव लाता है। सभी जगहों पर महिलाओं की भागीदारी होगी।

-मोनिका शर्मा



महिला आरक्षण समाज में समान अवसर और संतुलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करता है, जिससे निर्णय प्रक्रिया अधिक समावेशी बनती है। यह महिलाओं को सशक्त बनाकर उनकी सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक भागीदारी को बढ़ावा देता है।

– सुधा ब्रह्म, मंडल मंत्री



नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि देश की मातृशक्ति के सम्मान और उनके अधिकारों का नया अध्याय है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं, जिनके नेतृत्व में आज नारी शक्ति को उसका यथोचित सम्मान मिल रहा है।

– स्वप्निल वरुण, जिला पंचायत अध्यक्ष

# कैंट बोर्ड में 10.64 करोड़ के विकास कार्यों के प्रस्ताव पास

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कैंटोनमेंट बोर्ड ने स्वच्छता और जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए करीब 10.64 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को मंजूरी दी है। नालियों की मरम्मत के लिए 2.93 करोड़ रुपये तथा सीवर लाइन और मैनहोल कार्यों के लिए 1.44 करोड़ रुपये से अधिक का बजट स्वीकृत किया गया।

सुलभ शौचालयों और पेशाबघरों की सफाई का तीन वर्षीय ठेका 7.14 करोड़ रुपये में दिया गया है। सड़क और यातायात व्यवस्था के लिए 20 हजार किलोग्राम बिटुमिन कंपाउंड की खरीद, सीसी सड़क निर्माण (1.33 करोड़) और इंटरलॉकिंग टाइल्स (1.28 करोड़) के कार्यों को मंजूरी मिली। 100 प्लास्टिक रोड बैरियर भी खरीदे जाएंगे। शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में कैंट बोर्ड स्कूलों के लिए 120 डुअल डेस्क (9.59 लाख) तथा 'प्रेरणा स्पेशल स्कूल' में विशेषज्ञ स्टाफ की नियुक्ति को स्वीकृति दी गई है। क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के तहत 260 डेकोरेटिव पोल लाइट्स (18.76 लाख) लगाने और जिम के लिए 98.18 लाख के उपकरण खरीदने का प्रस्ताव भी पास हुआ। इसके अलावा जल आपूर्ति सुधार, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, टॉयलेट ब्लॉक निर्माण, पार्क सौंदर्यीकरण और छोटे मरम्मत कार्यों को भी मंजूरी मिली है। गंगा में गिर रहे नाले को टैप करने के लिए गंगा जल प्रदुषण विभाग को स्टेट्स क्लब वाली रोड को खोदने के लिए बोर्ड ने एनओसी जारी कर दी है। बैठक में मुख्य रूप से ब्रिगेडियर एम. एस. जमवाल, स्टीफन पी.डी. (मुख्य अधिशासी अधिकारी), मो. हसन रूमी (विधायक), लखन लाल ओमर (नामित सदस्य) रहे।



कैंट बोर्ड की बैठक में भाग लेते अधिकारी। अमृत विचार

### विकास कार्यों में मुहर

| मद | स्वीकृत बजट |
|---|---|
| नाली मरम्मत | 2.93 करोड़ |
| सीवर/मैनहोल कार्य | 1.44 करोड़ |
| सफाई ठेका (3 वर्ष) | 7.14 करोड़ |
| सीसी सड़क निर्माण | 1.33 करोड़ |
| इंटरलॉकिंग टाइल्स | 1.28 करोड़ |
| जिम उपकरण | 98.18 लाख |
| डेकोरेटिव लाइट्स | 18.76 लाख |
| स्कूल डेस्क | 9.59 लाख |
| बिटुमिन कंपाउंड | 9.20 लाख |

### इच्छागिरी महाराज बने कोठार महंत

कानपुर। परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर में इच्छागिरी महाराज कोठार महंत बने हैं। वे इससे पहले भी मंदिर में महंत की व्यवस्था में सहयोग दे चुके हैं। जूना अखाड़े गुरुमूर्ति महाकाल गिरी जी महाराज का शुक्रवार को मंदिर परिषद श्री आनंदेश्वर धाम पहुंचते ही भक्तों सेवादार ने स्वागत किया।

मुख्य कोठारी महंत के रूप में महाकाल गिरीजी महाराज को व्यवस्था के रूप में इच्छा गिरी महाराज को जूना अखाड़े गुरु मूर्ति पूजा नारायण गिरी महाराज के अनुसार कानपुर भेजा गया है। बाबा आनंदेश्वर धाम पहुंचे दोनों महंतों को जूना अखाड़ा संरक्षक व अखाड़ा परिषद महामंत्री पुजारी जी महाराज के निर्देश पर पूज्य नारायण गिरी जी महाराज के अनुसार कानपुर पहुंचकर कार्यभार संभाला।

# 20 दुकानदारों ने 6 दिन में बेच डाली 245 टन खाद

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिले में 20 खाद विक्रेताओं को नोटिस जारी किया गया है। कृषि विभाग ने सभी से 3 दिन के भीतर जवाब मांगा है। जवाब में विभाग ने उन किसानों का ब्योरा मांगा है जिन्हें खाद बेची गई है।

सभी किसानों के पते, आधार व फोन नंबर मांगे गए हैं, जिससे बिक्री का सत्यापन कराया जा सके। गड़बड़ी मिलने पर लाइसेंस निरस्त किया जा सकता है। विभाग का मानना है कि अभी फसलों की बुआई का सीजन नहीं है। आशंका जताई जा रही है कि युद्ध के चलते कम आवक होने पर जमाखोरी हो रही होगी। हालांकि इस बात का पता जांच के बाद ही चल पाएगा। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 11 से 16 अप्रैल के बीच महज 6 दिनों में ही 245.56 टन उर्वरक किसानों को बेचने का रिकॉर्ड मिले हैं जिनकी जांच कराई जा रही है।

### इन्हें नोटिस चारी

- एम पैक्स, स्योधरी- 5.4 टन
- निकिल फर्टिलाइजर- 5.715 टन
- एम पैक्स खोजाउपुर- 5.76 टन
- एमपैक्स दुधवा जमौली- 7.965 टन
- एम पैक्स मखौली- 10.8 टन
- सेवा केंद्र गंगूपुर- 11.835 टन
- एम पैक्स दलेलपुर- 11.97 टन
- पारस कृषि सेवा केंद्र- 12.06 टन
- न्यू कुर्मी सेवा केंद्र- 12.15 टन
- एग्री जंक्शन, चौबेपुर- 12.915 टन
- एम-पैक्स बौसर- 13.095 टन
- एम-पैक्स भैंसू- 15.21 टन

# धर्मांतरण के विरोध में बजरंग दल का प्रदर्शन

- नासिक की घटना को एकता, सांस्कृतिक अस्मिता और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चुनौती बताया

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** धर्मांतरण व समाज में बढ़ती असुरक्षा की घटनाओं के विरोध में बजरंग दल ने शुक्रवार को कानपुर प्रान्त के सभी 21 जिलों में व्यापक आक्रोश प्रदर्शन किए गए।

प्रान्त मंत्री राजू पोरवाल ने कहा कि नासिक स्थित टीसीएस जैसे प्रकरण यह दर्शाते हैं कि अवैध धर्मांतरण अब एक संगठित षड्यंत्र का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि युवाओं को प्रलोभन, दबाव और छल के माध्यम से प्रभावित करने के प्रयास चिंताजनक हैं, इन पर सख्त रोक जरूरी है। हिंदू समाज अपनी अस्मिता और सुरक्षा के लिए संगठित होकर खड़ा है और किसी भी प्रकार के सामाजिक विघटन को स्वीकार नहीं करेगा। प्रदर्शनों के जरिए धर्मांतरण पर रोक के लिए राष्ट्रव्यापी कानून बनाने, महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, सरकारी व सार्वजनिक भूमि से अवैध कब्जे हटाने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। विभाग संयोजक नरेश तोमर के नेतृत्व में बड़ा चौराहा पर प्रदर्शन हुआ, जहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे। इस दौरान प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भी भेजा गया। बजरंग दल के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक प्रकाश शर्मा, रौनक राय, मोहित, विशेष सोनकर, आकाश यादव, अर्चना तिवारी, आशीष गुप्ता, अनुराग दुबे, कालीचरण, नितिन जगरानी, शुभम, प्रशांत शुक्ला, शिवम सोनकर, मुकेश, अनूप, विवेक द्विवेदी, सूरज चौहान आदि रहे।

ज्वलंत समस्या

## मनोवैज्ञानिकों के पास मानसिक तनाव से जुड़े मामले बढ़े, पहले से काउंसिलिंग कराने वालों पर मिल रहे लक्षण

# रसोई गैस सिलेंडर की चिंता शहरियों में बढ़ा रही तनाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में की समस्याएं आम घर को परेशान कर रहीं है। शहर में रसोई में सिलेंडर की किल्लत शहरवासियों को चिढ़चिढ़ा बना रहीं है। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि मनोवैज्ञानिक समस्याएं उन लोगों को अधिक हो रही है, जिनकी पहले से ही काउंसिलिंग चल रहीं है। स्थिति यह है कि शहर में काउंसिलिंग के लिए लोगों को अतिरिक्त समय देना पड़ रहा है।

रसोई गैस किल्लत से आम परिवारों के साथ ही औद्योगिक क्षेत्र और व्यापारी भी परेशान है। माना जा रहा है कि इस समस्या के पीड़ित लोगों को दायरा अधिक होने की वजह से काउंसलर के पास अधिक केस आ रहे हैं। मनोवैज्ञानिकों की माना जाए तो इस तरह की समस्याओं से परेशान लोगों की संख्या में इजाफा हो रहा है। रोजाना दो से तीन लोगो को काउंसिलिंग की जा रही है। पिछले 20 दिनों की बात की जाए तो लगभग 150 से अधिक मामले मनोवैज्ञानिकों के पास अब तक आ चुके हैं।

मनोवैज्ञानिक डॉ. एलके सिंह ने बताया कि पिछले लगभग 20 दिनों से काउंसिलिंग के केस में इजाफा हुआ है। यह इजाफा आम परेशानियों और नौकरी-कारोबार में सामंजस्य न बिठा पाने की वजह से हो रहा है। अचानक सामने आई परेशानियों से सामान्य जीवन में असर पड़ने से खासतौर पर 45 वर्ष से कम उम्र के लोग अधिक परेशान हो रहे हैं।

**केस 01** फजलगंज निवासी एक उद्यमी लगभग एक महीने से सिलेंडर की किल्लत से परेशान थे। सिलेंडर की कमी से उनके कारोबार पर असर पड़ रहा था। कारोबार पटरी पर आया तो पिछले दिनों आए तूफान से बिजली व्यवस्था चरमरा जाने से उनके प्रोडक्शन पर असर पड़ा। इस बीच अचानक परिवार और कारोबार से जुड़े लोगों से झगड़ा होने लगा। परिवार में उनके बच्चे की काउंसिलिंग कर रहे मनोवैज्ञानिक से उन्होंने संपर्क किया।

**केस 02** तिलक नगर निवासी एक बड़ी प्राइवेट कंपनी में काम करने वाले एक युवक की सिलेंडर लाने की जद्दोजहद में एक महीने में तय नियम से अधिक छुट्टियां हुई। जिससे उनके टास्क पूरे नहीं हो सके। टास्क पूरे न होने पर उनका अपने उच्चाधिकारियों के साथ विवाद हो गया। इस विवाद का असर उनके पारिवारिक जीवन पर भी तनाव के रूप में पड़ा। अब वे अपनी कंपनी के ही काउंसलर से काउंसिलिंग करा रहे हैं।



### लक्षण

- छोटी-छोटी बातों पर तेज से चिल्लाना या अनसुना कर देना
- व्यवहार में अचानक परिवर्तन हो जाना, रात में नींद कम आना
- सलाह देने वाले व्यक्ति से अचानक उलझ जाना
- पहले के मुकाबले अधिक समय मोबाइल फोन पर देना
- सामान्य बातां को भी भूल जाना या फिर उन्हें अनदेखा कर देना

### उपाय

- अचानक सामने आए सामाजिक टास्क को लेकर समय प्रबंधन करें
- यदि संभव हो तो सुबह टहलना या योग करना शुरू करना चाहिए
- यदि रात में नींद पूरी नहीं हुई तो दिन में नींद पूरी करें
- यदि तनाव महसूस कर रहे हैं तो ऑफिस से छुट्टी ले सकते हैं
- परिवार के साथ अधिक समय बिताना शुरू करें, बाहर घूमने जा सकते हैं

### जाम भी बन रहा वजह

- शहर का जाम भी शहरियों को तनाव देने की एक वजह मनोवैज्ञानिक मान रहे हैं। उनका कहना है कि परेशानी से जूझ रहा व्यक्ति जब जाम में फंसता है तो वह और अधिक तनाव का मसाना करना पड़ता है। इससे उनमें अनिद्रा व अवसाद जैसे लक्षण में छोटे स्तर पर दिखाई देने लगते हैं। ऐसे में लोगों को चाहिए कि यदि संभव हो तो परेशानी के समय जाम का सामना करने के बजाए वैकल्पि क रास्तों का प्रयोग करें।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## सिटी ब्रीफ

### 130 किशोरियों का टीकाकरण हुआ

**कानपुर।** सीएसजेएमयू की ओर से किशोरियों का निशुल्क टीकाकरण किया गया। इस दौरान 130 किशोरियों को वैक्सीन का अंतिम डोज लगाया गया। परमहंस राम मंगलदास विद्या इंटर कालेज, सवाईपुर, राम नगर कम्पोज़िट, उच्च प्राथमिक स्कूल, लुधवाखेड़ा, उच्च प्राथमिक स्कूल, हिंगूपुर, एवं टिक्कनपुरवा कम्पोज़िट, विद्यालय की किशोरियों को टीका लगाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक व वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा. वंदना पाठक, डा. अंजू मिश्रा, डा. संगीता मिश्रा, डा. प्रवीन कटियार, डा. मुनीश रस्तोगी एवं डा. मुदित वर्मा ने की। टीका लगाने का कार्य जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की टीम द्वारा किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ. अनुराधा कालानी, डॉ. दिग्विजय शर्मा, मयूरी, डॉ. मोहित कुमार व अभियान के समन्वय डॉ. प्रवीन कटियार रहे।

### एआई पर राष्ट्रीय कार्यशाला शुरू

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में एआई पर राष्ट्रीय कार्यशाला शुक्रवार को शुरु हुई। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मूल सिद्धांतों, आधुनिक तकनीकों एवं भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में संसाधन व्यक्तियों के रूप में डॉ. धर्म राज सिंह (असिस्टेंट प्रोफेसर, जगतपुर पीजी कॉलेज, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय) एवं डॉ. अनुभव कुमार प्रसाद (असिस्टेंट प्रोफेसर, यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, प्रयागराज) प्रतिभागियों को एआई पर जानकारी दी। कार्यक्रम की आयोजन अध्यक्ष प्रो. अंजू दीक्षित रही। संयोजक डॉ. संदीप कुमार पोरवाल एवं समन्वयक डॉ. पीएन पाठक रहे। आयोजन के प्रशिक्षण सत्रों के दौरान प्रतिभागियों को न्यूरल नेटवर्क के इनपुट-आउटपुट सिद्धांत, डेटा से ज्ञान और बुद्धिमत्ता तक की प्रक्रिया के माध्यम से एआई के विकास को समझाया गया।

### विजेताओं को किया गया सम्मानित

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के 'सेवा उद्यान' में चल रहे दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव अभिव्यक्ति के अंतिम दिन विजेताओं को सम्मानित किया गया। उत्सव के दूसरे दिन 'सुर बैंड' की सुरीली धुनों और शानदार 'फैशन शो' ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फैशन शो में श्रेया कमल ने प्रथम, रमनप्रीत व अविनाश ने द्वितीय और दिव्यांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता में मनु सोमानी ने अपनी प्रस्तुति से प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि माही पटेल दूसरे स्थान पर रहीं साथ ही डिबेट में तूबा खान व स्वर्णिमा वर्मा, स्पीच में हरलीन, ओपन माइक सिंगिंग में आर्यन सचान व जयंत शर्मा और बेस्ट प्ले में अंजलि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### आधे-अधूरे नाटक ने दर्शकों पर छोड़ी छाप

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज द्वारा सिने-काव्य थिएटर क्लब के अंतर्गत मोहन राकेश के प्रसिद्ध नाटक आधे अधूरे का मंचन किया गया। नाटक के मंचन ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। विद्यार्थियों ने सशक्त अभिनय, प्रभावी संवाद प्रस्तुति और अनुशासित मंच संचालन से खूब सराहना प्राप्त की। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण यह रही कि छात्रों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की सहायता से पृष्ठभूमि संगीत और ध्वनि प्रभाव तैयार किए, जिससे प्रस्तुति को आधुनिक और नवाचारी स्वर मिला। मंचन में आस्था सिंह, सृष्टि सिंह, अक्षिता सचान, आर्यन पांडेय, आदर्श त्रिपाठी, शिव दत्त, प्रांजुल गुप्ता, यश गुप्ता, प्रज्ञा यादव, जिया खान, हर्षित शुक्ला, आस्था वर्मा, स्तुति निर्मल तथा प्रिया गौतम शामिल रहे।

### रायल इलेवन ने पिच पाइरेट्स को हराया

**कानपुर।** कानपुर सुपर प्रीमियर लीग (केएसपीएल) में रॉयल इलेवन ने पिच पाइरेट्स को 19 रन से हराया। गंगा बैराज स्थित बीसीए मैदान पर खेले गए मुकाबले में रॉयल इलेवन ने 22 ओवर में नौ विकेट पर 183 रन बनाए। टीम से काका और हिमांशु ने 26-26, सोहिल ने 23, अनस ने 22 रन बनाए, तो गेंदबाजी में दिव्यांशु त्रिवेदी और शिवम त्रिपाठी ने दो-दो विकेट चटकाए। जवाब में पिच पाइरेट्स ने 22 ओवर में नौ विकेट पर 164 रन ही बना सकी। टीम से वैभव ने 38 और प्रफुल्ल ने 30 रन की संघषपूर्ण पारी खेली, तो गेंदबाजी में मो. दानिश, नफीस और हिमांशु ने तीन-तीन अपने नाम किए। बल्ले और गेंद से बेहतर प्रदर्शन करने वाले हिमांशु को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# जैन शोधपीठ में 60 सीटों पर प्रवेश शुरू

- नए सत्र से प्राचीन ब्राह्मी और शारदा लिपियों का भी अध्ययन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के आचार्य विद्यासागर सुधासागर जैन शोधपीठ में नए शैक्षिणक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। स्नातक स्तर पर जैनदर्शन एवं परा स्नातक स्तर पर प्राकृत भाषा और जैनदर्शन पाठ्यक्रम हैं, जिसमें 30-30 सीटें है। प्राकृत भाषा और जैन दर्शन से डिप्लोमा और सर्टिफिकेट के कोर्स भी संचालित हैं। इस बर्ष बीए में जैनदर्शन का नवीन कोर्स संचालित किया जा रहा है।

प्रवेश के बारे में डॉ कोमल चन्द्र जैन ने बताया कि विभाग में संचालित प्राकृत भाषा कोर्स में नए सत्र से प्राचीन ब्राह्मी और शारदा लिपियों का भी अध्ययन कराया जायेगा। जिससे छात्र प्राचीन लिपियों और भारतीय ज्ञान परंपरा को सहेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्य कर सकेंगे। छात्र न केवल प्राचीन प्राकृत भाषा का अध्ययन कर सकेंगे, बल्कि विद्वानों के मार्गदर्शन द्वारा बहुमूल्य पांडुलिपियों के संपादन और संरक्षण की बारीकियों को भी सीख सकेंगे। जैन शोधपीठ द्वारा प्राकृत भाषा में यूजीसी नेट परीक्षा की तैयारी भी पूरी कर सकेंगे। जिससे विद्यार्थी प्राकृत भाषा में शोध कार्य कर सकेगें।

# इंटर कॉलेज में पढ़ाई के साथ युवा निखारेंगे हुनर

**संवरेगा कॅरियर**

- उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की ओर से 2555 सीटों पर प्रवेश
- पढ़ाई के साथ-साथ छात्र-छात्राएं विभिन्न ट्रेडों के टिप्स सीख सकेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं अब अपने कॉलेज में ही कौशल विकास के तहत विभिन्न ट्रेड के टिप्स सीख सकेंगे। इसके लिए उन्हें कॉलेज में अतिरिक्त समय भी नहीं देना होगा। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत स्कूलों के लिए लक्ष्य जिले में आ गया है। इस लक्ष्य के तहत 2555 सीटों पर प्रवेश लिए जाएंगे।

इंटर कॉलेज में इस बार आए सीटों के लक्ष्य के तहत 30 अप्रैल तक छात्र-छात्राओं के बैच बनाए जाने हैं। बैच बनाए जाने के सप्ताह भर बाद युवाओं को विभिन्न ट्रेड से संबंधित प्रशिक्षण जाना शुरू हो जाएगा। माना जा रहा है कि नए लक्ष्य का प्रशिक्षण मई महीने के पहले सप्ताह से शुरू कर दिया जाएगा। इस बार स्कूलों में जो ट्रेड आए हैं उनमें आईटी, ब्यूटी एंड वेलनेस, फूड प्रोसेसिंग और इन्वायरमेंटल साइंस ट्रेड को शामिल किया गया है। ट्रेड में प्रवेश लेने के लिए छात्र-छात्राओं को अपने स्कूल स्तर से ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

फिलहाल छात्र-छात्राएं अपने स्कूल में ही प्रशिक्षण हासिल कर सकेंगे। इसके लिए उनके स्कूलों में अलग से कक्षाएं संचालित की जाएंगी। इन कक्षाओं के लिए छात्र-छात्राओं को अलग से समय नहीं देना होगा। स्कूल समय पर ही उन्हें यह प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। छात्र-छात्राओं को मिली सुविधा पर जिला प्रबंधक उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन संजय कुमार सिंह ने बताया कि मिशन की ओर से छात्र-छात्राओं को कौशल निखारने के लिए विशेष सुविधा दी गई है।

इस सुविधा के तहत वे अपनी पढ़ाई के साथ ही वे करियर निर्माण का शुरुआती प्रशिक्षण हासिल कर सकते हैं।

### छात्राओं को अधिक ट्रेडों में मिलेगा मौका

- मिशन की ओर से जारी ट्रेड में छात्राओं को अधिक ट्रेड में प्रशिक्षण का मौका मिला है। छात्र-छात्राओं के लिए जारी सीटों में 60 फीसदी ट्रेड में छात्राएं प्रशिक्षण हासिल कर सकती है। इसकी वजह उन्हें मिलने वाले ट्रेड में ब्यूटी एंड वेलनेस के साथ ही आईटी को भी किए जाने का विकल्प मिशन की ओर से दिया जाना है। उधर छात्रों की बात की जाए तो उन्हें सबसे अधिक आईटी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### इन स्कूलों को मिला लक्ष्य

- बीपीएमजीआई कॉलेज मंधना, हलीम मुस्लिम इंटर कॉलेज, सेवा मंदिर इंटर कॉलेज उत्तरीपुरा, क्राइस्टचर्च कॉलेज, सिद्दिक फैज इंटर कॉलेज, जुहारीदेवी गर्ल्स इंटर कॉलेज, कानपुर विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, एसएन सेन बालिका विद्यालय को लक्ष्य दिया गया है। इसी तरह एसएन सेन बालिका विद्यालय, बीएनएसडी इंटर कॉलेज चुन्नीगंज, बिल्हौर इंटर कॉलेज, श्रीहरि गोपाल इंटर कॉलेज, बीआरडी इंटर कॉलेज, जन शिक्षण इंटर कॉलेज, नेहरू विद्यालय इंटर कॉलेज, एसएनएसडी मौर्य इंटर कॉलेज, विद्या भवन इंटर कॉलेज, के कन्या इंटर कॉलेज किदवई नगर व राम सहाय इंटर कॉलेज।

# संवरेंगे एएनडी कॉलेज-नगर निगम स्कूल

## मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत कायाकल्प के लिए आठ करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आचार्य नरेंद्र देव नगर निगम महिला महाविद्यालय और सर्वोदय नगर स्थित नगर निगम विद्यालय का कायाकल्प किया जाएगा, जिसके लिए मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत आठ करोड रुपये का बजट प्रस्तावित है। कायाकल्प होने से महाविद्यालय व विद्यालय की सूरत बदल जाएगी और विद्यार्थियों को अध्ययन में भी परेशानी नहीं होगी। इसके बाद कॉलेज की बाउंड्रीवॉल के पास गंदगी व आवारा जानवरों से छुटकारा मिलेगा।

नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय शुक्रवार को आचार्य नरेंद्र देव नगर निगम महिला महाविद्यालय पहुंचे और गहनता से निरीक्षण किया। प्राचार्य प्रो.आरती सक्सेना ने बताया कि विद्यालय में 1065 छात्राएं अध्ययनरत है। 51 शिक्षिकाएं हैं, जिनमें से एक आउटसोर्स पद पर है। विद्यालय वेतन अधिनियम से आच्छादित नहीं है, 50 प्रतिशत उच्च शिक्षा निदेशालय व 50 प्रतिशत नगर निगम से वहन किया जाता है।



एएनडी कॉलेज पहुंचे नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय, प्राचार्य प्रो. आरती सक्सेना।

मुख्य अभियंता जैदी ने बताया कि एएनडी कालेज व सर्वोदय नगर स्थित नगर निगम विद्यालय के कायाकल्प के लिए मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत आठ करोड़ का बजट प्रस्तावित है। एएनडी कालेज में दो लेक्चर थियेटर, 12 स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी के नवीनीकरण के साथ पूरे कालेज का रेनोवेशन किया जाना है। साथ ही छात्राओं के लिए शुद्ध पेयजल के लिए वॉटर कूलर, कम्प्यूटर लैब, फसाड का कार्य, मुख्य गेट पर गार्डरूम, पार्किंग की व्यवस्था आदि भी शामिल है। इसके लिए वर्तमान में कार्य निविदा प्रक्रिया में है।

नगर आयुक्त ने योजना के तहत दोनों विद्यालय के कायाकल्प के लिए सभी आपैचारिकताएं जल्द पूरी करते हुए कार्य शुरू कराए जाने के निर्देश मुख्य अभियंता को दिए। वहीं, ,खेलकूद मैदान की क्षतिग्रस्त बाउंड्रीवॉल दो जगह क्षतिग्रस्त मिलने पर नगर आयुक्त को पता चला कि आंधी व बारिश में गिरी, लेकिन मरम्मत नहीं कराया गया, इसपर उन्होंने 20 अप्रैल तक क्षतिग्रस्त बाउंड्री की मरम्मत पूरी कराने के निर्देश दिए। इस दौरान, सहायक अभियन्ता प्रोजेक्ट कमलेश पटेल, जोनल अभियन्ता मीनाक्षी अग्रवाल व आदि अधिकारी रहे।

### एएनडी कालेज का ऑडीटोरियम मिला बदहाल

- एएनडी कॉलेज के आडीटोरियम का निरीक्षण करने पर प्राचार्य ने नगर आयुक्त को बताया कि यह आडीटोरियम पूर्व में काफी अच्छे ढंग से संचालित किया जाता रहा है, इसका निर्माण वर्ष 2000 में तत्कालीन मुख्य नगर अधिकारी द्वारा कराया गया था। वर्तमान में आडीटोरियम की स्थिति अत्यंत दयनीय है, सीट टूट है, बालकनी भी क्षतिग्रस्त है, आडीटोरियम की फॉल शिलिंग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। इसपर नगर आयुक्त ने मुख्य अभियंता को निर्देश दिया कि आडीटोरियम के रेनोवेशन के लिए योजना के तहत कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत किया जाए। वहीं, आडीटोरियम के बाहर व कालेज की बाउंड्रीवॉल किनारे काफी कूडा पड़ा और आवारा पशु विचरण करते मिले, जिसपर नाराजगी जाहिर की और तत्काल कूड़ा उठान व आवारा पशुओं को पकड़कर काजी हाउस में निरूद्ध करने की कार्यवाही के निर्देश दिए।

### तिलक नगर के विद्यालय में भी मिलीं कमियां

- तिलक नगर स्थित नगर निगम बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य सुचिता अग्निहोत्री ने बताया कि वर्तमान में यहां 600 छात्राएं व 27 शिक्षिकाएं है, जिसमें चार नियमित व 23 आउटसोर्स पर है। विद्यालय में छात्राओं के लिए दो वॉटर कूलर आरओ सहित, कम्प्यूटर सेट व प्रिन्टर, शौचालय की मरम्मत व एक नया शौचालय, विद्यालय के बाहर वाहन खड़े न हो इसके लिए ग्रिल लगाकर ग्रीनरी, खराब डीवीआर, कैमरे व बैकअप डिवाइस की मरम्मत, ई-लर्निंग कक्षा में प्रोजेक्टर, स्पीकर व स्मार्ट बोर्ड, पूरे विद्यालय में रंगाई-पुताई व मरम्मत की जरूरत हैं। नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि जोनल अभियंता शुक्रवार को ही पूरे विद्यालय का निरीक्षण कर सभी कमियों को पूरा किये जाने के लिए पत्रावली प्रस्तुत करें। बाउण्ड्रीवाल से लगे सभी वाहनों को क्रेन से हटवाते हुए यूजर चार्ज वसूला जाए।



एसीएम को ज्ञापन देते समाजवादी युवजन सभा के अध्यक्ष अर्पित त्रिवेदी। अमृत विचार

# परशुराम जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग

**कानपुर।** समाजवादी युवजन सभा के अध्यक्ष अर्पित त्रिवेदी के नेतृत्व में शुक्रवार पदाधिकारी व कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, यहां पर उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन एसीएम छह पुष्पेंद्र सिंह को दिया, जिसमे उन्होंने भगवान परशुराम जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने की मांग की।

अर्पित त्रिवेदी ने कहा कि यह मांग जनभावनाओं से जुड़ी हुई है। क्योंकि भगवान परशुराम भारतीय संस्कृति व सनातन परंपरा के प्रमुख पूजनीय व्यक्तित्व हैं। उनकी जयंती पूरे देश में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई जाती है। प्रदेश में भी इस पर्व का सामाजिक व सांस्कृतिक महत्व अत्यंत व्यापक है, जिसमें सभी वर्गों के लोग भाग लेते हैं। पूर्व में समाजवादी सरकार के दौरान परशुराम जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता रहा है। मांग है कि जयंती पर फिर से प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। ताकि आम लोग पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ इस पर्व को मना सकें। इस दौरान अमित मिश्रा, उदय द्विवेदी, केशव यादव, ध्रुव मिश्रा, आशुतोष तिवारी, हर्ष मिश्रा, अरमान खान, विनोद यादव, आशीष निगम, गौतम निगम, धीरू उमराव, पवन कनौजिया, आशीष तिवारी, संजय यादव आदि रहे।

# दूसरों को आगे बढ़ाना ही सच्ची लीडरशिप

- युवाओं को नेतृत्व क्षमता निखारने के विशेषज्ञों ने अहम टिप्स दिए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय के रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग तथा तेल प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से शुक्रवार को व्याख्यान आयोजित हुआ। युवाओं को नेतृत्व क्षमता निखारने के विशेषज्ञों ने टिप्स दिए।

संवाद के दौरान वर्ष 1972 रासायनिक अभियांत्रिकी बैच के पूर्व छात्र एवं रुचि सोया उद्योग के संस्थापक दिनेश शाहरा विशिष्ट अतिथि रहे। संयोजक विभागाध्यक्ष प्रो. जीएल देवनानी रहे। स्कूल ऑफ केमिकल इंजीनियरिंग के अधिष्ठाता प्रो. पीकेएस यादव व वर्ष 1975 रासायनिक अभियांत्रिकी बैच के पूर्व छात्र रंजन कुलश्रेष्ठ ने भी विचार व्यक्त किए। समारोह के दौरान एक विशेष पुस्तक विमोचन भी हुआ। समारोह में दिनेश शाहरा ने कहा कि खुशी जीवन की सबसे महत्वपूर्ण चीज़ है, और वह भीतर से आती है।

उन्होंने स्वयं को जीवन का छात्र बताते हुए कहा कि सीखने की प्रक्रिया कभी रुकनी नहीं चाहिए। असफलता पर उन्होंने कहा कि असफलता सफलता का संकेत है। युवाओं से उन्होंने यह कहा कि नेतृत्व क्षमता का आकलन व्यक्ति की सफलता से नहीं बल्कि इस तथ्य से निर्धारित करना चाहिए कि व्यक्ति ने कितने लोगों को आगे बढ़ाया है। लोगों को आगे बढ़ाना ही नेतृत्व क्षमता है। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सामशेर ने संकल्प व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय अनुशासित, सक्षम एवं दक्ष स्नातक, जो देश की प्रगति में सहभागी बनें, तैयार करता रहेगा।

### ऐटएक्स चेंजर्स और ब्लू वर्ल्ड की टीम ने जीते मैच

**कानपुर।** टेनिस क्रिकेट प्रीमियर लीग (टीसीपीएल) के पहले मैच में ऐटएक्स चेंजर्स ने सिंघवानी सिंघम्स को 68 रन से हराया। दूसरे मैच में ब्लू वर्ल्ड ने सरीन मोटर्स रामबाग को सात विकेट से पराजित किया।

आर्यनगर स्थित द स्पोर्ट्स हब मैदान पर खेले गए पहले मैच में ऐटएक्स चेंजर्स की टीम ने 15 ओवर में सात विकेट पर 173 रन बनाए। टीम से विकास पटेल ने 59 रन की पारी खेली। जवाब में सिंघवानी सिंघम्स की पूरी टीम 15 ओवर में 105 रन ही बना सकी। प्लेयर ऑफ द मैच विकास पटेल को चुना गया। मैदान पर खेले गए दूसरे मैच में सरीन मोटर्स रामबाग ने 15 ओवर में 114 रन बनाए। जवाब में ब्लू वर्ल्ड की टीम ने 9 ओवर में तीन विकेट पर 115 रन बनाकर मैच जीता। जीत में मुनार ने 50 रन की अर्द्धशतकीय पारी खेली, उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# युवाओं के लिए चुनौती नहीं, सहयोगी है एआई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एचआरडी सेल ,हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी की ओर से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर वर्कशॉप आयोजित हुई। यह वर्कशॉप इकिगाई स्कूल ऑफ एआई के सहयोग से हुई। कार्यशाला में वक्ताओं ने युवाओं से कहा कि एआई उनके लिए चुनौती नहीं बल्कि सहयोगी साबित हो रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पवन सचान ट्रेनर-जनरेटिव एआई एवं डिजिटल मार्केटिंग व सौरभ कुमार, इकिगाई स्कूल ऑफ एआई ने युवाओं को प्रशिक्षित किया। दोनों वक्ताओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आधुनिक अनुप्रयोगों, एजेंटिक एआई, विभिन्न प्रकार के एआई टूल, करियर अवसरों तथा उद्योग में इसके बढ़ते महत्व पर विस्तार से चर्चा की। वर्कशॉप में विद्यार्थियों को एआई के व्यावहारिक उपयोग, डिजिटल टूल्स तथा इंडस्ट्री-ओरिएंटेड स्किल्स के बारे में जानकारी दी गई। जिससे उन्हें भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार होने में सहायता मिलेगी।



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर आयोजित वर्कशॉप में शामिल हुए विशेषज्ञ और युवा। अमृत विचार

- एचबीटीयू में युवाओं को दी गई एआई की जानकारी

एचआरडी सेल के कोऑर्डिनेटर एवं प्रोग्राम के समन्वयक प्रो संजीव कुमार ने बताया की प्रोग्राम में कुल 180 प्रतिभागियों ने रजिस्टर किया। जिसमें एचबीटीयू के अलावा यूनाइटेड कॉलेज प्रयागराज, पीएसआईटी , एक्सेस कॉलेज और सीएसजेएमयू आदि से युवाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। 151 प्रतिभागी हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी, 22 प्रतिभागी यूनाइटेड कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड रिसर्च, प्रयागराज से, 3 प्रतिभागी एक्सिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट से तथा प्रत्येक 1-1 प्रतिभाग प्रणवीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, उस्मानिया यूनिवर्सिटी, डॉ. अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी फॉर हैंडीकैप्ड एवं छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय से सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में स्टूडेंट्स कॉर्डिनेटर संजना गुप्ता, उदित गुप्ता, आशुतोष यादव तथा कन्वेनर प्रो. (डॉ.) संजीव कुमार मौजूद रहे।

**विशेषज्ञों की राय**

**छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय कृषि सम्मेलन की हुई शुरुआत**

# कृषि में पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक नवाचार जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एडवांस्ड एग्रीकल्चर साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी द्वारा दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कृषि सम्मेलन आयोजित किया गया। वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई ऑडिटोरियम में आयोजित इस सम्मेलन में विशेषज्ञों ने कृषि में पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक नवाचार को जरूरी बताया। सम्मेलन का आयोजन इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च के सहयोग से किया जा रहा है। जिसमें चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की भी सहभागिता है।

सम्मेलन में प्राचीन भारतीय ज्ञान प्रणाली और आधुनिक कृषि तकनीकों के समन्वय के माध्यम से सतत कृषि विकास पर विशेष चर्चा की जा रही है। सत्र की शुरुआत आयोजन संयोजक एवं निदेशक डॉ. हिमांशु त्रिवेदी ने की। उन्होंने कहा कि भारतीय पारंपरिक कृषि ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक नवाचारों का संतुलन ही भविष्य की कृषि को टिकाऊ बना सकता है।



दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मेलन की शुरुआत की गई। अमृत विचार

मुख्य अतिथि के रूप में मंडलायुक्त के. विजयेंद्र पांडियन ने सतत कृषि के लिए नीतिगत सहयोग और आधुनिक तकनीकों के उपयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि भारतीय प्राचीन ज्ञान प्रणाली और आधुनिक कृषि नवाचारों का एकीकरण ही भविष्य की कृषि को नई दिशा देगा। इस दौरान सह-संयोजक डॉ. वीके त्रिपाठी एवं डॉ. कौशल कुमार ने भी विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के दौरान कॉन्फ्रेंस स्मारिका एवं बुक ऑफ एब्स्ट्रैक्ट्स का विमोचन भी किया गया। सम्मेलन में देश-विदेश के विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। जर्मनी से आए डॉ. उलरिच बर्क ने अग्निहोत्र एवं होमा फार्मिंग के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और सतत कृषि की अवधारणा पर प्रकाश डाला। आईसीएआर-एटारी, कानपुर के निदेशक डॉ. राघवेंद्र सिंह ने कृषि विस्तार तंत्र में नवाचारों की आवश्यकता पर बल दिया।

आईसीएआर-आईआईपीआर, कानपुर के निदेशक डॉ. जीपी दीक्षित ने दलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की बात कही। प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के समन्वय को कृषि विकास की आधारशिला बताया । डॉ. आरके पाठक ने कॉस्मिक फार्मिंग की अवधारणा पर चर्चा की, जबकि डॉ. एसके चतुर्वेदी ने फसल सुधार एवं उत्पादन वृद्धि की रणनीतियों पर प्रकाश डाला।

# फाइनल में आजमगढ़ और कानपुर की भिड़ंत आज

- पहले सेमीफाइनल मैच में आजमगढ़ ने वाराणसी को 2-0 से हराया
- दूसरे सेमीफाइल मैच में कानपुर ने गोरखपुर को 3-1 से हराया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** अंडर-20 अंतर मंडलीय प्रदेश स्तरीय फुटबॉल चैंपियनशिप के पांचवें दिन शुक्रवार को सेमीफाइनल मैच खेले गए। पहला सेमीफाइनल वाराणसी और आज़मगढ़ मंडल के बीच खेला गया। आजमगढ़ ने शुरुआत में ही एक गोल की बढ़त ले ली। पहले मध्यानांतर तक स्कोर 1-0 रहा।

दूसरे मध्यनांतर में वाराणसी ने आजमगढ़ के गोल पर आक्रमण करते हुए मैच अपने पक्ष में करने का पूरा प्रयास किया, लेकिन लेफ्ट आउट ने दो अच्छे मौके गंवा दिया। अंतिम क्षणों में आजमगढ़ के फारवर्ड ने क्रॉस पास पर साइड किक मार कर गोल कर दिया। इस तरह आजमगढ़ ने मैच 2-0 से जीत कर फ़ाइनल मे स्थान पक्का किया। दूसरा मैच कानपुर और गोरखपुर की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें गोरखपुर की टीम में तालमेल न होने का फायदा कानपुर ने उठया। एक के बाद एक गोल करते हुए कानपुर की टीम ने स्कोर 3-1 पर पहुंचाकर जीत दर्ज करते हुए फ़ाइनल में प्रवेश किया। अब फाइनल में कानपुर का मुकाबला आजमगढ़ की टीम से होगा। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के महासचिव मुहम्मद शाहिद रहे। निर्णायक की भूमिका हाजी मुनव्वर, निताई सरदार, सौरभ कुमार सिंह, रमेश जैसल, मुहम्मद अकिब, मुहम्मद फरमान, सानिया सलीम, निशिता ने निभाई।

# अलग-अलग हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत, 6 घायल

## तेज रफ्तार वैन ने मोटरसाइकिल सवार युवक को मारी टक्कर


कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** अलग-अलग थाना व कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में 2 लोगों की जान चली गई। वहीं, 6 गंभीर घायल हो गए। हादसों की सूचना पर पहुंची संबंधित क्षेत्र की पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

### वैन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, भाई व बेटा घायल

बेटे की शादी का कार्ड देने जा रहे युवक की वैन की टक्कर से मौत हो गई। इसमें छोटा बेटा व भाई घायल हो गया। इसकी खबर से खुशियों वाले घर में मातम पसर गया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचा कर शव मोर्चरी भेजा है।

बता दें कि बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के नियाज अली खेड़ा गांव निवासी संतोष (45) पुत्र शिव राम परिवार के साथ दिल्ली में रहकर कपड़े प्रेस करने का काम करते थे। बड़े बेटे मोहित की 20 अप्रैल को बारात जानी है। इससे वह परिवार सहित 1 अप्रैल को परिजनों के साथ गांव आए थे। शुक्रवार दोपहर छोटे बेटे रोहित (18) व भाई रामकिशोर (33) के साथ पिड़ना गांव रिश्तेदारी में कार्ड देने जा रहे थे। तभी आसीवन थानाक्षेत्र के शेरपुर-हैदराबाद मार्ग पर लक्ष्मणखेड़ा गांव स्थित शारदा नहर माइनर पर सामने से आई वैन ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें संतोष की मौत हो गई व रामकिशोर और रोहित घायल हो गए। एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी लाया गया। जहां से डॉक्टर ने रामकिशोर को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पति की मौत से पत्नी शांति देवी, बेटा मोहित, रोहित, दुर्गेश, बादल, बेटी लक्ष्मी व राधिका बेहाल हैं। आसीवन एसओ प्रदीप कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है। टक्कर मारने वाली वैन का पता लगाया जा रहा है।



### नई दिल्ली में घायल हुए श्रमिक की इलाज के दौरान मौत

**उन्नाव:** नई दिल्ली में सड़क हादसे में घायल हुए मजदूर की अस्पताल में इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई। पत्नी की सूचना पर सफीपुर कोतवाली पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के अहमदाबाद सेन नगर गांव निवासी राम प्रसाद (40) पुत्र स्व. खग्गा पत्नी व बच्चों के नई दिल्ली के शास्त्री नगर क्षेत्र में रह कर एक फैक्ट्री में काम करता था। पत्नी ने बताया कि 13 अप्रैल की शाम फैक्ट्री से लौटते समय सड़क पार करते समय वह अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर घायल हुआ था। पुलिस ने उसे सफदरगंज अस्पताल में भर्ती कराकर परिजनों को सूचना दी थी। लेकिन वहां उसकी हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे 15 अप्रैल को सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर स्थित निजी अस्पताल लाए थे। जहां शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। सूचना पर पत्नी राधा बेहाल हो गई। चचेरे भाई राम किशोर ने बताया कि वह 4 भाइयों में बड़ा था। एक भाई की पहले हो मौत हो चुकी है। उसके दो बच्चों में बेटा शुभम व बेटी अंजली हैं। अस्पताल की सूचना पर परियर चौकी इंचार्ज ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### अनियंत्रित कार खाई में गिरी, बाल-बाल बचे 4 लोग

**शुक्लागंज, उन्नाव:** शुक्रवार दोपहर पोनी रोड से हाईवे की ओर जा रही एक कार पीपर खेड़ा मोड़ के पास अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। इसमें कार सवार 4 लोग बाल-बाल बच गए। शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे तेज रफ्तार कार अचानक नियंत्रण खो बैठी और सड़क से उतरकर नीचे जा गिरी। हादसा देख आसपास के लोग पहुंचे और सभी सवारों को सुरक्षित बाहर निकाला। घायलों को मामूली चोटें आईं। जिन्हें अस्पताल भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार काफी तेज थी। जिससे यह दुर्घटना हुई। गनीमत रही कि कोई गंभीर घायल नहीं हुआ। बाद में सभी चले गए।

## न्यूज ब्रीफ

### डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

**उन्नाव, अमृत विचार:** जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में तहसील हसनगंज में 18 अप्रैल को सुबह 10 से अपरान्ह 2 बजे तक संपूर्ण समाधान दिवस होगा। इसमें सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे। इसी प्रकार तहसील पुरवा में सीडीओ, बीघापुर में एडीएम वित्त एवं राजस्व, सदर में एडीएम न्यायिक, सफीपुर व बांगरमऊ में संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस होगा। यदि किसी को भी किसी प्रकार की समस्या या शिकायत है तो वह संबंधित तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में अफसरों को प्रार्थनापत्र देकर शिकायत का निराकरण करा सकता है।

### बाल विवाह होने की दें जानकारी

**उन्नाव, अमृत विचार:** जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय ने बताया कि 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया है। जिसे आखा तीज भी कहते हैं। यह दिन देश के विभिन्न हिस्सों में विवाह के लिये शुभ माना जाता है। मगर बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई है। ऐसे विवाहों की रोकथाम के लिये जिला, तहसील, विकास खंड व थाना स्तर पर कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। कहा कि 18 वर्ष से पहले बालिका व 21 वर्ष से पहले बालक का विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है। यदि किसी व्यक्ति को बाल विवाह होने या कराये जाने की जानकारी मिले तो वह चाइल्ड हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर 1098 पर, नजदीकी थाना, बाल कल्याण समिति उन्नाव या जिला बाल संरक्षण अधिकारी/जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय में जानकारी दे सकते हैं। ताकि आरोपियों पर कार्रवाई की जा सके।

# बीआरसी में महिलाओं का हुआ सम्मान

नवाबगंज, उन्नाव

**अमृत विचार:** ब्लॉक संसाधन केंद्र नवाबगंज में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बीईओ शुचि गुप्ता के मार्गदर्शन व अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना व विभाग में महिलाओं की सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत बीईओ द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण के साथ हुई। बेसिक शिक्षा विभाग में बालिका शिक्षा, विद्यालय के सर्वांगीण विकास व शिक्षण गुणवत्ता में सुधार के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला अध्यापिकाओं को सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में केवल शिक्षिकाएं ही नहीं, बल्कि अनुदेशक, सहचर व रसोइया भी शामिल रहीं। बीईओ शुचि गुप्ता ने कहा कि महिलाएं समाज का आधार हैं। इस दौरान एआरपी मो. हारून, धर्मेंद्र देव, सुषमा, सुनीता देवी, रमजिया खातून, स्मृति निगम, संध्या सिंह, हिमांशी यादव, सुषमा श्रीवास्तव, अनीता वर्मा, अनुराधा यादव, अर्पिता सिंह, रुषि ग़िज़ाल, दीपा सिंह, मीना तिवारी, अंजुमन त्रिपाठी, ज्योति, कविता पाटनी, राज कुमारी आदि मौजूद रहे।



बीआरसी में सम्मानित की गईं महिलाएं। ● अमृत विचार

● नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# पालिका में भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर डीएम से की शिकायत

**उन्नाव, अमृत विचार:** नगर पालिका उन्नाव के कई सभासदों ने डीएम को शिकायतीपत्र देकर वर्तमान में जारी निविदा प्रक्रिया में धांधली व राजस्व को चूना लगाने का आरोप लगाया है।

सभासदों का कहना है कि जो काम पहले ही पूरे हो चुके हैं उनके लिए दोबारा टेंडर निकालकर सरकारी धन के गबन की योजना बनाई गई है। आरोप है कि जिन मार्गों की निविदा निकाली गई है उनमें से 30 प्रतिशत कार्य पहले ही बोर्ड फंड या अन्य योजनाओं से पूरे हो चुके हैं। उनके अनुसार करीब 20 प्रतिशत कार्य ऐसे क्षेत्रों के लिए प्रस्तावित हैं जहां अभी बस्ती ही नहीं है। आरोप है कि प्रॉपर्टी डीलरों को फायदा पहुंचाने के लिए शिवनगर नवीन बस्ती जैसे इलाकों में सरकारी पैसे से सड़कें बनवाई जा रही हैं। कहा गया कि जान बूझकर वार्ड 16 की सड़कों को वार्ड 24 में दिखाकर कागजी कोरम पूरा किया जा रहा है। अ सभासदों ने डीएम से तत्काल हस्तक्षेप की मांग कर कहा कि वर्तमान निविदा प्रक्रिया को तुरंत निरस्त कर पूरे मामले की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। शिकायतकर्ता सभासदों में बृजेश पांडेय, राजेंद्र भारती, लक्ष्मी देवी, गुड़िया सिंह, अमित सिंह बउवा आदि रहे। इसे लेकर नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि सारे आरोप निराधार हैं।

### एक सप्ताह में आयुष्मान कार्ड बनाने के दिए निर्देश

**उन्नाव, अमृत विचार:** विकासखंड बिछिया के गांव कोरारीखुर्द में ग्राम चौपाल का आयोजन सीडीओ कृति राज की अध्यक्षता में किया गया। इसमें ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और प्राथमिक विद्यालय के मेधावी छात्रों को पुरस्कार दिये गए। चौपाल में आयुष्मान कार्ड बनाने की जानकारी करने पर सही सूची प्रस्तुत नहीं की गई और संज्ञान में आया कि रामदुलारी आशा संगिनी व मालती देवी आशा वर्कर ने सभी पात्र परिवारों के आयुष्मान कार्ड नहीं बनाये हैं। इस पर उन्हें फटकार लगाते हुए सही सूची देने व बचे परिवारों के आयुष्मान एक सप्ताह में बनाने के निर्देश दिये गये। वहीं, सभी परिवारों की फेमिली आईडी बनाने व जीरो पावर्टी के सभी परिवारों का सर्वे तत्काल पूर्ण करने के भी निर्देश दिये गये। प्राथमिक विद्यालय कोरारीखुर्द के छात्र-छात्राओं को लेखन सामग्री देने के साथ मेधावियों को पुरस्कृत किया गया। चौपाल में विभिन्न विभागों के अधिकारी रहे।



बच्चों के मॉडल चेक करतीं सीडीओ कृति राज।

### कटान रोकने को 7.5 करोड़ की परियोजना का लोकार्पण

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** गंगा नदी के बाएं किनारे स्थित गांव रौतापुर में शुक्रवार को कटान निरोधक कार्य के लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें सदर विधायक पंकज गुप्ता ने पहुंचकर भूमि पूजन व शिलान्यास किया। ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा इस परियोजना के लिए 7 .5 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। विधायक ने कहा कि गंगा कटान से क्षेत्र के लोगों को हर वर्ष भारी नुकसान होता है। इस बांध निर्माण से न केवल कटान पर रोक लगेगी, बल्कि गांव की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस दौरान एक्सईएन गगन कुमार, एई अनुराग मिश्रा, जेई रविंद्र प्रताप सिंह, सौरभ व सूर्यकांत आदि उपस्थित रहे।



कटान निरोधक कार्य की जानकारी लेते सदर विधायक।

# फोरलेन डिवाइडर के पेड़ों को पानी देने को लेकर ईओ गंभीर

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद द्वारा फोरलेन के डिवाइडर पर लगे पौधों को नियमित पानी देने की व्यवस्था की गई थी। लेकिन अप्रैल में हुई बारिश के बाद कर्मियों की लापरवाही सामने आई। बारिश थमने के बाद भी कई दिनों तक पौधों को पानी नहीं दिया गया। जिससे गर्मी में पौधों के सूखने का खतरा बढ़ गया। इस समय पड़ रही गर्मी को देख नगर पालिका प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया है।

ईओ मुकेश मिश्रा ने निर्देश दिए कि निर्धारित समय पर पौधों की सिंचाई अनिवार्य रूप से की जाए। इसके लिए कर्मियों की ड्यूटी तय कर दी गई है और अलग-अलग क्षेत्रों में जिम्मेदारी सौंपी गई है। कहा कि सुबह और शाम तय समय पर टैंकर से पौधों को पानी दिया जाए। साथ ही संबंधित कर्मियों को अपने-अपने क्षेत्र में कार्य का निरीक्षण करने व लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी गई है। पालिका प्रशासन ने कहा कि यदि किसी कर्मचारी के कार्य में ढिलाई मिली तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। सोमवार से शनिवार तक अर्जुन, हीरालाल, अनिल, दीपक, सत्यम व विजय की अलग-अलग खंडों में ड्यूटी लगाई है।

● लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के कसे पेच

# सैकड़ों भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी

शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार:** वैशाख माह की अमावस्या पर शुक्रवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सुबह से ही गंगा में आस्था की डुबकी लगा कर पुण्य कमाया। इसके बाद स्नानार्थियों ने घाट पर सत्य नारायन की कथा भी सुनी। गंगा तट पर लगी दुकानों पर जमकर खरीददारी भी की।

अमावस्या पर नगर के अलावा उन्नाव आदि स्थानों से सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया। कुछ श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर बैठे पंडों को दान दक्षिणा देने के अलावा सत्य नारायन की कथा भी सुनी। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गंगातट पर लगी दुकानों पर खरीददारी की। गंगा तट पर सुबह से दोपहर तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। धार्मिक शास्त्रों में बैसाख अमावस्या तिथि का बड़ा महत्व है। मान्यता है कि अमावस्या पर स्नान, दान, व्रत व पूजा-पाठ से भगवान का आशीर्वाद प्राप्त होता है। वहीं नित्य गंगा आरती सेवा समिति के संयोजिका शिल्पी राकेश दीक्षित ने शाम को महाआरती का आयोजन हुआ। गंगा की आरती के समय का नजारा विहंगम हो गया। घंटा घड़ियाल से घाट गूंज उठे।



अमावस्या पर गंगा स्नान के लिये तट पर पहुंचे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

● अमवस्या पर भक्तों ने तटों व घरों में सुनी सत्यनारायण की कथा

### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को करा सकते हैं कोचिंग में पंजीकरण

**उन्नाव, अमृत विचार:** समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क कोचिंग कराई जा रही है। इसमें पूर्व की भांति वर्ष 2026-27 में सिविल सर्विसेज (यूपीएससी/यूपीपीएससी), वनडे एक्जाम, जी, नीट, एनडीए व सीडीएस आदि की नि:शुल्क कोचिंग हेतु छात्र-छात्राओं के पंजीकरण शुरू हो गए हैं। समाज कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पांडे ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थी अभ्युदय केंद्र, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर स्थित स्काउट भवन/कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी उन्नाव या मो0-9670076369, 9889924000 व 7007664155 पर संपर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### सीयू यूपी में महिलाओं का हुआ सम्मान

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार:** नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश में महिलाओं को सम्मानित कर सशक्तिकरण व बालिका शिक्षा पर जोर दिया गया। लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में आयोजित यह कार्यक्रम जागरूकता गतिविधियों पर केंद्रित रहा। व्याख्यान में अधिनियम व महिलाओं की निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी पर चर्चा हुई। हस्ताक्षर अभियान में 156 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। पोस्टर मेकिंग में 50 छात्र व 40 छात्राओं में बीबीए-बीए (ऑनर्स) की गौरी गुप्ता प्रथम रही। एम्फीथिएटर में 60 छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाई। जबकि एनएसएस मार्च में 50 छात्रों ने भाग लिया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं।

### 3.5 करोड़ के 80 कार्यों का प्रस्ताव पेश

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार:** विकासखंड सभागार में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई। इसमें क्षेत्र के विकास के लिए करोड़ों की योजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई और पूर्व में पूरे हो चुके विकास कार्यों का जनता को समर्पित किया गया। इस दौरान क्षेत्र की 75 ग्राम पंचायतों के विकास हेतु करीब 3 .5 करोड़ की अनुमानित लागत वाले 80 नए विकास कार्यों के प्रस्ताव पेश किए गए। इनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें व अन्य जनसुविधाएं सुदृढ़ करना है। मुख्य अतिथि विधायक बृजेश रावत व जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ने 54 नवनिर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण किया। ग्राम विकास अधिकारी शिवदत्त तिवारी ने पिछली बैठक की कार्ययोजना प्रस्तुत की। जिसे सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया।

### शक्ति नगर में नए पोल लगाने की तैयारी तेज

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** नगर की विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विभाग बीते कई वर्षों से सुधार कार्य कर रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को शक्ति नगर में जर्जर पोल हटाकर नए पोल स्थापित किये जाएंगे। विभाग द्वारा नगर में एबीसी लाइन बिछाने का कार्य भी तेजी से किया गया है। जिन क्षेत्रों में अभी तक एबीसी लाइन नहीं पहुंची है वहां भी इसे डलवाने की प्रक्रिया जारी है। उपखंड अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि बीते कुछ वर्षों में नगर की बिजली व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। जिससे उपभोक्ताओं को अब पहले की तुलना में कम समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

# सर्वर न आने से नहीं हो पाए सीटी स्कैन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल की सीटी स्कैन की जांच ठप होने से जांच नहीं हो सकीं। इसके चलते इंतजार में घंटों बैठे रहे मरीज बाद में मायूस होकर लौट गए।

जिला अस्पताल में ओपीडी सहित इमरजेंसी व वार्डों में भर्ती गंभीर मरीजों के सिर व पेट आदि की जांच के लिए सीटी स्कैन निशुल्क सुविधा सरकार द्वारा उपलब्ध है। जरूरत पड़ने पर डॉक्टर के परामर्श पर जांच की जाती है। विशेषकर सड़क हादसों, मारपीट के दौरान घायल मरीजों की जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित डॉक्टर आगे का इलाज करते है। लेकिन गुरुवार शाम से सर्वर फेल होने के बाद सीटी स्कैन की जांच ठप हो गई। शुक्रवार को ओपीडी व इमरजेंसी से करीब 30-40 मरीज जांच कराने पहुंचे। लेकिन सर्वर न आने से उनकी जांच नहीं हो पाई। राजेश, सुनीता, सियावती आदि घंटों सर्वर आने का इंतजार करते रहे। उनके पर्चे भी जमा कराए गए लेकिन जांच नहीं हो पाई। इससे उन्हें मायूसी हाथ लगी। कई मरीजों को मजबूरी में निजी केंद्रों पर सीटी स्कैन कराना पड़ा। सीएमएस डॉ. राजीव गुप्ता ने बताया कि इसकी सूचना तकनीकी दल को दे दी गई। शीघ्र खामी दूर करवा कर जांच शुरू कराई जाएगी।



जांच के लिए इंतजार करते मरीज। ● अमृत विचार

● घंटों इंतजार करने के बाद निराश होकर लौटे मरीज

# पौष्टिक भोजन न मिलने से श्रमिक नाराज

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** रेलवे पुल की डाउन लाइन पर मरम्मत कार्य को तेज करने के लिए शुक्रवार को 8 घंटे का मेगा ब्लॉक लेकर काम कराया गया। सुबह 9:25 से शाम 5:25 बजे तक चले इस अभियान में अधिकारियों की निगरानी में 48 एचबीम स्लीपर बदले गए और करीब 23 मीटर ट्रैक पर कार्य किया गया।

एक ओर जहां तकनीकी कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है वहीं दूसरी ओर श्रमिकों में नाराजगी भी देखने को मिली। कार्य में लगे मजदूरों ने आरोप लगाया कि उन्हें पौष्टिक भोजन नहीं मिल रहा है। उनका कहना है कि सुबह नाश्ता और चाय तक उपलब्ध नहीं कराई जाती, जबकि दोपहर में दी जाने वाली तहरी भी गुणवत्ता और स्वाद में खराब होती है। मजदूरों के अनुसार भोजन में मसालों की कमी और अधिक पानी होने से खाना बेस्वाद हो जाता है, जिससे कई लोग घर से खाना लाने को मजबूर हैं। श्रमिकों ने बताया कि कठिन मेहनत के बावजूद पर्याप्त और संतुलित भोजन न मिलने से उनके स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों से भोजन व्यवस्था सुधारने की मांग की है, ताकि कार्य के साथ-साथ श्रमिकों का स्वास्थ्य भी सुरक्षित रह सके।



स्टेशन पर तहरी खाते श्रमिक। ● अमृत विचार

खुशी के पल | उम्रकैद में राज्यपाल से मिली माफी, परिवार ने जताया आभार, 1981 में दर्ज हुआ था हत्या का केस

# रिहाई से बेटे की शादी में शामिल होंगे विजय दीक्षित

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मिश्रा कॉलोनी निवासी पूर्व सभासद विजय दीक्षित की रिहाई के बाद उनके परिवार में लंबे समय बाद खुशियां लौटी हैं। एक दशक से अधिक समय जेल में रहने के बाद उनकी घर वापसी ऐसे समय हुई है जब उनके बेटे मुदित उर्फ प्रिंसू की शादी की तैयारियां जोरों पर हैं। 27 अप्रैल को यज्ञोपवीत व तिलकोत्सव है। परिवार पहले से ही तैयारियों में जुटा था लेकिन पिता की गैर मौजूदगी बड़ी कमी बनी हुई थी। जो अब पूरी हो गई है।

परिजनों के अनुसार वर्ष-1981 में दर्ज हत्या व जानलेवा हमले के मामले में विजय दीक्षित को सजा हुई थी। यह सजा उच्च न्यायालय व सुप्रीम कोर्ट से भी बरकरार रही। वर्ष-2014 से लगातार जेल में रहते समय परिवार ने कई बार दया याचिका दायर की। अंततः 13 अप्रैल 2026 को राज्यपाल द्वारा संविधान के अनुच्छेद 161 के तहत क्षमादान देने पर उनकी रिहाई संभव हुई। बेटे अमित दीक्षित ने बताया कि पिता के घर लौटने से शादी की खुशियां दोगुनी हो गई हैं। रिश्तेदारों व मोहल्ला वासियों में भी उत्साह है और लोग लगातार घर पहुंचकर शुभकामनाएं दे रहे हैं। परिवार ने राज्यपाल व प्रदेश सरकार के प्रति आभार जताते हुए इसे अपने लिए किसी वरदान से कम नहीं बताया। परिवार ने यह भी बताया कि वर्ष 2024 में छोटे भाई राजेन्द्र दीक्षित के निधन पर विजय दीक्षित को 72 घंटे का पैरोल मिला था। उस समय कुछ देर के लिए घर में खुशी का माहौल बना, लेकिन वह सीमित समय के लिए ही था। अब स्थायी रिहाई से वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त हो गई है। विजय दीक्षित अब बेटे की शादी में शामिल होकर परिवार के साथ नए सिरे से जीवन की शुरुआत करेंगे, जिससे घर में लंबे समय बाद पूर्णता का एहसास हो रहा है।



परिवार के साथ बैठे विजय दीक्षित। ● अमृत विचार


## कार्यालय नगर पंचायत सफीपुर, जनपद-उन्नाव।

पत्रांक:-04-80 /नि0सू0/न0पं0स0/2026-27 दिनांक- 17 अप्रैल, 2026

### ई-निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि **15वें वित्त आयोग** के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत सफीपुर-उन्नाव की सीमान्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य/आपूर्ति हेतु ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो हेतु निविदा डाल सकता है।

:- निविदा अपलोड एवं तकनीकी, वित्तीय बिड खोलने का विवरण निम्नवत् है:-

| | | |
|---|---|---|
| (a) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि | 18.04.2026 |
| (b) | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि | 18.04.2026 प्रातः 11:00 बजे से |
| (c) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अंतिम तिथि व समय | 08.05.2026 प्रातः 10:00 बजे तक |
| (d) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 08.05.2026 प्रातः 11:00 बजे |
| (e) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | तकनीकी निविदा खोलने के उपरान्त |
| (f) | ई-निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत सफीपुर-उन्नाव। |

नोट:-निविदा से सम्बंधित विस्तृत विवरण/नियम व शर्ते वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है अथवा किसी भी कार्य दिवस में कार्यावधि तक कार्यालय नगर पंचायत सफीपुर से सम्पर्क करते हुए प्राप्त कर सकते है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सफीपुर,
जनपद-उन्नाव।

अध्यक्ष
नगर पंचायत सफीपुर,
जनपद-उन्नाव।



अवसर, प्रकृति, मजबूरी, आदत, कारण, जुनून और इच्छा, इन सात वजहों से ही हम सभी काम करते हैं।
अरस्तु, दार्शनिक



# एक ऐतिहासिक कदम

2023 में पारित महिला आरक्षण कानून के लागू करने की अधिसूचना जारी करना एक ऐतिहासिक कदम है। यह पहली बार है, जब महिला प्रतिनिधित्व को संवैधानिक गारंटी मिली है। पर इसके क्रियान्वयन को परिसीमन और ताजा अथवा 2011 की जनगणना से जोड़ने ने इसे राजनीतिक रणनीति के दायरे में भी ला खड़ा किया है। संवैधानिक प्रावधान स्पष्ट करते हैं कि लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण तभी व्यावहारिक होगा, जब सीटों का पुनर्विन्यास हो। सरकार ने इसे 2026 के बाद संभावित परिसीमन से इसीलिए जोड़ा है, क्योंकि बिना परिसीमन के वर्तमान 543 सीटों के ढांचे में आरक्षण लागू करना कठिन है, क्योंकि या तो पुरुषों की सीटें घटानी होंगी या सीटों का पुनर्वितरण करना होगा, दोनों ही राजनीतिक रूप से संवेदनशील विकल्प हैं।

परिसीमन होने तक यह लागू नहीं किया जा सकता, फिर भी इस अधिसूचना को सरकार का इस मसले पर गंभीरता सुखद संकेत समझ सकते हैं, हालांकि सरकार महिला सशक्तीकरण का मजबूत संदेश तो देती है, पर इसे भविष्य की प्रक्रिया से जोड़ना उसे तत्काल जवाबदेही से बचाता है। घोषणा अभी, क्रियान्वयन और कभी, की नीति से वह चुनावी राजनीति में लाभ ले सकती है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों में, जहां महिला मतदाता निर्णायक भूमिका निभा रही हैं, यह कदम भाजपा को बढ़त देगा। महिलाओं के बीच यह संदेश जाएगा कि सत्ता पक्ष उनके प्रतिनिधित्व को लेकर गंभीर है, भले ही उसका ठोस परिणाम तत्काल न दिखे, परंतु बड़ा सवाल 2029 का है। जनगणना 2026 में, उसके आंकड़े 2028 तक और फिर परिसीमन की लंबी प्रक्रिया। इस पूरी कवायद को देखते हुए 2029 के चुनावों में आरक्षण लागू हो पाना व्यावहारिक रूप से कठिन दिखता है। इससे यह संदेह उपज सकता है कि यह मुद्दा एक दीर्घकालिक राजनीतिक पूंजी के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। इसको इस तर्क से बल मिलता है कि देश के अधिकांश दल महिला आरक्षण के समर्थक हैं, पर वास्तविकता यह है कि न तो लोकसभा और न ही अधिकांश विधानसभाओं में किसी दल ने स्वेच्छा से 33 फीसद टिकट महिलाओं को दिए हैं। यह 'कथनी और करनी' के बीच की खाई को उजागर करता है। यूपी व उत्तराखंड जैसे राज्यों में महिला आरक्षण लागू होने से निश्चित ही महिलाओं सांसदों-विधायकों की संख्या बढ़ेगी, पर प्रतिनिधित्व की गुणवत्ता यानी उनकी वास्तविक राजनीतिक स्वतंत्रता और निर्णय क्षमता तभी सुधरेगी, जब दलों की आंतरिक संरचना भी बदले। सरकार महिलाओं के आरक्षण का वादा तो करती है, पर ओबीसी और एसटी महिलाओं के हिस्से का प्रश्न अनुत्तरित छोड़ देती है। बिना जातीय जनगणना के यह तय करना कि आरक्षण के भीतर आरक्षण कैसे होगा, एक जटिल चुनौती है।

बेशक महिला आरक्षण कानून एक ऐतिहासिक अवसर है, पर इसकी विश्वसनीयता, सफलता उसके समयबद्ध और पारदर्शी क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी। यदि यह मात्र राजनीतिक घोषणाओं तक सीमित रहा, तो यह उम्मीदों पर पानी फेर देगा, लेकिन यदि इसे गंभीरता से लागू किया गया, तो यह भारतीय लोकतंत्र को और अधिक समावेशी और संतुलित बना सकता है।

## प्रसंगवश

# ब्रेन-ईटिंग अमीबा: गर्मी के साथ बढ़ता अदृश्य खतरा

यह कोई विज्ञान कथा नहीं है और न ही किसी दूर देश की डरावनी कहानी, जिसे पढ़कर हम यह मान लें कि ऐसा हमारे यहां नहीं हो सकता। यह खतरा हमारे आसपास मौजूद है। उस पानी में, जो हमारी प्यास बुझाता है, हमारे बच्चों के खेलने का साधन बनता है और हमारे घरों तक चुपचाप पहुंचता है। दुनिया भर में वैज्ञानिक जिस जीवाणु को लेकर चेतावनी दे रहे हैं, उसे आम भाषा में 'ब्रेन ईटिंग अमीबा' कहा जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम Naegleria fowleri है और यह गर्म पानी में पनपने वाला एक खतरनाक सूक्ष्म जीव है।

यह अमीबा मुख्यतः झीलों, तालाबों, नदियों और गर्म पानी के स्रोतों में पाया जाता है। जब पानी का तापमान बढ़ता है, तब इसकी सक्रियता भी बढ़ जाती है। यही कारण है कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ती वैश्विक गर्मी के साथ इसके मामलों की चर्चा अधिक होने लगी है। यह जीव आमतौर पर तब खतरनाक बनता है, जब दूषित पानी नाक के रास्ते शरीर के भीतर प्रवेश करता है। इसके बाद यह सीधे मस्तिष्क तक पहुंच सकता है और वहां गंभीर संक्रमण पैदा करता है, जिसे चिकित्सकीय भाषा में Primary Amebic Meningoencephalitis (PAM) कहा जाता है।



धनीश शर्मा
लेखक

ब्रेन-ईटिंग अमीबा द्वारा होने वाला संक्रमण PAM के रूप में अत्यंत दुर्लभ, लेकिन घातक होता है। यह केवल नाक के रास्ते शरीर में प्रवेश करके मस्तिष्क तक पहुंचता है, पीने से या व्यक्ति-से-व्यक्ति में नहीं फैलता। संक्रमण के शुरुआती लक्षण आमतौर पर पानी में संपर्क के 1–12 दिनों के भीतर दिखाई देते हैं, जैसे तेज सिरदर्द, बुखार, उल्टी और गर्दन में अकड़न और यह जल्दी गंभीर स्थिति में बदल सकता है। PAM की मृत्यु दर लगभग 97% से अधिक है। भारत में हाल के वर्षों में, विशेषकर केरल में, इस अमीबा के मामलों और मौतों की संख्या दर्ज हुई है, जिससे जागरूकता बढ़ाना आवश्यक हो गया है।

इस बीमारी की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि इसके शुरुआती लक्षण सामान्य संक्रमण जैसे ही दिखाई देते हैं। तेज सिरदर्द, बुखार, उल्टी, गर्दन में अकड़न और भ्रम जैसी समस्याएं अचानक शुरू हो सकती हैं, लेकिन बीमारी बहुत तेजी से बढ़ती है और कई मामलों में कुछ ही दिनों में गंभीर स्थिति पैदा कर देती है। यही कारण है कि डॉक्टर इसे अत्यंत घातक संक्रमणों में गिनते हैं।

यह भी सच है कि इसके मामले बहुत कम होते हैं। लाखों लोगों के पानी में जाने के बावजूद संक्रमण के मामले बेहद सीमित संख्या में सामने आते हैं। इसके बावजूद स्वास्थ्य विशेषज्ञ सावधानी बरतने की सलाह देते हैं। अमूमन लोग गर्मियों में तालाब, स्विमिंग पूल और अन्य जगहों को सुरक्षित समझकर नहा लेते हैं, जबकि वास्तव में ये सभी स्रोत दूषित पानी होने पर ब्रेन-ईटिंग अमीबा के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं, इसलिए केवल साफ और अच्छी तरह मेंटेन किए गए जल स्रोत का ही उपयोग करना सुरक्षित माना जाता है। स्विमिंग करते समय नोज़ क्लिप का इस्तेमाल करना और साफ-सुथरे स्विमिंग पूल का चयन करना भी एक साधारण, लेकिन प्रभावी उपाय हो सकता है।

भारत गर्मी का मौसम लंबा होता जा रहा है और जल स्रोतों पर दबाव बढ़ रहा है, वहां इस विषय पर जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। कई बार लोग बिना जानकारी के तालाबों या गर्म पानी वाले स्रोतों में नहाते या तैरते हैं। यदि पानी साफ नहीं है या लंबे समय से स्थिर है, तो जोखिम बढ़ सकता है, इसलिए स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है कि वे लोगों को समय-समय पर चेतावनी और जानकारी दें। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# 'सामूहिक एकांत' की तरफ बढ़ रहा है भारतीय समाज





डॉ. शिवम् भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अभिभावकों से यह अपील कि बच्चे मोबाइल की लत से दूर रहें, हमारे समय की एक गहरी मनोवैज्ञानिक और सामाजिक चिंता को सामने लाती है। यह उस दौर का संकेत है, जहां दुनिया 'ग्लोबल विलेज' से सिमटकर सचमुच 'डिजिटल हथेली' में आ गई है। आज सूचना, मनोरंजन और संवाद- सब कुछ एक क्लिक की दूरी पर उपलब्ध है। कभी ज्ञान के लिए पुस्तकालयों की शरण लेनी पड़ती थी, संवाद के लिए पत्र लिखे जाते थे और मनोरंजन सामूहिक अनुभव हुआ करता था। आज यह सब एक छोटे से स्क्रीन में समाहित है। इस सुविधा ने जीवन को सरल अवश्य बनाया है, लेकिन इसके साथ एक सूक्ष्म परिवर्तन भी हमारे भीतर प्रवेश कर चुका है। हमारी चेतना, धैर्य और उस गहरे संतोष में, जो मानसिक संतुलन का आधार होता है।

आज किसी भी घर का दृश्य देखें तो एक अजीब-सा 'सामूहिक एकांत' दिखाई देता है। लोग साथ बैठते हैं, परंतु प्रत्येक व्यक्ति अपनी-अपनी स्क्रीन में डूबा रहता है। यह केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि मानव मस्तिष्क की जैविक प्रवृत्तियों के सुनियोजित दोहन का उदाहरण है। हमारे मस्तिष्क में 'डोपामिन' नामक रसायन हमें नई उत्तेजनाओं और पुरस्कारों की ओर आकर्षित करता है। जब भी हमें कोई नई या सुखद अनुभूति मिलती है- प्रशंसा, उपलब्धि या अचानक मिला आनंद—डोपामिन सक्रिय होता है और मस्तिष्क उसी अनुभव को दोहराने की इच्छा करता है।

डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने इसी तंत्र को अपनी संरचना का आधार बना लिया है। कुछ सेकेंड के छोटे वीडियो या 'रील्स' बिना किसी अतिरिक्त प्रयास के बार-बार नई उत्तेजना प्रदान करते हैं। एक वीडियो समाप्त होते ही मस्तिष्क अगले 'डोपामिन शॉट' की अपेक्षा करने लगता है और इस तरह एक अंतहीन क्रम शुरू हो जाता है। परिणामस्वरूप व्यक्ति अनजाने में घंटों स्क्रीन पर स्क्रॉल करता रहता है। यह अनुभव उस मृगतृष्णा के समान है, जिसमें दूर से चमकता पानी दिखाई देता है, लेकिन पास पहुंचने पर वह केवल रेत साबित होता है। समय के साथ यह त्वरित मनोरंजन आनंद के बजाय थकान, बेचैनी और एक प्रकार के आंतरिक खालीपन में बदलने लगता है, फिर भी मन उसी चक्र का अभ्यस्त हो जाता है।

इस निरंतर उत्तेजना का सबसे गहरा प्रभाव हमारी एकाग्रता पर पड़ता है। मानव मस्तिष्क स्वाभाविक रूप से गहराई में जाकर विचार करने और किसी विषय को समझने की क्षमता रखता है, लेकिन जब उसे हर कुछ सेकंड में नया दृश्य, नई ध्वनि और नई सूचना मिलने की आदत पड़ जाती है, तो उसके लिए ठहरकर सोचना कठिन हो जाता है। परिणामस्वरूप लंबी पुस्तकें, गंभीर लेख और गहन चिंतन उबाऊ प्रतीत होने लगते हैं। विभिन्न अध्ययनों में भी यह संकेत मिला है कि बढ़ते स्क्रीन समय के साथ ध्यान अवधि में गिरावट आई है। यह केवल समय की बर्बादी का प्रश्न नहीं, बल्कि हमारी आलोचनात्मक सोच, निर्णय क्षमता और बौद्धिक परिपक्वता पर भी प्रभाव डालता है।

यहीं पर डिजिटल युग का सबसे बड़ा विरोधाभास सामने आता है। हमारे पास उत्तेजना के साधन पहले से कहीं अधिक हैं, लेकिन संतोष का स्तर घटता जा रहा है। इसे समझने के लिए डोपामिन और सेरोटोनिन के अंतर को देखना उपयोगी है। डोपामिन त्वरित उत्तेजना और पुरस्कार से जुड़ा है, जबकि सेरोटोनिन स्थिरता, संतुलन और गहरे संतोष से संबंधित है। डिजिटल संसार मुख्यतः डोपामिन आधारित अनुभव प्रदान करता है, इसलिए वह हमें लगातार नई उत्तेजनाओं की ओर खींचता है।

इसके विपरीत, वे अनुभव जो मनुष्य को भीतर से समृद्ध करते हैं, जैसे प्रकृति के बीच समय बिताना, किसी के साथ गहरी बातचीत करना, कोई कला सीखना या शांत होकर अपने विचारों के साथ समय बिताना, ये सेरोटोनिन से जुड़े होते हैं। इन अनुभवों में त्वरित आकर्षण नहीं होता, लेकिन वे धीरे-धीरे मन को स्थिर और संतुष्ट बनाते हैं। विडंबना यह है कि आधुनिक जीवन में उत्तेजना के साधन तो बढ़ते जा रहे हैं, परंतु संतोष के स्रोत लगातार कम होते प्रतीत होते हैं।

इसका अर्थ यह नहीं है कि तकनीक स्वयं में समस्या है। तकनीक मानव बुद्धि की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसने शिक्षा, चिकित्सा, ज्ञान और संचार के क्षेत्र में असंख्य संभावनाएं खोली हैं। समस्या तब उत्पन्न होती है, जब सुविधा धीरे-धीरे आदत में और आदत निर्भरता में बदल जाती है, इसलिए समाधान तकनीक के त्याग में नहीं, बल्कि उसके संतुलित उपयोग में निहित है।

डिजिटल जीवन के बीच कुछ सरल अनुशासन विकसित किए जा सकते हैं, जो मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायक हों। जैसे- भोजन का समय केवल भोजन और संवाद के लिए हो, शयनकक्ष को विश्राम का स्थान बनाए रखा जाए, समय-समय पर 'डिजिटल उपवास' किया जाए और दिन का कुछ हिस्सा बिना किसी डिजिटल व्यवधान के रचनात्मक या बौद्धिक गतिविधियों को दिया जाए। बच्चों के संदर्भ में यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि उन्हें केवल स्क्रीन से दूर रखने का प्रयास न किया जाए, बल्कि उन्हें खेल, पुस्तक, संगीत और प्रकृति जैसे अनुभवों से जोड़ा जाए, ताकि वे जीवन के वास्तविक आनंद को पहचान सकें।

आज की सबसे बड़ी चुनौती यही है कि हम डिजिटल आकर्षण की इस चमकदार दुनिया के बीच भी उस धीमी और गहरी आवाज को सुनते रहें, जो हमें भीतर से संतुलित और सजग बनाती है। यदि हम लगातार उत्तेजना के शोर को अपने भीतर हावी होने देंगे, तो वह हमारे धैर्य, हमारी गहराई और हमारी मानवीय संवेदनाओं को प्रभावित करेगा, परंतु यदि हम सजगता के साथ तकनीक का उपयोग करें, तो वही तकनीक ज्ञान, सृजन और सार्थक संवाद का माध्यम बन सकती है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

आज किसी भी घर का दृश्य देखें तो एक अजीब-सा 'सामूहिक एकांत' दिखाई देता है। लोग साथ बैठते हैं, परंतु प्रत्येक व्यक्ति अपनी-अपनी स्क्रीन में डूबा रहता है।

## आमने सामने



अपने यहां जब कोई भी शुभ काम होता है, उसको नजर न लग जाए, इसलिए काला टीका लगाने की परंपरा है। मैं आपका धन्यवाद करता हूं। काला टीका लगाने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। (दरअसल संसद में डीएमके सांसद काले कपड़े पहनकर सदन में पहुंचे थे।)

-नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

543 में से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण क्यों नहीं दे रहे? अगर पद खोने का डर नहीं, तो कुछ लोग इसमें अपना पद खो दें, ताकि महिलाएं और ओबीसी वर्ग आ सके। ये आज ही कर दें, शुभ काम हो जाएगा। काला टीका भी काम आ जाएगा।

-प्रियंका गांधी
कांग्रेस सांसद



# हिमालय की आबोहवा पर थार का 'जैविक प्रहार'



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

हिमालय की जिन बर्फीली चोटियों को हम शुद्धता और जीवनदायिनी हवा का प्रतीक मानते आए हैं, वे अब एक अदृश्य और खतरनाक सूक्ष्मजीव हमले की गिरफ्त में हैं। हाल के वर्षों में यह देखा गया है कि रेगिस्तानी इलाकों से उड़कर आने वाली धूल केवल पहाड़ों का परिदृश्य ही नहीं बदल रहीं, बल्कि वहां की आबोहवा में घातक बीमारियों का जहर भी घोल रही हैं। यह धूल अपने साथ सूक्ष्म बैक्टीरिया और ऐसे पैथोजन्स (रोगजनक) ला रही है, जो हजारों किलोमीटर दूर के रेगिस्तानों से उड़कर हिमालय की ऊंचाई तक पहुंच रहे हैं। यह स्थिति न केवल हिमालय के संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र को बिगाड़ रही है, बल्कि वहां रहने वाली आबादी के लिए एक गंभीर स्वास्थ्य संकट भी पैदा कर रही है।

हिमालय, जिसे 'दुनिया का तीसरा ध्रुव' कहा जाता है, वर्तमान में एक अनोखी चुनौती का सामना कर रहा है। रेगिस्तान की धूल का हिमालय तक पहुंचना कोई सामान्य घटना नहीं है, बल्कि यह जलवायु परिवर्तन और मानवीय हस्तक्षेप का एक मिला-जुला परिणाम है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण थार और मध्य पूर्व के रेगिस्तान अधिक शुष्क हो रहे हैं। मिट्टी की नमी खत्म होने से धूल हल्की होकर हवा में आसानी से उठ जाती है। सर्दियों और बसंत के दौरान चलने वाली ये हवाएं धूल के कणों को हजारों किलोमीटर दूर से उठाकर हिमालय की ऊंचाइयों तक ले आती हैं।

अरावली पर्वतमाला, जो थार की धूल के लिए एक प्राकृतिक अवरोध का काम करती थी, अब खनन और वनों की कटाई के कारण कमजोर हो गई है। इससे धूल को आगे बढ़ने का सीधा रास्ता मिल गया है। यह जल चक्र के असंतुलन, ग्लेशियर के तेजी से पिघलने का कारक तो है ही। धूल के कणों में अक्सर खनिज और पोषक तत्व होते हैं, हालांकि यह सुनने में अच्छा लग सकता है, लेकिन हिमालय की 'ओलिगोट्रोफिक' (कम पोषक तत्व वाली) झीलों में इनका गिरना शैवाल के अनियंत्रित विकास को बढ़ावा दे सकता है, जिससे जलीय जीवन खतरे में पड़ जाता है। इसके साथ हिमालय के स्वस्थ परिवेश में अब उन बैक्टीरिया का निवास हो बढ़ रहा है, जो हिमालय के पर्यावास को दूरगामी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

इस चिंताजनक स्थिति की आधिकारिक पुष्टि प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका 'साइंस ऑफ द टोटल एनवायरनमेंट' (15 दिसंबर 2025 अंक) में प्रकाशित एक अध्ययन से हुई है। अंतरा प्रमाणिक, सनत कुमार दास और उनके सहयोगियों द्वारा पूर्वी हिमालय के पहाड़ी इलाकों में किए गए इस 'मेटाजेनोमिक विश्लेषण' से पता चला है कि थार रेगिस्तान से आने वाली धूल के साथ भारी मात्रा में विदेशी बैक्टीरिया हिमालय पहुंच रहे हैं। शोध के अनुसार, हिमालय की कुल बैक्टीरिया आबादी का 80 प्रतिशत हिस्सा स्थानीय नहीं है, बल्कि वह वायु के बहाव के साथ उड़कर वहां पहुंचा है। यह बाहरी हस्तक्षेप हिमालय की प्राकृतिक सूक्ष्मजीव विविधता को 60 प्रतिशत तक बाधित कर रहा है और वहां की हवा को बीमारियों का एक 'ग्लोबल कनवेयर बेल्ट' बना रहा है।

वैज्ञानिक आंकड़ों के अनुसार, गर्मियों के दिनों में जब रेगिस्तानी हवाएं तेज होती हैं, तब हिमालयी वायुमंडल में बैक्टीरिया की सांद्रता सामान्य से कई गुना बढ़कर 6.7 लाख प्रति घन मीटर तक पहुंच जाती है। अंतरिक्ष आधारित निगरानी और विश्लेषण से पता चला है कि पूर्वी हिमालय के ऊपर दो से तीन किलोमीटर की ऊंचाई पर धूल की एक मोटी परत जमा हो रही है, जिसका सीधा स्रोत थार रेगिस्तान है। इस धूल के साथ आने वाले बैक्टीरिया में एक-तिहाई हिस्सा ऐसे सूक्ष्मजीवों का है, जो त्वचा में संक्रमण पैदा करते हैं। इसके अलावा, पहाड़ों की तलहटी से ऊपर उठने वाली हवाएं लगभग 45 प्रतिशत ऐसे बैक्टीरिया ला रही हैं, जो श्वसन तंत्र को प्रभावित करते हैं, जबकि ऊपरी वायुमंडल से नीचे आने वाली हवाओं में आधे से ज्यादा बैक्टीरिया पेट और पाचन तंत्र को बीमार करने वाले पाए गए हैं।

हैरानी की बात यह है कि हिमालय के अपने स्थानीय बैक्टीरिया, जो अब कुल आबादी का मात्र 20 प्रतिशत रह गए हैं, वे भी संक्रमण फैलाने में पीछे नहीं हैं। वे लगातार श्वसन और त्वचा संबंधी बीमारियों का कारण बन रहे हैं, लेकिन रेगिस्तानी धूल के आगमन से इन बाहरी और अनूठे बैक्टीरिया की मौजूदगी में 40 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह स्थिति संकेत देती है कि भविष्य में हिमालयी क्षेत्रों में रहने वाली आबादी और वहां आने वाले पर्यटकों के लिए स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां और अधिक जटिल होने वाली हैं।

यह शोध केवल पर्यावरणीय बदलाव तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक वैश्विक चेतावनी है। जिस तरह से वायुमंडलीय प्रक्रियाएं हजारों किलोमीटर दूर से जीवन और बीमारियों को ढो रही हैं, वह हिमालयी वातावरण की संवेदनशीलता को दर्शाता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

हिमालय की जिन बर्फीली चोटियों को हम शुद्धता और जीवनदायिनी हवा का प्रतीक मानते आए हैं, वे अब एक अदृश्य और खतरनाक सूक्ष्मजीव हमले की गिरफ्त में हैं।

## सोशल फोरम

# कहानी 'हसरत' की

**कल खेल में हम हों न हों गर्दिश में तारे रहेंगे सदा**
**भूलोगे तुम भूलेंगे वो, पर हम तुम्हारे रहेंगे सदा**

कला किसी परिचय की मोहताज नहीं होती। निधन तो कलाकार का होता है, कला तो हमेशा जिंदा रहती है। ऐसे ही कुछ कलाकारों में से एक थे, मशहूर गीतकार हसरत जयपुरी। बचपन से ही शायराना मिजाज वाले हसरत जयपुरी का जन्म 15 अप्रैल 1922 को राजस्थान (जयपुर) में पिता नाज़िम हुसैन और मां फ़िरदौसी बेगम के घर हुआ। नाम रखा गया 'इक़बाल हुसैन'। इनके नाना फ़िदा हुसैन 'फ़िदा' अपने जमाने के मशहूर शायर थे।



राजेश कुमार गुप्ता
ब्लॉगर

उनकी ये विरासत मां के जरिए इन्हें मिली। पर न जाने क्यूं उनकी मां को उनका शायरी करना जरा भी पसंद नहीं था, लेकिन इक़बाल भी कहां मानने वाले थे। तो मां ने हुक्म सुना दिया कि तुम्हें अगर शायरी ही करनी है, तो घर से बाहर जा कर करो। मां के इसी फ़रमान ने बेटे को 'इक़बाल हुसैन' से 'हसरत जयपुरी' बना दिया। 1940 में अपनी जेब में 'हसरत' लिए इक़बाल पहुंच गए मायानगरी।

अब आ तो गए, पर मुंबई पहुंचे हसरत के हाथ में न पैसे थे और ना ही कोई उनकी जान पहचान का व्यक्ति था। कई रातें बिना खाना खाए, फुटपाथ पे भी बितानी पड़ीं। फिर काफी मशक्क़त के बाद बस कंडक्टर की नौकरी मिली, लेकिन उनका दिल तो अटका था शेरो शायरी की तरफ।

कंडक्टरी के साथ-साथ अपने शौक को पूरा करने के लिए हसरत मुशायरों में जाने लगे। एक दिन मुशायरे के दौरान इन पर पृथ्वीराज कपूर साहब की नजर पड़ी। उन्होंने हसरत के लिए अपने बेटे राज कपूर से सिफ़ारिश की। यहीं से इनकी क़िस्मत चमक उठी। उन दिनों राज कपूर अपनी फ़िल्म 'बरसात' की तैयारी में लगे थे। इस फ़िल्म के लिए हसरत ने अपना पहला गीत लिखा। 'जिया बेकरार है छाई बहार है...', और इस गीत के बाद हसरत की जिंदगी का सफर भी सुहाना हो गया।

इसके बाद उन्होंने तमाम फ़िल्मों के लिए गीत लिखे। राज साहब की तो लगभर हर फ़िल्म में उनकी मौजूदगी रही। पहली फ़िल्म के बाद ही हसरत की शंकर जयकिशन और शैलेंद्र के साथ जोड़ी बन गई थी। इनकी टीम ने तमाम फ़िल्मों के गीत को कालजयी बना दिया। फ़िल्मी गीतों के साथ साथ उन्होंने हिंदी व उर्दू में कई किताबें भी लिखीं। उनका शायरी संकलन 'आबशार-ए-ग़ज़ल' के नाम से है।

**-फेसबुक वॉल से**



## सामयिकी

# क्या कला बगिया से विदा होंगी मालिनी!

संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा हो रही है, दूसरी तरफ अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं के राजनीति में प्रवेश की चर्चाएं भी होने लगी हैं। उत्तर प्रदेश में लोकगायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी के भाजपा में शामिल होने की चर्चा भी एक बार फिर छिड़ गई है। कला संगीत की विभिन्न विधाओं का धनी उत्तर प्रदेश बहुरंगी लोक संगीत की बगिया भी है। एक बार फिर चर्चा है कि मालिनी राजनीति में आएंगी। इससे क्या लोकसंगीत की बगिया की मालन की संगीत साधना बाधित होगी! इस प्रसिद्ध महिला कलाकार के राजनीति में आने की चर्चाएं गलत साबित हों या सही, ये अलग बात है पर ये सच है कि सक्रिय राजनीति में आने वाला प्रत्येक कलाकार अपनी कला में सक्रिय नहीं रह सका। चाहे रवि किशन हों, मनोज तिवारी या मैथिली ठाकुर।

एक बेटी के विवाह उपरांत विदाई की तरह कला क्षेत्र की किसी हस्ती की राजनीति में एंट्री खुशी और ग़म दोनों देती है। खुशी इस बात की कि कलाकार राजनीति में आकर कला के क्षेत्र को आगे बढ़ाएगा, ग़म इस बात का कि राजनीति में आने के बाद कलाकार की कला साधना बाधित होगी। संसद और विधानसभाओं में एक तिहाई महिलाओं के आरक्षण का कोटा पूरा करने के लिए विभिन्न दल प्रयासरत हैं। दलों में महिला कार्यकर्ताओं की कमी नहीं पर लोकसभा या विधानसभा का चुनाव लड़ने लायक लोकप्रिय महिलाओं की तलाश में दल अलग-अलग क्षेत्रों/पेशों की चर्चित महिलाओं को पार्टी में शामिल करने का प्रयास कर रहे हैं।



सीमा चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

लोकसभा और विधानसभाओं में एक तिहाई महिलाओं की सीट आरक्षित होने का बहुप्रतीक्षित कानून पास होने के बाद से राजनीतिक दल अपने-अपने दलों में महिलाओं को जोड़ने पर जोर दे रहे हैं। 16 अप्रैल 2026 से शुरू हो रहे संसद सत्र के विशेष सत्र में ये कानून चर्चा का विषय रहेगा। भाजपा महिलाओं को राजनीति में भागीदारी देने के लिए नारी शक्ति वंदन अभियान चला रही है। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में एक कार्यक्रम में सांसद रवि किशन को चुटकी लेते हुए कहा था कि हो सकता है कि गोरखपुर से अगला लोकसभा चुनाव रवि किशन की जगह कोई महिला चुनाव लड़े!

2024 लोकसभा चुनाव से पूर्व चर्चा थी कि मालिनी अवस्थी को भाजपा चुनाव लड़वा सकती है। मुख्यमंत्री के कुछ बयानों के बाद एक बार फिर ऐसी चर्चाओं ने जन्म ले लिया है। कला साधक मालिनी अवस्थी पर उनके नाम और जन्म स्थल का असर दिखता है। मालिनी का अर्थ है-माला पहनने वाली। प्रशंसाओं, आलोचनाओं और चर्चाओं की मालाएं धारण किए मालिनी की जन्म स्थली सुगंध नगरी कन्नौज है। पद्मश्री मालिनी की सक्रियता और प्रशंसा मीडिया की सुर्खियां में बनी रहती हैं, तो सोशल मीडिया और कला क्षेत्रों में इनकी आलोचना की कानाफूसी भी खूब होती है।

कहते हैं कि इनके पति लंबे समय तक प्रभावशाली नौकरशाह रहे, सेवानिवृत्त होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार बन गए, इसलिए कला संस्कृति से संबंधित सरकारी विभाग मालिनी पर मेहरबान रहते हैं। आरोप लगते हैं कि पति का प्रभाव पत्नी को सरकारी कार्यक्रम दिला देता है। यूपी के तमाम प्रतिभाशाली कलाकारों को भुलाकर सांस्कृतिक कार्य विभाग मालिनी के दामन में हर बड़ा कार्यक्रम डाल देता है। भारतेंदु नाट्य स्वर्ण जयंती समारोह में संगीत और रंगमंचीय प्रस्तुति 'मालन अलबेली' में मालिनी छा गईं। प्रशंसाओं की गूंज में आलोचनाएं भी मुखर हुईं, हालांकि ऐसी आलोचनाएं और सवाल हर बड़े कलाकार पर लगते रहे हैं। (यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

यूपी के सीतापुर में एक महिला ने निराश्रित पशुओं के संरक्षण में ऐसा बीड़ा उठाया कि घर की गृहस्थी को तिलांजलि देकर लाखों का फ्लैट ही खरीद डाला। 16 वर्षों से गौवंशों की सेवा करने में लगा परिवार गौमाताओं के लिए पौष्टिक भोजन के साथ फल-सब्जी और पर्याप्त दवाएं भी उपलब्ध करा रहा है। काष्ठा फाउंडेशन की संचालिका भावना सक्सेना बताती हैं कि 16 वर्ष पूर्व उन्हें नंदी चोटिल मिला, सड़क किनारे दो गौमाताएं भी थीं। अधिक जख्म होने के कारण कोई आगे नहीं बढ़ा, परिवार के साथ मिलकर सभी को घर के करीब ले आए, ताकि सेवा की जा सके। तमाम प्रयास के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। तभी से मन बना लिया कि निराश्रित पशुओं के लिए छांव के साथ सारे इंतजाम करने हैं। भावना बताती हैं कि परिवार के सहयोग से पैसे इकट्ठा किए, घर की ज्वेलरी भी बेच दी, बाद में सड़क किनारे एक मकान खरीदा। फ्लैट में गौवंश के साथ 72 निराश्रितों का परिवार है। इनमें नियमित उपचार के साथ फल-सब्जियों का वितरण कराया जाता है। *-जीशान कदीर, सीतापुर*






# बेजुबान पशुओं को मिली जुबां


निराश्रित पशु का अंतिम संस्कार करातीं भावना सक्सेना।

### ठीक होने के बाद लोगों ने अपनाए गौवंश

भावना सक्सेना की पुत्री योशिता निजी कंपनी में कार्यरत हैं। कहती हैं कि ठीक होने के बाद कई गौवंशों को अपनाने के लिए शहर और उसके आसपास के परिवार आगे आए, बताती हैं कि सड़क पर निकलते समय घायल और बीमार पशुओं को लाना दिनचर्या में है। अब तक एक लाख से अधिक गौवंशों की सेवा की जा चुकी है।

### भंडारा और अंतिम संस्कार के लिए परिवार एकजुट

भावना बताती हैं कि परिवार में पुत्र स्वरित और बहू निधि के अलावा पति मुकुल मोहन और पुत्री योशिता मिलकर गौवंशों और निराश्रित पशु (कुत्ता, बिल्ली आदि) के लिए भंडारे का आयोजन करते हैं, शहर और उसके आसपास हादसे का शिकार पशुओं के अंतिम संस्कार का जिम्मा भी दैनिक दिनचर्या में है।

### नाम पुकारते ही दौड़ पड़ते हैं गौवंश

महिला और उनके बच्चों ने हर गौवंश का नाम रखा गया है। राजा, गणेश, गौरी, शंकर, गौरा, यशोदा, ममता, मंत्र, काली, रघु, भरत, आदि, छोटू, चंदू, बिल्लो सहित अन्य नामों से पुकारे जाने वाले गौवंश नाम सुनते ही दौड़ पड़ते हैं।


शहर के आई हॉस्पिटल चौराहे के नजदीक छांव के नीचे मौजूद गौवंश


कुत्ते के बच्चों का रेस्क्यू करतीं योशिता

# अंजा रिंगग्रेन लोवेन

## एक मानवतावादी महिला की कहानी



अंजा रिंगग्रेन लोवेन एक डेनिश मानवतावादी कार्यकर्ता हैं, जिन्हें नाइजीरिया में 'विष्ट बच्चे' (व्हिच चिल्ड्रेन) के रूप में आरोपित बच्चों को बचाने और उनकी पुनर्वास के लिए जाना जाता है। वे लैंड ऑफ होप नामक चैरिटी संगठन की संस्थापक हैं, जो पहले 'दिन नॉधजेल्प' (एक डेनिश नाम है, जिसका शाब्दिक अर्थ है-आपकी आपातकालीन सहायता) के नाम से जाना जाता था। उनका जन्म 4 सितंबर, 1978 को डेनमार्क के फ्रेडरिकशावन शहर में हुआ था। अंजा ने न केवल हजारों बच्चों की जिंदगियां बचाई हैं, बल्कि अफ्रीकी समाज में अंधविश्वासों के खिलाफ जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी कहानी प्रेरणा का स्रोत है, जो दिखाती है कि एक व्यक्ति की दृढ़ इच्छाशक्ति कैसे विश्व स्तर पर बदलाव ला सकती है।


रूफिया खान
शिक्षिका

- **प्रारंभिक जीवन और शिक्षा-** अंजा का बचपन डेनमार्क के एक छोटे से शहर में बीता, जहां वे अपनी मां, बड़ी बहन और जुड़वां बहन के साथ रहती थीं। उनके पिता शराबी थे और मां की असमय मृत्यु ने उनके जीवन को गहरा आघात पहुंचाया। इससे वे अवसाद, चिंता और एनोरेक्सिया जैसी समस्याओं से जूझीं। 1998 में उन्होंने फ्रेडरिकशावन जिम्नेजियम से शिक्षा पूरी की। उसके बाद वे मध्य पूर्व की यात्रा पर गईं और इजरायल के एक किबुट्ज में रहीं, जहां उन्होंने सामुदायिक जीवन का अनुभव प्राप्त किया। 2001 में उन्होंने मर्स्क एयर के साथ स्टूअर्डेस (हवाई जहाज में महिला केबिन क्रू) के रूप में प्रशिक्षण लिया, लेकिन अपनी मां की टर्मिनल बीमारी के कारण नौकरी छोड़ दी। मां की मृत्यु के बाद वे खुदरा क्षेत्र में काम करने लगीं और आरहूस शहर में एक स्टोर मैनेजर बनीं। यह अवधि उनके जीवन की चुनौतियों से भरी थी, लेकिन इन्होंने ही उनकी मानवतावादी यात्रा की नींव रखी।
- **मानवतावादी कार्यों की शुरुआत-** अंजा का मानवतावादी सफर 2008 में तब शुरू हुआ, जब उन्होंने ब्रिटिश डॉक्यूमेंट्री 'व्हिच चिल्ड्रेन' देखी, जिसमें नाइजीरिया में जादू-टोने के आरोप में बच्चों पर होने वाले अत्याचारों को दिखाया गया था। इन बच्चों को परिवार और समाज द्वारा त्याग दिया जाता है, उन्हें यातनाएं दी जाती हैं या यहां तक कि जिंदा जला दिया जाता है। यह दृश्य अंजा के बचपन के सपने, अफ्रीका में काम करने के सपने को साकार करने के लिए प्रेरणा बना। 2009 में उन्होंने डेनिश नेशनल चर्च एड के लिए मलावी में तीन महीने का पर्यवेक्षक कार्य किया, जहां उन्होंने एक स्कूल के नवीनीकरण के लिए धन जुटाया। इसके बाद तंजानिया में एक स्कूल बनाने में मदद की। 2012 में, आरहूस में सेल्सपर्सन की नौकरी छोड़कर, उन्होंने डीआईएनएनोदहजेल्प की स्थापना की। अपनी सारी संपत्ति बेचकर उन्होंने नाइजीरिया में 'विष्ट बच्चों' को बचाने का संकल्प लिया। 2013 में वे पूर्णकालिक रूप से इस कार्य में लग गईं।
- **लैंड ऑफ होप की स्थापना -** 2014 में अंजा ने नाइजीरियाई कानून छात्र डेविड इम्मानुएल उमेम के साथ मिलकर अफ्रीकन चिल्ड्रेंस एड एजुकेशन एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन की सह-स्थापना की। उन्होंने अकवा इबोम राज्य में तीन एकड़ जमीन खरीदी और इंजीनियर्स विदाउट बॉर्डर्स की मदद से लैंड ऑफ होप चिल्ड्रेंस सेंटर का निर्माण किया। यह केंद्र पश्चिम अफ्रीका का सबसे बड़ा ऐसा केंद्र है, जिसमें 100 बच्चों के लिए आवास, अस्पताल, व्यावसायिक स्कूल और कृषि भूमि शामिल है। यहां बच्चों को सुरक्षित वातावरण मिलता है, शिक्षा दी जाती है, स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती है और अंधविश्वासों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं।

संगठन का उद्देश्य न केवल बचाव है, बल्कि बच्चों को उनके परिवारों में पुनर्स्थापित करना भी है। अंजा और उनकी टीम ने अब तक सैकड़ों बच्चों को बचाया है, जो पहले सड़कों पर भटकते या यातनाएं झेलते थे। वे स्थानीय समुदायों में शिक्षा के माध्यम से अंधविश्वासों को समाप्त करने पर काम करती हैं। केंद्र में रहने वाले 95 बच्चे अब स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और कई को उनके परिवारों में वापस लौटाया जा चुका है।

### प्रमुख उपलब्धियां

अंजा के कार्यों को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिसमें सम्मिलित हैं-

- 2016- ओओओएम मैगजीन द्वारा 'दुनिया की सबसे प्रेरणादायक व्यक्ति'।
- 2016- नील्स एबेसन मेडल।
- 2017- पॉल हैरिस फेलोशिप और होप अवॉर्ड।
- 2017- डेन ऑफ द ईयर के लिए नामांकन।
- 2023- रेड क्रॉस ह्यूमन राइट्स अवॉर्ड।

उन्हें दलाई लामा द्वारा 'हीरो' घोषित किया गया है। उनके कार्यों पर कई डॉक्यूमेंट्री भी बनी हैं, जैसे हेल्वेडेस हेल्टे, अंजा ओग हेक्सेबोर्नेने और हेक्सेनकिंडर इन नाइजीरिया (जर्मनी, 2018)। अंजा डेनमार्क की सबसे मांग वाली वक्ताओं में से एक हैं, जहां वे अपनी कहानी, बलिदान और नाइजीरिया के अंधविश्वासों पर व्याख्यान देती हैं।

## जॉब का पहला दिन

# सपनों से हकीकत तक का पहला कदम




अजय त्रिवेदी
उप निदेशक युवा कल्याण

जीवन के कालखंड में कुछ तिथियां स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो जाती हैं। 25 मार्च 1995 का दिन मेरे जीवन का एक महत्वपूर्ण और अविस्मरणीय दिन है। इसी दिन मैंने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की अमायन शाखा, जिला भिंड (मध्य प्रदेश) में अपनी पहली नौकरी की शुरुआत की और अपने करियर की पहली औपचारिक दहलीज लांघी। एक 22 वर्षीय युवा के लिए यह दिन उत्साह, गर्व और हल्की-सी बेचैनी का अनूठा संगम था। यह केवल नौकरी का पहला दिन नहीं, बल्कि मेरे सपनों, संघर्षों और आत्मनिर्भरता की दिशा में पहला ठोस कदम था।

सुबह का समय अलग ही उत्साह और घबराहट से भरा हुआ था। मन में अनेक प्रश्न उठ रहे थे- कैसा होगा नया कार्यस्थल, कैसे होंगे सहकर्मी, क्या मैं अपनी जिम्मेदारियों को निभा पाऊंगा? इन सवालों के बीच एक आत्मविश्वास भी था, जो मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहा था। प्रातः 10 बजे मैं अपने बड़े भाई अरविंद त्रिवेदी जी के साथ बैंक पहुंचा। उस समय मन में हजारों विचार उमड़ रहे थे। परिवार के संस्कार और बैंक की साख, दोनों का सम्मान मेरे कंधों पर था। मार्च का महीना बैंकिंग क्षेत्र में 'क्लोजिंग' का समय होता है, इसलिए वातावरण में विशेष व्यस्तता और ऊर्जा थी। जब मैंने शाखा प्रबंधक एस. सोनवणे जी को अपनी जॉइनिंग रिपोर्ट सौंपी, तो वह क्षण केवल पदभार ग्रहण करना नहीं था, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज सेवा का संकल्प भी था। शाखा का वातावरण अनुशासन और कार्यकुशलता से परिपूर्ण था। वरिष्ठ कर्मचारियों आजाद जी, एस.एस. कुशवाहा और आनंद पाल ने मेरा गर्मजोशी से स्वागत किया। उनकी सरलता और सहयोगपूर्ण व्यवहार ने मेरी झिझक को काफी हद तक दूर कर दिया।

मुझे बैंक के विभिन्न कार्यों जमा-निकासी, खातों का संचालन और ग्राहकों से संवाद के बारे में बताया गया। लेजर, वाउचर और कैश ट्रांजैक्शन जैसी बैंकिंग प्रक्रियाओं से मेरा परिचय उसी दिन प्रारंभ हुआ। यह सब नया था, किंतु सीखने की ललक ने हर चुनौती को सरल बना दिया। अमायन जैसे ग्रामीण क्षेत्र में बैंक केवल वित्तीय संस्था नहीं, बल्कि लोगों के भरोसे का केंद्र होता है। पहले ही दिन मुझे समझ आ गया कि यहां काम केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि लोगों की उम्मीदों का है। उस समय सारा कार्य हस्तलिखित रजिस्टरों में होता था। एक छोटी सी चूक भी बड़ा अंतर उत्पन्न कर सकती थी, इसलिए एकाग्रता अत्यंत आवश्यक थी। मुझे मुख्यतः निरीक्षण और समझने का कार्य सौंपा गया। मैंने ध्यानपूर्वक हर प्रक्रिया को देखा और समझने का प्रयास किया। दोपहर में सहकर्मियों के साथ हुई अनौपचारिक बातचीत ने मुझे एक टीम का हिस्सा होने का एहसास कराया। उसी दिन यह भी समझ आया कि बैंक की नौकरी केवल 'दस से पांच' की ड्यूटी नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम है।

सहकर्मियों का सहयोग मेरे लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। उन्होंने धैर्यपूर्वक हर बात समझाई, जिससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। दिन के अंत में जब सहकर्मी आनंद ने मुझे रहने और खाने की व्यवस्था में सहयोग का प्रस्ताव दिया, तो मन भावुक हो उठा। मुझे लगा कि मैंने अपने जीवन की एक नई यात्रा आरंभ कर दी है। इस दिन ने मुझे जिम्मेदारी, अनुशासन और समर्पण का महत्व सिखाया।

बाद में, 13 मई 1996 को उत्तर प्रदेश पीसीएस में चयनित होने के बाद, लगभग चौदह महीने की सेवा के पश्चात मैंने बैंक की नौकरी छोड़ दी। किंतु बैंक में बिताया गया पहला दिन आज भी मेरी स्मृतियों में ताजा है। उस दिन ने जो अनुभव और सीख दी, वह जीवन के हर पड़ाव पर मेरे साथ रही। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में बिताया गया समय मेरे व्यक्तित्व के निर्माण की नींव बना और उसी दिन ने मुझे आगे बढ़ने का साहस दिया।

# सभ्यता की अमूल्य धरोहरों को संरक्षण की जरूरत


सुनील कुमार महला
लेखक

प्रत्येक वर्ष 18 अप्रैल को विश्व धरोहर दिवस मनाया जाता है। इसे विश्व विरासत दिवस, वर्ल्ड हेरिटेज डे तथा आधिकारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय स्मारक एवं स्थल दिवस (इंटरनेशनल डे फोर मोन्यूमेंट्स एंड साइट्स) कहा जाता है। यह दिवस मानवता की साझा सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इन स्थलों का संरक्षण यूनेस्को विश्व धरोहर सम्मेलन, 1972 के अंतर्गत किया जाता है, जिसे यूनेस्को सदस्य देशों द्वारा स्वीकार किया गया एक महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय समझौता माना जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य विश्वभर के ऐतिहासिक स्मारकों, सांस्कृतिक स्थलों, पुरातात्विक अवशेषों, प्राकृतिक संपदाओं तथा मानव सभ्यता से जुड़ी अमूल्य विरासतों के संरक्षण के प्रति जनचेतना उत्पन्न करना है। वास्तव में धरोहर केवल पत्थरों से बनी इमारतें नहीं हैं, बल्कि वे हमारी संस्कृति, परंपरा, कला, ज्ञान, संघर्ष, इतिहास और सामूहिक पहचान की जीवंत प्रतीक हैं।

वर्तमान में 10 चयन मानदंड निर्धारित हैं, जिनमें से कम से कम एक को पूरा करना आवश्यक है। इनमें ऐतिहासिक महत्व, स्थापत्य कला, सांस्कृतिक प्रभाव, प्राकृतिक सौंदर्य, जैव विविधता तथा वैज्ञानिक महत्व जैसे पहलू सम्मिलित हैं। विश्व धरोहर मुख्यतः तीन प्रकार की होती है- पहली, सांस्कृतिक धरोहर, जिसमें स्मारक, मंदिर, मस्जिद, चर्च, किले, मूर्तियां, प्राचीन नगर, स्थापत्य कला, भाषा, संगीत, नृत्य और परंपराएं शामिल हैं। दूसरी, प्राकृतिक धरोहर, जिसमें पर्वत, नदियां, समुद्र, वन, वन्यजीव, जैव विविधता और अद्वितीय प्राकृतिक परिदृश्य आते हैं तथा तीसरी, मिश्रित धरोहर, जिनमें सांस्कृतिक और प्राकृतिक दोनों विशेषताएं विद्यमान होती हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि यूनेस्को केवल स्थायी संरचनाओं या प्राकृतिक स्थलों को ही नहीं, बल्कि अमूर्त सांस्कृतिक विरासत को भी मान्यता देता है। भारत की योग परंपरा और कुंभ मेला इसके प्रमुख उदाहरण हैं।

विश्व स्तर पर सबसे अधिक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों वाला देश इटली है, जिसके बाद चीन का स्थान आता है। भारत भी विश्व धरोहर स्थलों की दृष्टि से अग्रणी देशों में सम्मिलित है। यूनेस्को एक विशेष सूची 'वर्ल्ड हेरिटेज इन डेंजर' भी संचालित करता है, जिसमें उन स्थलों को शामिल किया जाता है, जो युद्ध, प्रदूषण, प्राकृतिक आपदा, अतिक्रमण, अत्यधिक पर्यटन, जलवायु परिवर्तन या उपेक्षा के कारण संकट में हों। यदि कोई स्थल संरक्षण मानकों का पालन न करे या उसका मूल स्वरूप गंभीर रूप से बदल जाए, तो उसे सूची से हटाया भी जा सकता है। उदाहरणस्वरूप ओमान का अरेबियन ओरिक्स अभयारण्य तथा जर्मनी की ड्रेसडेन एल्बे घाटी को सूची से हटाया जा चुका है। यहां यह उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2024 तक विश्वभर के 196 देशों में लगभग 1,223 विश्व धरोहर स्थल थे, जिनमें 952 सांस्कृतिक, 231 प्राकृतिक और 40 मिश्रित स्थल शामिल हैं। भारत जैसे प्राचीन और बहुसांस्कृतिक देश में इस दिवस का विशेष महत्व है। अप्रैल 2025 तक भारत में 43 विश्व धरोहर स्थल (34 सांस्कृतिक, 7 प्राकृतिक और 2 मिश्रित) तथा 62 स्थल संभावित सूची में सम्मिलित थे। भारत के प्रमुख धरोहर स्थलों में ताजमहल, आगरा किला, फतेहपुर सीकरी, अजंता-एलोरा गुफाएं, एलीफेंटा गुफाएं, खजुराहो समूह, सांची स्तूप, महाबोधि मंदिर, हम्पी, महाबलीपुरम, जंतर-मंतर, कुतुब मीनार, लाल किला, कोणार्क सूर्य मंदिर, नालंदा, भीमबेटका, सुंदरबन राष्ट्रीय उद्यान, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, पश्चिमी घाट तथा कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान प्रमुख हैं।





विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष एक विशेष थीम घोषित की जाती है। वर्ष 2026 की थीम है-'संघर्षों और आपदाओं के संदर्भ में जीवित विरासत के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया' रखी गई है। इसका आशय यह है कि युद्ध, संघर्ष और प्राकृतिक आपदाओं के समय केवल भवनों और स्मारकों की ही नहीं, बल्कि जीवित विरासतों-जैसे लोक परंपराएं, सामाजिक ज्ञान, सांस्कृतिक पहचान और समुदाय आधारित परंपराएं की भी त्वरित सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। विश्व धरोहर दिवस केवल कैलेंडर की एक तिथि नहीं, बल्कि मानवता की साझा विरासत को सुरक्षित रखने का वैश्विक संकल्प है। यदि हम अपनी धरोहरों की रक्षा नहीं करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियां अपने इतिहास, संस्कृति और पहचान से वंचित हो जाएंगी। अतः विकास के साथ-साथ विरासतों के संरक्षण, संवर्द्धन और सम्मान के लिए हमें दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करना चाहिए।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
| --- | --- | --- |
| बंद हुआ | 78,493.54 | 24,353.55 |
| बढ़त | 504.86 | 156.80 |
| प्रतिशत में | 0.65 | 0.65 |

सोना 1,56,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,53,000 प्रति किलो

अमृत विचार
कानपुर, शनिवार, 18 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### नेटफ्लिक्स के निदेशक मंडल से हटेंगे चेयरमैन रीड हेस्टिंग्स

**न्यूयॉर्क।** ओटीटी मंच नेटफ्लिक्स के सह-संस्थापक और चेयरमैन रीड हेस्टिंग्स इस साल जून में अपना कार्यकाल समाप्त होने पर कंपनी के निदेशक मंडल से हट जाएंगे। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि हेस्टिंग्स अब परोपकार कार्यों और अन्य गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने 1990 के दशक के अंत में अपने मित्र और सह-संस्थापक मार्क रैंडोल्फ से यह जिम्मेदारी संभालने के बाद 2023 तक 20 वर्षों से अधिक समय तक कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के रूप में कार्य किया।

### पूर्वोत्तर में विस्तार करेगी फिनोलेक्स केबल्स

**गुवाहाटी।** बिजली और संचार केबल बनाने वाली कंपनी फिनोलेक्स केबल्स लि. पूर्वोत्तर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की योजना बना रही है। कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह कदम सरकार के बुनियादी ढांचे और विद्युतीकरण पर दिए जा रहे जोर को देखते हुए उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह बाजार विस्तार दीर्घकालिक होगा और पूर्वोत्तर में बेहतर पहुंच कंपनी को क्षेत्र के अधिक हिस्सों में विस्तार करने में मदद कर रही है। कंपनी की कुल आय में पूर्वी क्षेत्र की हिस्सेदारी लगभग 15 प्रतिशत है, जबकि पूर्वोत्तर राज्यों का योगदान क्षेत्रीय बिक्री में लगभग 17 प्रतिशत है।

### ओम पावर के शेयर में 6% से अधिक की उछाल

**नई दिल्ली।** विद्युत अवसंरचना क्षेत्र की कंपनी ओम पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड के शेयर अपने 175 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले छह प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ शुक्रवार को सूचीबद्ध हुए। कंपनी का शेयर 175 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले एनएसई पर 186 रुपये पर खुला, जो करीब छह प्रतिशत अधिक की उछाल को दर्शाता है। बीएसई पर इसने 181.10 रुपये पर कारोबार करना शुरू किया और बाद में बढ़कर 190.15 रुपये तक पहुंच गया।

### एनपीएसपीएल करेगी आंध्र में 2,550 करोड़ निवेश

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार ने चित्तूर जिले में कैथोड सामग्री विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए एनपीएसपीएल स्पेशलिटी केमिकल्स की 2,550 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी है। इससे भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और उन्नत सामग्री परिवेश को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। गुडुपल्ले मंडल में 105 एकड़ में विकसित होने वाला यह संयंत्र लिथियम आयन बैटरी में उपयोग किए जाने वाले एक प्रमुख उपकरणों का उत्पादन करेगा, जो इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी), उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और ऊर्जा भंडारण प्रणालियों को शक्ति देता है।

# पश्चिम एशिया में तनाव घटने से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 505 अंक चढ़ा

## सेंसेक्स 504.86 अंक उछलकर 78,493.54 पर और निफ्टी 156.80 अंक बढ़कर 24,353.55 पर बंद हुआ

**मुंबई, एजेंसी**




पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और विदेशी निवेशकों की ताजा लिवाली से घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 505 अंक की मजबूती दर्ज की गई जबकि निफ्टी 157 अंकों की बढ़त पर रहा। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच कूटनीतिक समाधान की नई उम्मीद और इजराइल-लेबनान के बीच 10 दिन के युद्धविराम से वैश्विक निवेशकों का जोखिम उठाने का रुझान बेहतर हुआ है।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 504.86 अंक यानी 0.65 प्रतिशत उछलकर 78,493.54 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 564.77 अंक तक चढ़ गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 156.80 अंक यानी 0.65 प्रतिशत बढ़कर 24,353.55 अंक पर बंद हुआ।

शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 4.84 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,65,64,461.51 करोड़ रुपये (5.02 लाख करोड़ डॉलर) हो गई। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स ने कुल 943.29 अंक यानी 1.21 प्रतिशत की तेजी दर्ज की जबकि एनएसई निफ्टी में कुल 302.95 अंक यानी 1.25 प्रतिशत की बढ़त रही।

- इजराइल-लेबनान में 10 दिन के युद्धविराम से निवेशकों का जोखिम उठाने का रुझान बेहतर

व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.76 प्रतिशत उछल गया जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.31 प्रतिशत की बढ़त पर रहा। चौतरफा तेजी के बीच सभी क्षेत्रवार सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियां) खंड में 2.57 प्रतिशत, पूंजीगत उत्पाद खंड में 2.19 प्रतिशत, बिजली खंड में 1.95 प्रतिशत और उपयोगिता खंड में 1.51 प्रतिशत की तेजी रही।

### ये रहे लाभ में

हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाइटन

### गिरावट वाले शेयर

सन फार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो और एचसीएल टेक

### एक्सपर्ट्स की राय

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के. ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव घटने की उम्मीद ने घरेलू बाजार को मजबूती देने का काम किया। इससे कच्चे तेल की कीमतों में संभावित उछाल को लेकर चिंता कम हुई, जिसका असर मुद्रास्फीति और मुद्रा स्थिरता पर पड़ता है।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू बाजार पश्चिम एशिया संकट के समाधान की बढ़ती उम्मीद और एफआईआई के फिर से लिवाल बन जाने से बढ़त के साथ बंद हुए।

बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 3,043 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,284 शेयरों में गिरावट रही और 166 अन्य अपरिवर्तित रहे।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 382.36 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.07 प्रतिशत गिरकर 96.34 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया, जिससे बाजार धारणा को समर्थन मिला। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक नुकसान में रहे। यूरोपीय बाजार दोपहर के कारोबार में बढ़त में थे।

अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे। इससे पहले, बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 122.56 अंक गिरकर 77,988.68 अंक और निफ्टी 34.55 अंक फिसलकर 24,196.75 अंक पर बंद हुआ था।

## विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर फिर 700 अरब डॉलर के पार

**मुंबई, एजेंसी**



देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान 3.82 अरब डॉलर बढ़कर 700.94 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह कहा। इससे पहले तीन अप्रैल को समाप्त सप्ताह में कुल भंडार 9.06 अरब डॉलर बढ़कर 697.12 अरब डॉलर रहा था। पश्चिम एशिया संघर्ष की शुरुआत से पहले इस साल 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, संघर्ष के कारण रुपये पर दबाव बढ़ा और आरबीआई को विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर की बिक्री के जरिये हस्तक्षेप करना पड़ा, जिससे लगातार कई हफ्तों तक भंडार में गिरावट देखी गई थी।

केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार 10 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के लिए, विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) 3.12 अरब डॉलर बढ़कर 555.98 अरब डॉलर पर रही। डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर अमेरिकी मुद्राओं की तेजी या गिरावट के प्रभाव को भी शामिल किया जाता है।

### चांदी 5,700 रुपये लुढ़की, सोना 1,600 रुपये टूटा



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू बाजार में कमजोर मांग के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 5,700 रुपये टूटकर 2.53 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि सोना 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 5,700 रुपये यानी 2.2 प्रतिशत टूटकर 2,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। सर्राफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1,600 रुपये यानी 1.01% टूटकर 1,56,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) पर रहा।

## सीएम युवा स्वरोजगार योजना

# इटावा के बिलाल बने सफल उद्यमी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- 10 लाख रुपये के ऋण से खड़ा किया प्रिंटिंग प्रेस, अब हर महीने 50-60 हजार कमाई
- पांच लोगों को दिया रोजगार, योगी सरकार की योजनाएं बना रहीं युवाओं को आत्मनिर्भर

**अमृत विचार:** प्रदेश में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में चलाई जा रही योजनाएं अब जमीन पर असर दिखाने लगी हैं। योगी सरकार की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना' का लाभ लेकर इटावा के गाड़ीपुरा निवासी बिलाल हसन ने न सिर्फ खुद का कारोबार खड़ा किया, बल्कि अन्य लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए हैं।

बिलाल हसन ने जिला उद्योग केंद्र से जानकारी प्राप्त कर इस योजना के तहत 10 लाख रुपये का ऋण लिया और प्रिंटिंग प्रेस व फ्लेक्स का व्यवसाय शुरू किया। सरकारी सहायता और मार्गदर्शन से उन्होंने अपने कारोबार को सफलतापूर्वक स्थापित किया और अब इसे लगातार विस्तार दे रहे हैं। आज बिलाल हर महीने करीब 50 से 60 हजार रुपये की आय अर्जित कर रहे हैं। खास बात यह है कि उन्होंने अपने उद्यम के जरिए 5 अन्य लोगों को भी रोजगार दिया है, जिससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आया है। प्रदेश में संचालित 'मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना' शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए एक मजबूत सहारा बनकर उभरी है।

योजना के तहत विनिर्माण क्षेत्र में अधिकतम 25 लाख रुपये और सेवा क्षेत्र में 10 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही परियोजना लागत के अनुसार अनुदान भी दिया जाता है, जिससे युवाओं के लिए व्यवसाय शुरू करना आसान हो जाता है। सरकार की इस पहल से प्रदेश में छोटे-छोटे उद्योग तेजी से स्थापित हो रहे हैं, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है।

### कंपनी कानून के तहत विवरण दाखिल करने की प्रक्रिया तर्कसंगत बनाएगी सरकार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय संबंधित पक्षों से सुझाव प्राप्त करने के बाद कंपनी कानून के तहत फॉर्म को एकीकृत करने सहित विवरण दाखिल करने की रूपरेखा को युक्तिसंगत बनाने की योजना बना रहा है। इसमें दस्तावेजों के एकीकरण सहित अन्य सुधारों पर विचार किया जा रहा है। मंत्रालय ने यह पहल हितधारकों से सुझाव लेने के बाद शुरू की है। मंत्रालय के अनुसार, भारतीय कॉरपोरेट कार्य संस्थान के माध्यम से विभिन्न शहरों में संबंधित पक्षों के साथ परामर्श प्रक्रिया जारी है, जिसका उद्देश्य कॉरपोरेट अनुपालन ढांचे में सुधार करना है। इस परामर्श का मुख्य उद्देश्य कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय में विवरण जमा करने की प्रक्रिया सरल बनाना, विभिन्न फॉर्म का एकीकरण, डेटा आधारित प्रणाली की ओर बढ़ना, सीधे प्रसंस्करण प्रणाली (एसटीपी) का विस्तार करना और एमसीए21 संस्करण 3 के तहत ऐसे उपयोगकर्ता संपर्क माध्यम को अपनाना है जिसमें जानकारी पहले से भरी हो और उपयोगकर्ता आसानी से संवाद के माध्यम से विवरण भर सके।




# UPI से गलत खाते में गया पैसा, आएगा वापस

**कारोबार डेस्क**

आज के डिजिटल युग में UPI ने जीवन को बहुत आसान बना दिया है। बैंक आपकी जेब और खाता उंगलियों में है, लेकिन यही सुविधा कभी-कभी बड़ी परेशानी तब बन जाती है, जब आपका पैसा गलती से किसी अनजान अकाउंट में चला जाता है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल क्या UPI से गलत भेजा गया पैसा वापस मिल सकता है या सदा के लिए गया? हां! पैसा वापस आ सकता है लेकिन सही समय पर सही कदम उठा लिए जाएं तो...




### 5 बिन्दुओं में समझें

- UPI में Undo ऑप्शन नहीं होता
- इसलिए तुरंत एक्शन लेना ज़रूरी
- बैंक और NPCI दोनों को शिकायत करें।
- ऐसे मामलों में 24 घंटे अत्यधिक महत्वपूर्ण होते हैं।
- जरूरत पड़े तो RBI और बैंकिंग लोकपाल तक जाएं

### पैसा तुरंत वापस क्यों नहीं आता

- UPI एक सहमति आधारित सिस्टम है अर्थात आपने स्वयं ही पिन डालकर या बायोमेट्रिक से ट्रांजेक्शन को एप्रूव किया है।
- इसलिए बैंक खुद से पैसा वापस नहीं ले सकता, लेकिन कानूनी और सिस्टम प्रोसेस से आपको पैसा वापस मिल सकता है।
- यह 3 बातों पर निर्भर करेगा। 1. आपने कितनी जल्दी शिकायत की। 2. बैंक और सिस्टम की तत्परता। 3. सामने वाले का रवैया कैसा है।

### आसानी से समझें

- Step 1: गोल्डन मिनट में क्या करें?
  -जैसे ही गलती पता चले, तुरंत सामने वाले को कॉल/मैसेज करें। यूपीआई में ऐप में नाम वेरिफाई करें। कई मामलों में सामने वाला पैसा खुद वापस कर देता है।
- Step 2: सबूत तैयार करें, तुरंत ये करें-
  -ट्रांजेक्शन स्क्रीनशॉट लें
  -ट्रांजेक्शन आईडी नोट करें।
  -तारीख और समय को नोट कर लें।
  **यही आपका सबसे बड़ा सबूत है**
- Step 3: बैंक को तुरंत सूचना दें
  -अपने बैंक को तुरंत अलर्ट करें। कस्टमर केयर पर कॉल करें या ब्रांच विज़िट करें। बैंक ट्रांजेक्शन ट्रेस करेगा। फिर दूसरे बैंक को रिक्वेस्ट भेजेगा। ध्यान रखें कि ये हमारी ज़िम्मेदारी नहीं कहें तो भी फॉलो करें।
- Step 4: NPCI पर शिकायत करें
  -NPCI वेबसाइट खोलें। UPI कंप्लेंट सेक्शन में जाएं। गलत ट्रांसफर ऑप्शन चुनें। इसके बाद डिटेल्स भरें। इसका फायदा ये है कि मामला सीधे सिस्टम में एस्केलेट हो जाता है।

### क्या होगा

- बैंक पर दबाव बनेगा। इससे समाधान जल्दी मिलेगा।
- ये पूरी प्रक्रिया फ्री होती है


**ध्यान रखें-** UPI इरिवर्सिबल होता है। पिन डालने पर ट्रांजेक्शन पूरा होता है। बैंक ऑटो रिवर्स नहीं कर सकता, लेकिन लीगल रिकवरी संभव है। रिपोर्टिंग में देरी से मुश्किल हो सकती है। नियम सख्त हैं। तुरंत एक्शन लें।

### और क्या करें

- हमेशा पेमेंट से पहले नाम चेक करें।
- बड़ी रकम भेजने से पहले एक टेस्ट करें।
- UPI हिस्ट्री रेगुलर चेक करें।
- बैंक हेल्पलाइन नम्बर सेव रखें।
- अगर 30 दिन में समाधान नहीं मिला तो RBI Ombudsman यानी रिजर्व बैंक लोकपाल में शिकायत करें।

### काम की बात

- UPI ने जीवन को आसान बनाया है लेकिन जिम्मेदारी भी बढ़ाई है। छोटी सी असावधानी आपकी मेहनत की कमाई को खतरे में डाल सकती है। सही समय पर सही कदम उठाएं और पैसा वापस पायें। बेहतर होगा कि ट्रांजेक्शन सतर्क रहकर करें और पैसा भेजने से पहले दो बार चेक करलें कि प्राप्तकर्ता सही है या नहीं।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# टीएमसी प्रत्याशी और दो अन्य नेताओं के ठिकानों पर इनकम टैक्स के छापे

**कोलकाता, एजेंसी।**




आयकर विभाग ने रासबिहारी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे तृणमूल कांग्रेस के विधायक देबाशीष कुमार के आवास और भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उम्मीदवारी के प्रस्तावक मिराज शाह के आवास समेत शहर में कई स्थानों पर शुक्रवार को तलाशी अभियान चलाया।

तृणमूल ने आरोप लगाया कि 23 और 29 अप्रैल को मतदान से कुछ दिन पहले की गई छापेमारी का मकसद पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी को परेशान करना और डराना था। आयकर विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आयकर अधिकारियों के विभिन्न समूहों ने सुबह करीब छह बजे कुमार के आवास, चुनाव कार्यालय और उनसे जुड़ी कई अन्य संपत्तियों पर तलाशी शुरू की और छापेमारी जारी है। एक साथ तलाशी अभियान के तहत, दक्षिण कोलकाता के एल्गिन रोड स्थित मिराज शाह के आवास पर भी तलाशी ली गई।

शाह का संबंध एक स्थानीय शिक्षण संस्थान से बताया जाता है और वह विभिन्न धर्मों के उन चार व्यक्तियों में से एक थे, जिन्होंने चुनाव नामांकन में तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो का नाम प्रस्तावित किया था। लगभग उसी समय आयकर विभाग ने देबाशीष कुमार के करीबी सहयोगी और तृणमूल नेता कुमार साहा के कालीघाट स्थित आवास पर भी छापा मारा था।

अधिकारी ने बताया कि ये छापे विधानसभा चुनावों से पहले शहर भर के कई स्थानों पर बिना हिसाब-किताब वाले, बिना ऑडिट किए गए धन के प्रवाह का पता लगाने के लिए चलाए गए एक व्यापक अभियान का हिस्सा थे। कुमार को कथित भूमि धोखाधड़ी मामले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय ने हाल में कई बार तलब किया था। उन्हें एक, तीन और नौ अप्रैल को सॉल्ट लेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में पूछताछ के लिए बुलाया गया था और वह एजेंसी के समक्ष पेश हुए थे।

### बंगाल : कई प्रत्याशियों की संपत्ति 5 साल में कई गुना बढ़ी, शुभेंदु की घटी

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की जंगीपुर सीट से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार जाकिर हुसैन ने 2021 के विधानसभा चुनावों में 67 करोड़ रुपये की संपत्ति होने की घोषणा की थी और अब पांच साल बाद, 2026 के चुनावी हलफनामे में उन्होंने 133 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति का उल्लेख किया है। पांच सालों में हुसैन की संपत्ति लगभग दोगुना बढ़ी है। संपत्ति में इजाफे के मामले में वह अकेले नहीं है। भाजपा के पुरुलिया विधायक सुदीप कुमार मुखर्जी, जो इस सीट से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं, की संपत्ति 2021 के 45 लाख रुपये से बढ़कर 2026 में 11 करोड़ रुपये पहुंच गई है, यानी संपत्ति में 2,344 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज से दोबारा चुनाव लड़ रहे तृणमूल कांग्रेस के कृष्ण कल्याणी की संपत्ति लगभग 5.8 करोड़ रुपये से बढ़कर 20 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। सबांग से तृणमूल उम्मीदवार मानस रंजन भुनिया ने 2021 के मुकाबले दोगुनी 15 करोड़ रुपये होने का उल्लेख किया है। इसके विपरीत, निवर्तमान विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की चल संपत्ति में गिरावट दर्ज की गई है। नंदीग्राम सीट और भवानीपुर सीट पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चुनौती दे रहे भाजपा नेता के 2026 के चुनाव शपथपत्र से पता चलता है कि उनकी आय 2020-21 में लगभग 8.13 लाख से बढ़कर 2024-25 में 17.38 लाख रुपये हो गई है। हालांकि, शुभेंदु ने अपनी चल संपत्ति लगभग 24.57 लाख रुपये घोषित की है, जो 2021 में दर्ज किए गए 59.31 लाख रुपये से कम है।

# देश को टुकड़ों में बांट देगा भाजपा का परिसीमन विधेयक : ममता बनर्जी

**कूच बिहार (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार संसद में महिला आरक्षण कानून में प्रस्तावित संशोधन का इस्तेमाल परिसीमन विधेयक के लिए आवरण के रूप में कर रही है, जो देश को टुकड़ों में बांट देगा।

उन्होंने यहां एक चुनावी रैली में कहा कि तृणमूल कांग्रेस इस कदम का हर स्तर पर विरोध करेगी। लोकसभा में बृहस्पतिवार को संविधान का 131वां संशोधन विधेयक पेश किया गया जिसका उद्देश्य महिला आरक्षण कानून में संशोधन के साथ-साथ परिसीमन और केंद्र शासित प्रदेश (संशोधन) विधेयक में बदलाव करना है। इन विधेयकों के जरिए दिल्ली, पुडुचेरी और जम्मू-कश्मीर में संशोधित महिला आरक्षण कानून को लागू करने का प्रस्ताव है। संविधान संशोधन विधेयक के अनुसार, 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन की प्रक्रिया के बाद 2029 के आम चुनाव से पहले महिला आरक्षण कानून को कार्यान्वित करने के लिए लोकसभा सीटों की संख्या मौजूदा 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 की जाएंगी। उन्होंने केंद्र सरकार पर विधेयक पेश करने को लेकर विधि विरुद्ध कार्य करने का आरोप लगाया।



रोड शो के दौरान अभिवादन स्वीकार करती मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

### ममता ने दुर्गापुर में किया रोडशो

**दुर्गापुर (बंगाल), एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के विधानसभा चुनाव से पहले यहां दुर्गापुर में पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में रोडशो किया। इस दौरान लोगों ने सड़क के दोनों तरफ और बालकनी व छतों पर खड़े होकर टीएमसी प्रमुख का अभिवादन किया। बनर्जी ने स्टील मार्केट से लगभग दो किलोमीटर दूर भिरिंगी मोड़ तक पहुंचीं। इस दौरान दुर्गापुर और आसपास के निर्वाचन क्षेत्रों के टीएमसी उम्मीदवार उनके साथ थे। पार्टी समर्थकों ने दीदी-दीदी और जय बांग्ला के नारों के बीच फूल बरसाकर बनर्जी का अभिवादन किया।

### चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में घटाए मतगणना केंद्र

**कोलकाता, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में मतगणना केंद्रों की संख्या कम कर दी है और सभी 294 निर्वाचन क्षेत्रों के वोटों की गिनती 87 केंद्रों पर की जाएगी। चुनाव आयोग ने आयोग ने मतगणना स्थलों की विस्तृत जिलावार सूची उनके पतों सहित जारी की है। वर्ष 2016 के विधानसभा चुनावों में 90 केंद्रों पर मतगणना की गई थी, जिसे 2021 में बढ़ाकर 108 कर दिया गया था। 2026 में यह संख्या काफी कम हो गई है। राज्य के उत्तर 24 परगना में सबसे अधिक 33 विधानसभा क्षेत्र हैं जिसमें मतगणना आठ केंद्रों पर होगी।

## स्टालिन हर छोटी बात पर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर देते हैं: भाजपा नेता नागेंद्रन

**इरोड, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर केंद्र सरकार की हर पहल और नीति के प्रति विरोध का रुख अपनाने का शुक्रवार को आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री हर छोटी-छोटी बात पर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर देते हैं। इन पांच वर्षों में उन्होंने जनता के लिए कोई योजना नहीं बनाई, सिर्फ अपने परिवार के आराम का ख्याल रखा। वह बस यही कहते आ रहे हैं कि हमारे और दिल्ली के बीच प्रतिस्पर्धा है। नागेंद्रन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के तमिलनाडु दौरे से पहले इरोड में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी 18 अप्रैल को कोयंबटूर में एक भव्य जनसभा को संबोधित करेंगे, जबकि शाह 19 अप्रैल को मोदक्कुरिची निर्वाचन क्षेत्र में रोड शो निकालेंगे।



रोड शो के दौरान अन्नाद्रमुक के पलानीस्वामी।

# जीतकर नशामुक्त करेंगे तमिलनाडु : पलानीस्वामी

**सलेम (तमिलनाडु), एजेंसी।** अन्नाद्रमुक के महासचिव ए.के. पलानीस्वामी ने शुक्रवार को कहा कि विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर तमिलनाडु को नशामुक्त बनाया जाएगा। संगागिरि में चुनाव प्रचार के दौरान पलानीस्वामी ने कहा कि छात्र नशे के आदी हो चुके हैं और अब इस बुराई को खत्म करने का समय आ गया है। अन्नाद्रमुक के सत्ता में आते ही गांजे की बिक्री पूरी तरह से समाप्त कर दी जाएगी। हम तमिलनाडु को नशामुक्त राज्य में बदल देंगे।

उन्होंने आरोप लगाया कि तमिलनाडु में कानून व्यवस्था की स्थिति काफी खराब हो गई है और महिलाओं और आम जनता के लिए कोई सुरक्षा नहीं है। पलानीस्वामी ने कहा कि हालात इतने भयावह हो गए हैं कि दो साल के बच्चे भी सुरक्षित नहीं हैं और वे यौन हिंसा और हत्या का शिकार हो रहे हैं। अगर तमिलनाडु में महिलाओं को सुरक्षित रखना है तो अन्नाद्रमुक को सत्ता में लाना होगा। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले पुलिसकर्मी भी मौजूदा सरकार में सुरक्षित नहीं हैं।

पलानीस्वामी ने कहा कि पिछले छह महीनों में ही छह पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी गई है। पलानीस्वामी ने आरोप लगाया कि नशाखोरों द्वारा हत्या, लूटपाट और यौन हिंसा की घटनाएं हर दिन होती हैं। अन्नाद्रमुक प्रमुख ने कहा कि 525 चुनावी वादे करने के बावजूद द्रमुक उनमें से एक चौथाई भी पूरे नहीं कर पाई है।

# अमेरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की वार्ता के लिए पाकिस्तान में शुरू हुई तैयारियां

## देर शाम सक्रिय हुए अधिकारी, इस्लामाबाद-रावलपिंडी में अर्द्धसैनिक बलों के हजारों जवान तैनात

इस्लामाबाद, एजेंसी

होर्मुज जलडमरूमध्य को व्यापारिक नौवहन के लिए खोलने के फैसले के एलान से पहले पाकिस्तान में बड़े पैमाने पर अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली महत्वपूर्ण वार्ता के दूसरे दौर की मेजबानी की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। बृहस्पतिवार शाम से सुरक्षा अधिकारी अचानक सक्रिय हो गए। इस्लामाबाद के अधिकारियों के अनुसार, इस्लामाबाद के साथ पड़ोस के शहर रावलपिंडी में भी दूसरे प्रांतों से हजारों पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के जवानों की तैनाती का सिलसिला शुरू हो गया है।

पाकिस्तान में आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि दोनों पक्षों को फिर से वार्ता की मेज पर लाने के लिए तेज कूटनीतिक गतिविधियां शुरू की गई हैं। अधिकारियों के मुताबिक पाकिस्तान के असैन्य और सैन्य नेताओं की वार्ता के परिणाम पर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं बताया गया है, लेकिन बृहस्पतिवार शाम से अचानक तैयारियां शुरू कर दी गईं। इस्लामाबाद और रावलपिंडी में सुरक्षाकर्मियों की तैयारियों को इसी नजरिए से देखा जा रहा है। आमतौर पर इस्लामाबाद प्रशासन बड़े सुरक्षा इंतजामों के समय प्रांतों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद मांगता है। पहले दौर की वार्ता के दौरान इस्लामाबाद में 10,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे।

अमेरिका और ईरान ने सप्ताहांत में पाकिस्तान में ईरान में संघर्ष समाप्ति के लिए प्रत्यक्ष वार्ता की थी, लेकिन यह 21 घंटे चली यह बातचीत बिना किसी समझौते के समाप्त हो गई थी। दोनों देशों की ओर से दो सप्ताह के अस्थायी युद्धविराम का पालन जारी रखने से पाकिस्तान को मध्यस्थता फिर से शुरू करने का अवसर मिला।

सुलह कराने के गुप्त प्रयासों के तहत ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ बुधवार को तीन देशों की यात्रा पर रवाना हुए, जबकि उसी दिन फील्ड मार्शल आसिम मुनीर तेहरान पहुंचे। प्रधानमंत्री शरीफ सऊदी अरब और कतर के नेताओं से चर्चा के बाद बृहस्पतिवार रात तुर्किये पहुंचे, जबकि फील्ड मार्शल ने ईरान में 24 घंटे से अधिक समय बिताकर वहां के राजनीतिक और सैन्य नेताओं से मुलाकात की। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान की मध्यस्थता कोशिशों की भरपूर सराहना की है और उसके प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ तथा फील्ड मार्शल मुनीर की बार-बार प्रशंसा करते हुए उन्हें बेहद सक्षम बताया है।



बेरूत में इजराइली हमले से क्षतिग्रस्त हुई इमारत और वाहनों को देखता एक लेबनानी नागरिक।

### परिवहन कंपनियों को संदेश, यातायात प्रतिबंधों के लिए तैयार रहें, स्कूल और बाजार भी बंद करने की तैयारी

इस्लामाबाद और रावलपिंडी जिलों के अधिकारियों ने परिवहन कंपनियों से संपर्क कर उन्हें सूचित किया है कि अन्य शहरों से आने वाले या दोनों शहरों से जाने वाले यातायात को भारी प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक संदेश के अनुसार, लागू होने के बाद ये प्रतिबंध अगले सप्ताह के अंत तक जारी रह सकते हैं। संदेश में नागरिकों से भी आग्रह किया गया है कि वे अगले सप्ताह अनावश्यक यात्रा से बचें या पहले से ही अच्छी तरह योजना बना लें। अधिकारियों ने बताया कि सड़क यातायात कम करने के लिए दोनों शहरों में शैक्षणिक संस्थान बंद किए जा सकते हैं और हवाईअड्डे के आसपास के बाजार भी बंद हो सकते हैं।

## इजराइल ने लेबनान में फंसाया पेच, कहा- 10 दिन का युद्धविराम अस्थायी

- कब्जाए क्षेत्र नहीं छोड़ेगी सेना, हिज्बुल्ला के हथियारों को नष्ट करने का लक्ष्य बरकरार

तेल अवीव। ईरान और अमेरिकी की शांति वार्ता की पहल के बीच इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने हिजबुल्ला के साथ शुक्रवार से शुरू हुए 10 दिवसीय युद्ध विराम को अस्थायी करार दिया है। काट्ज ने स्पष्ट किया कि इजराइली सेना लेबनान में अपने कब्जे वाले किसी भी क्षेत्र से पीछे नहीं हटेगी और वहां अपने शेष उद्देश्यों को भी पूरा करेगी। काट्ज ने एक बयान में कहा, आईडीएफ ने जिन क्षेत्रों को साफ किया है और जिन पर कब्जा किया है, वे उसके नियंत्रण में रहेंगे। लेबनान में जमीनी सैन्य कार्रवाई और पूरे लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ किए गए हमलों ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन वे अभी पूरी नहीं हुई हैं। इजराइली रक्षा मंत्री ने कहा, हम हिजबुल्ला के खिलाफ युद्ध के बीच लेबनान के अंदर हैं, जहां वर्तमान में 10 दिनों का अस्थायी संघर्ष विराम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सैन्य या कूटनीतिक माध्यमों से हिजबुल्ला के हथियारों को नष्ट करने का लक्ष्य बरकरार है और इजराइल इसे पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। काट्ज ने स्वीकार किया कि ट्रंप की सीधी भागीदारी और लेबनान सरकार पर दबाव के माध्यम से एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक अवसर बना है। इजराइली रक्षा मंत्री ने कहा कि दक्षिणी लेबनान में लिटानी नदी तक बनाए गए नए सुरक्षा क्षेत्र में अभी कई सशस्त्र आतंकवादी मौजूद हैं। लेबनान और इजराइल इस मुद्दे को कूटनीतिक रूप से सुलझाने का प्रयास करेंगे, अन्यथा सैन्य कार्रवाई फिर से शुरू की जाएगी।

## कर्नाटक : सड़क हादसे में एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत

यादगिर, एजेंसी

- बस से टकराकर कार में लगी आग, मरने वालों में तीन महिलाएं और चार बच्चे

कर्नाटक में यादगिर जिले के सुरपुर तालुका में शुक्रवार को एक निजी बस से भिड़ंत के बाद कार में आग लगने से एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। यह दुर्घटना सुरपुर तालुका में शांतापुरा क्रॉस के पास हुई। मरने वालों में तीन महिलाएं और चार बच्चे थे।

पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान कृष्णा नायक (52) और उनकी पत्नी अनंत काला (45), शरणप्पा (36) और उनकी पत्नी निसर्गा (30), उनके बच्चे सिद्धार्थ (3), आद्विक (5), और श्रीनिधि (1.5) और शशिकला (30) और उनके बेटा चंदन (8) के रूप में हुई है। शशिकला का दूसरा बेटा विराट (10) बाल-बाल बच गया। प्रारंभिक जांच और प्रत्यक्षदर्शियों से बात करने के बाद पुलिस ने बताया कि आशंका है कि कार का टायर फट गया, जिसके बाद वह बेकाबू होकर निजी बस से जा टकराई।



दुर्घटना के बाद बस-कार से उठतीं आग की लपटें।

### टक्कर के बाद कार में लगी आग

बस से टक्कर के बाद कार में आग लग गई। पुलिस ने बताया कि कार में पांच बच्चों समेत 10 लोग सवार थे। दो बच्चों समेत चार लोग मौके पर जिंदा जल गए। उन्होंने कहा कि इन सभी को यादगिर चिकित्सा विज्ञान संस्थान ले जाया गया जहां इनमें से नौ को मृत घोषित कर दिया गया जबकि एक मात्र जिंदा बचे विराट का इलाज किया जा रहा है।

## अमेरिका में बढ़ी महंगाई पर उठे सवाल तो ट्रंप ने आंकड़ों को बताया फर्जी



वाशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया में ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण बढ़ती ऊर्जा कीमतों पर घिरने लगे हैं। लास वेगास में उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान अपना का बचाव किया, साथ ही इस महंगाई को फर्जी बताया।

अमेरिकी श्रम विभाग की रिपोर्ट में पिछले महीने महंगाई में 0.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी दिखाई गई है, जो चार वर्षों में सबसे बड़ा उछाल है। ट्रंप ने इस रिपोर्ट की सत्यता पर सवाल उठाते हुए इसे ईंधन और ऊर्जा की कीमतों में अस्थायी वृद्धि का परिणाम बताया और फर्जी महंगाई करार दिया। आम जनता के लिए खर्चों को वहन करने योग्य बनाना ट्रंप के 2024 के राष्ट्रपति अभियान का मुख्य आधार था। अब मध्यावधि चुनावों में भी जीवनयापन की लागत से जुड़ी चिंताएं बड़ी भूमिका निभा सकती हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नेपाल: भारतीय डॉक्टरों के आईवीएफ शिविर पर रोक

काठमांडू। नेपाल सरकार ने दो भारतीय चिकित्सकों को काठमांडू के एक होटल में इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) परामर्श शिविर आयोजित करने से रोक दिया है। नियामक निकाय 'नेपाल मेडिकल काउंसिल' (एनएमसी) ने बृहस्पतिवार को यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि पाया गया कि दोनों चिकित्सकों ने चिकित्सा शिविर के लिए उससे कोई अनुमति नहीं ली है। एनएमसी के रजिस्ट्रार डॉ. सतीश कुमार देव ने से कहा, हमने भारतीय चिकित्सकों को हमारी अनुमति के बिना स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने से रोकने के लिए जिला प्रशासन कार्यालय से भी सहायता मांगी थी। विदेशी चिकित्सकों को नेपाल में किसी भी स्वास्थ्य शिविर या सेवा का संचालन से पहले अपनी डिग्री परिषद में पंजीकृत करानी होती है और सेवा के लिए अनुमोदन लेना होता है।

### खैबर पख्तूनख्वा में गैस पाइपलाइन में विस्फोट, आठ मरे

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के एक औद्योगिक क्षेत्र में बृहस्पतिवार को गैस पाइपलाइन में विस्फोट होने से आठ लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तान में आपातकालीन सेवा मुहैया कराने वाले 'रेस्क्यू 1122' के एक अधिकारी के मुताबिक यह घटना हरिपुर जिले के हत्तर इंडस्ट्रियल एस्टेट में हुई। यह विस्फोट ग्रैंड ट्रंक रोड के पास एक कारखाने के निकट हुआ, जहां गैस पाइपलाइन में हुए जोरदार धमाके के बाद भीषण आग लग गई। निकट स्थित एक मकान भी आग की चपेट में आ गया। इस घटना में आठ लोगों की मौत हो गई। हरिपुर के जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि आग के तेजी से फैलने के बीच चार महिलाओं और छह बच्चों को बचा लिया गया है। कई महिलाएं और बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए हैं और बचाव कार्य जारी है।

### संधू को दिल्ली का उपराज्यपाल बनाने पर ट्रंप ने दी बधाई



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राजनयिक तरनजीत सिंह संधू को दिल्ली का उपराज्यपाल नियुक्त किए जाने पर शुक्रवार को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर कहा, दिल्ली का नया उपराज्यपाल बनाए जाने पर तरनजीत संधू को बधाई! एक अनुभवी राजनयिक और अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत के रूप में उन्होंने अमेरिका एवं भारत के बीच संबंधों को मजबूत करने के प्रति हमेशा गहरी प्रतिबद्धता दिखाई। संधू 2020 से 2024 तक अमेरिका में भारत के राजदूत रहे। ट्रंप ने कहा, दिल्ली की प्रगति का नेतृत्व करने और वैश्विक संबंधों को आगे बढ़ाने में उनकी सफलता की कामना करता हूं। संधू को पांच मार्च को दिल्ली का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया था। भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) से सेवानिवृत्त होने के बाद संधू 2024 के लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले भाजपा में शामिल हो गए थे। भाजपा ने उन्हें अमृतसर से लोकसभा का उम्मीदवार बनाया था, लेकिन वह चुनाव हार गए थे।

## कर्नाटक : हत्या के मामले में कांग्रेस विधायक को उम्रकैद

बेंगलुरु, एजेंसी



- भाजपा नेता की हत्या में दोषी करार 16 अन्य आरोपी भी काटेंगे उम्रकैद

बेंगलुरु की एक अदालत ने शुक्रवार को भाजपा नेता योगेश गौड़ा की हत्या मामले में कांग्रेस विधायक विनय कुलकर्णी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने इस मामले में दोषी पाए गए 16 अन्य लोगों के लिए भी आजीवन कारावास की सजा मुकर्रर की है।

सांसदों और विधायकों से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट ने बुधवार को आपराधिक साजिश और हत्या सहित आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत कुलकर्णी और अन्य को दोषी ठहराया था। सीबीआई ने 16 अप्रैल को कुलकर्णी के लिए बिना किसी छूट के आजीवन कारावास की मांग की, वहीं विधायक के वकील ने उनकी सामाजिक सेवाओं, राजनीतिक पृष्ठभूमि और बच्चों तथा परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति उनकी जिम्मेदारियों का हवाला देते हुए न्यूनतम सजा का अनुरोध किया।

भाजपा नेता और धारवाड़ जिला पंचायत के पूर्व सदस्य योगेश गौड़ा की 15 जून 2016 को धारवाड़ में हत्या कर दी गई थी। कुलकर्णी उस समय मंत्री थे।

भाड़े के हमलावरों ने धारवाड़ के सप्तपुर स्थित जिम में गौड़ा पर हमला किया और उनकी बेरहमी से हत्या कर दी थी। गौड़ा के परिवार और अन्य लोगों की मांगों के बाद, तत्कालीन भाजपा सरकार ने 2019 में इस मामले को सीबीआई को सौंप दिया था।

सीबीआई ने 2020 में पूरक आरोपपत्र दाखिल किया, जिसमें कुलकर्णी को मुख्य षड्यंत्रकर्ता बताया गया। इसमें कहा गया कि कुलकर्णी धारवाड़ में गौड़ा को अपना राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी मानते थे और भाजपा नेता को खत्म करने के लिए उन्होंने भाड़े के हमलावरों का सहारा लिया था। सजा सुनाए जाने के बाद कुलकर्णी को विधायक पद के लिए अयोग्य घोषित किए जाने का अनुमान है।

## असम के चिरांग में वन विभाग के कार्यालय पर भीड़ का हमला, वाहनों में आग लगाई

कोकराझार/गुवाहाटी, एजेंसी

असम के चिरांग जिले में वन विभाग के अधिकारियों ने आरक्षित वन भूमि पर कब्जे के आरोप में कई लोगों को हिरासत में ले लिया और महिलाओं के साथ मारपीट की। इसके बाद शुक्रवार को उग्र भीड़ ने रनिखाता रेंज कार्यालय पर हमला कर दिया। भूटान सीमा के पास इस कार्यालय में भीड़ ने तोड़फोड़ कर कई सरकारी वाहनों को आग के हवाले कर दिया।

भीड़ के हमले में कई वनकर्मी घायल हो गए। पुलिस और अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती के बाद स्थिति काबू में आई। सुरक्षा बलों ने लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया। इसमें कई प्रदर्शनकारी भी घायल हो गए। वन विभाग के कार्यालय से हथियार और गोला-बारूद लूटे जाने की भी बात कही जा रही है लेकिन अधिकारियों ने इसकी पुष्टि करने के बजाय जांच करने की बात कही है।

भीड़ ने कार्यालय के साथ आवासीय परिसर में भी तोड़फोड़ की। अधिकारियों के मुताबिक, यह तनाव बृहस्पतिवार को उस समय शुरू हुआ जब वनकर्मियों ने सिखना ज्व्हवलाओ राष्ट्रीय उद्यान के अंतर्गत आने वाले रिपु चिरांग आरक्षित वन क्षेत्र में अवैध कटाई और जमीन साफ करने के आरोप में कुछ लोगों को हिरासत में लिया था। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि वनकर्मियों ने एक दिन पहले कई महिलाओं से भी मारपीट की।

### जमीन से कब्जा हटाने के नाम पर महिलाओं से मारपीट पर भड़के लोग, हथियार भी लूटे



चिरांग में वन विभाग कार्यालय में आग लाने के बाद तोड़फोड़ करते प्रदर्शनकारी।

## श्रीलंका प. एशिया संघर्ष से सर्वाधिक प्रभावित

कोलंबो। श्रीलंका पश्चिम एशिया संकट के कारण एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे अधिक प्रभावित होने वाले देशों में शामिल है। इस संबंध में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की ओर से प्रकाशित यह रिपोर्ट बृहस्पतिवार को जारी की गई। इसमें इस बात का प्रारंभिक आकलन किया गया है कि जारी संघर्ष वैश्विक व्यापार, ऊर्जा बाजार और वित्तीय तंत्र को किस तरह अस्थिर कर रहा है।

## सीजेआई ने नए एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड को दी चेतावनी- एआई से न कराएं कानूनी कार्य

नई दिल्ली। सीजेआई सूर्यकांत ने शुक्रवार को विधि पेशे के नैतिक दायित्वों पर जोर देते हुए नए एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड (एओआर) को एआई या अन्य बाहरी पक्षों को कानूनी कार्य आउटसोर्स करने के खिलाफ सख्त चेतावनी दी।



- प्रवेशन समारोह को किया संबोधित

संविधान के अनुच्छेद 145 के तहत सुप्रीम कोर्ट की ओर से बनाए गए नियमों के अनुसार केवल उन्हीं अधिवक्ताओं को शीर्ष अदालत में किसी पक्ष की ओर से पैरवी करने का अधिकार है जिन्हें एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड के रूप में नामित किया गया है। सुप्रीम कोर्ट वकीलों को एओआर के रूप में नामित करने से पहले उनकी परीक्षा आयोजित करता है।

सीजेआई ने नए एओआर को उनके प्रवेशन समारोह में संबोधित करते हुए कहा कि वे न केवल बार के सदस्य हैं बल्कि न्यायालय के औपचारिक अधिकारी भी हैं, जिन पर न्यायपालिका उनकी कर्मठता के लिए बहुत अधिक निर्भर करती है और उन पर जताया गया भरोसा वह आधारशिला है जिस पर उन्हें अपनी प्रतिष्ठा का निर्माण करना चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने एओआर से सभी कानूनी कार्य व्यक्तिगत रूप से करने का आग्रह करते हुए एआई या अन्य बाहरी तृतीय पक्षों को संबंधित कार्य आउटसोर्स करने के खिलाफ चेतावनी दी।

## चुनावी गर्मी के बीच भीषण लू की चपेट में आया तमिलनाडु

चेन्नई, एजेंसी



- राज्य के 10 जिलों में 100 डिग्री फॉरेनहाइट के पार पहुंचा तापमान, अगले सप्ताह और बढ़ेगी गर्मी

ऐसे में जबकि तमिलनाडु में पहले चरण का विधानसभा चुनाव नजदीक है, गर्मी का प्रकोप तेजी से बढ़ने से राज्य के कई हिस्से भीषण लू की चपेट में आ गए हैं। कई इलाकों में पारा 106 डिग्री फारेनहाइट तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की आशंका जताई है।


मौसम विभाग ने अनुमान जताया कि पश्चिमी घाट, दक्षिणी तटीय क्षेत्रों और डेल्टाई जिलों में 23 अप्रैल तक हल्की बारिश हो सकती है, जबकि बाकी हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा। पिछले दो हफ्तों के दौरान तापमान में लगातार बढ़ोतरी देखी गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के दस जिलों में तापमान 100 डिग्री फारेनहाइट के पार रहा, जबकि करूर परमथी में इस मौसम का सबसे अधिक 106.2 डिग्री फारेनहाइट तापमान दर्ज किया गया। आने वाले दिनों में पारा दो से चार डिग्री तक और बढ़ने की संभावना है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) से बचने की सलाह दी है। डॉक्टरों ने पर्याप्त मात्रा में पानी, फलों का रस, नारियल पानी और छाछ पीने तथा दोपहर 12 बजे से तीन बजे के बीच यात्रा से बचने का सुझाव दिया है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

- **मेष** – आज आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं, लेकिन जल्दबाजी में गलती करने से बचना जरूरी है।
- **तुला** – आज संबंधों के मामले में सुधार देखने को मिलेगा। नए सहयोग या साझेदारी के मौके मिल सकते हैं, जो आगे चलकर लाभ देंगे।
- **वृष** – आज थोड़ा शांत रहकर काम करने की जरूरत है। किसी भी फैसले में जल्दबाजी न करें। खर्च बढ़ सकता है, बजट पर ध्यान रखें।
- **वृश्चिक** – आज काम का बोझ बढ़ सकता है। दिनभर भागदौड़ रहेगी। मेहनत का परिणाम धीरे-धीरे आपके पक्ष में आएगा।
- **मिथुन** – आज नए मौके पाने का दिन है। दोस्तों या संपर्कों से फायदा मिल सकता है। कोई नई योजना शुरू करने का मौका मिलेगा।
- **धनु** – आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। कोई रचनात्मक काम आपको आगे बढ़ा सकता है।
- **कर्क** – आज मेहनत का फल जरूर मिलेगा। काम का दबाव बढ़ सकता है। परिवार का सहयोग संतुलन बनाए रखेगा।
- **मकर** – आज परिवार से जुड़े मामलों पर ध्यान देना होगा। कोई जरूरी फैसला लेना पड़ सकता है। कामकाज सामान्य रहेगा।
- **सिंह** – आज भाग्य आपका साथ देगा। कुछ नया करने का मन करेगा। आत्मविश्वास मजबूत रहेगा और लोग आपकी बात मानेंगे।
- **कुंभ** – आज संपर्क से लाभ मिलने का दिन है। छोटी यात्राएं या मीटिंग्स सफल रहेंगी। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं।
- **कन्या** – आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। अचानक कोई स्थिति बदल सकती है। किसी भी निर्णय में जल्दबाजी से बचें।
- **मीन** – आज धन से जुड़े मामलों पर ध्यान देना जरूरी है। आय और खर्च दोनों बढ़ सकते हैं। सोच-समझकर फैसले लें।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 18 अप्रैल, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा 14 .10 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**दिशाशूल**-पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-अश्विनी 09 .42 तक तत्पश्चात भरणी।

### सुडोकू - 122 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 4 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 4 | 8 | 6 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 | 3 |
| 2 | 5 | 9 | 3 | 1 | 8 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 7 | 2 | 8 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 |
| 8 | 9 | 4 | 7 | 3 | 6 | 5 | 1 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 7 | 8 | 4 |

### सुडोकू -123

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 8 | | 2 | 5 | |
| | 5 | | | 1 | | | 4 | |
| 6 | | | 5 | | | | | |
| | | 2 | | 6 | | 9 | | |
| | 1 | | | | | 8 | 6 | |
| 8 | | 9 | | 2 | | 4 | | |
| | | | 3 | | 9 | | | 6 |
| | 3 | | | 7 | | | 8 | |
| | | 4 | | 5 | | | | |

## इंडोनेशिया में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना में आठ लोगों की मौत

जकार्ता। इंडोनेशिया के बोर्नियो द्वीप पर बागानों के बीच उड़ान भर रहा एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार आठ लोगों की मौत हो गई। इंडोनेशियाई अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम कालीमंतन प्रांत के मेलावी जिले से बृहस्पतिवार को उड़ान भरने के पांच मिनट बाद पीटी मैथ्यू एयर नुसंतारा के स्वामित्व वाले एयरबस एच130 से संपर्क टूट गया। वह कुबु राया जिले में स्थित ताड़ के तेल के एक बागान की ओर जा रहा था। परिवहन मंत्रालय के अनुसार, खोजकर्ताओं ने सेकाडाऊ जिले के घने जंगलों में मलबे का पता लगाया है।

**रक्षा तैयारी** | शीर्ष सैन्य कमांडरों के सम्मेलन में दिया गया जोर, मानव रहित हवाई प्रणालियों को बताया गया सबसे जरूरी

## दुनिया में चल रहे सैन्य संघर्षों का सबक, आत्मनिर्भर हो सेना

नई दिल्ली, एजेंसी

सेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन में दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में चल रहे सैन्य संघर्षों और ऑपरेशन सिंदूर के अनुभवों के आधार पर सेना को हर तरह से सशक्त बनाने तथा उसकी जरूरतों को देश में ही पूरा करने के लिए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर बल दिया गया। सैन्य नेतृत्व ने मानव रहित हवाई प्रणालियों और ड्रोन रोधी प्रणालियों के उपयोग सहित संचालन क्षमता बढाने की जरूरत पर भी जोर दिया।



रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक वक्तव्य में कहा कि सेना के कमांडरों के 13 अप्रैल से शुरू हुए चार दिन के सम्मेलन की अध्यक्षता सेना प्रमुख ने की और इसमें शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने भाग लिया। सम्मेलन को कैबिनेट सचिव, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष, रक्षा सचिव, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष तथा नौसेना प्रमुख सहित सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने संबोधित किया। भविष्य के लिए तैयार बल बनने के दृष्टिकोण के अनुरूप, सेना ने वर्ष 2026 को "नेटवर्किंग और डेटा केंद्रितता" का वर्ष घोषित किया है। सम्मेलन में आधुनिकीकरण, युद्ध अभियानों में प्रौद्योगिकी के समावेशन, सिद्धांत और प्रशिक्षण आवश्यकताओं के साथ-साथ नेटवर्किंग और डेटा केंद्रितता से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई, ताकि परिचालन तत्परता को बढ़ाया जा सके और उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना किया जा सके।

ऑपरेशन सिंदूर से प्राप्त अनुभवों के आधार पर तथा वर्तमान वैश्विक परिचालन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व ने मानव रहित हवाई प्रणालियों और उनके प्रतिरोधी प्रणालियों के उपयोग सहित परिचालन क्षमता आवश्यकताओं पर भी ध्यान केंद्रित किया। चर्चाओं के दौरान मौजूदा आपूर्ति श्रृंखला संकट को देखते हुए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को मजबूत करने और दीर्घकालिक रणनीतिक सुदृढ़ता सुनिश्चित करने के लिए स्वदेशी उत्पादन क्षमताओं को तेजी से बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया गया।

### बदलते भूराजनीतिक परिदृश्य का दिया हवाला

विशिष्ट वक्ताओं ने बदलते भूराजनीतिक परिदृश्य और उभरती वैश्विक, क्षेत्रीय तथा आंतरिक सुरक्षा गतिशीलताओं पर प्रकाश डाला। वैश्विक संघर्षों से प्राप्त अनुभवों के संदर्भ में, वक्ताओं ने भारत के रणनीतिक और सुरक्षा हितों की सुनिश्चित रक्षा के लिए सशक्त शक्ति की आवश्यकता पर जोर दिया, साथ ही अंतर-मंत्रालयी समन्वय, नागरिक और सैन्य संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल तथा जटिल सुरक्षा चुनौतियों के लिए समन्वित राष्ट्रीय प्रतिक्रिया के लिए संपूर्ण राष्ट्र दृष्टिकोण पर बल दिया।



> पैट कमिंस चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद के साथ घरेलू मैच से ठीक एक दिन पहले शुक्रवार को अपनी टीम के साथ जुड़ेंगे है। लेकिन वह जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के साथ होने वाले मैच के लिए 25 अप्रैल से ही उपलब्ध होंगे।
>
> –डेनियल विटोरी, मुख्य कोच, हैदराबाद


# स्टेडियम

कानपुर नगर, शनिवार, 18 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## IPL 2026

### आज के मुकाबले

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
बनाम
दिल्ली कैपिटल्स
समय - दोपहर 3:30 बजे

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
चेन्नई सुपर किंग्स
समय - शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप





- शुभमन गिल गुजरात–251 रन
- विराट कोहली बेंगलुरु–228 रन
- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–224 रन

### पर्पल कैप





- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात – 11 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई – 10 विकेट
- प्रिंस यादव लखनऊ– 9 विकेट

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 5 | 4 | 0 | 1 | 9 | 1.067 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | 1.503 |
| 3. | राजस्थान रॉयल्स | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | 0.889 |
| 4. | गुजरात टाइटंस | 5 | 3 | 2 | 0 | 6 | 0.018 |
| 5. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | 0.576 |
| 6. | दिल्ली कैपिटल्स | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.322 |
| 7. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | -0.804 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | -0.846 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 5 | 1 | 4 | 0 | 2 | -1.076 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 6 | 0 | 5 | 1 | 1 | -1.149 |

# ग्रीन पर भारी शुभमन गिल की पारी गुजरात ने लगाई जीत की हैट्रिक

## आईपीएल-2026 : कोलकाता नाइट राइडर्स की नहीं बदली किस्मत



शुभमन गिल।

अहमदाबाद, एजेंसी

कैगिसो रबाडा (29 रन पर तीन विकेट) और मोहम्मद सिराज (23 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान शुभमन गिल (86) की बेहतरीन पारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने आईपीएल टी20 मैच में शुक्रवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को दो गेंद शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया।

कैमरून ग्रीन ने लय में वापसी करते हुए 79 रनों की जुझारू पारी खेली, लेकिन केकेआर की पारी 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर 180 रन पर सिमट गई। टाइटंस ने 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 181 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। केकेआर को मौजूदा सत्र में छह मैचों के बाद भी पहली जीत का इंतजार है। टाइटंस की पांच मैचों में यह तीसरी जीत है और टीम छह अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई है।

गिल ने 50 गेंदों की पारी में आठ चौके और चार छक्के लगाने के अलावा साई सुदर्शन (22) के साथ 31 गेंदों में 57 रन और जोस बटलर (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 24 गेंदों में 38 रन की साझेदारी की। उन्होंने वाशिंगटन सुंदर (13) के साथ तीसरे विकेट के लिए 46 रन जोड़े। केकेआर के लिए वरुण चक्रवर्ती ने दो विकेट लिए, जबकि वैभव अरोड़ा, सुनील नारायण और रमनदीप सिंह ने एक-एक विकेट लिया। ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला ग्रीन ने शुरुआती झटकों के बाद पारी को संभाला और 55 गेंदों में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से 79 रन बनाए। उन्होंने रोवमैन पॉवेल (27) के साथ चौथे विकेट के लिए 55 रन और अनुकूल रॉय (नौ) के साथ पांचवें विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की।

रबाडा और सिराज की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने नई गेंद से कहर बरपाते हुए शीर्ष क्रम को ध्वस्त किया, जबकि अशोक शर्मा (45 रन पर दो विकेट) और प्रसिद्ध कृष्णा (32 रन पर एक विकेट) ने बीच के ओवरों में अच्छा साथ दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए गिल ने अरोड़ा और कार्तिक त्यागी के खिलाफ आकर्षक चौकों से अपनी पारी का आगाज किया। उन्होंने तीसरे ओवर में गेंदबाजी के लिए आए अनुकूल रॉय के खिलाफ तीन छक्के लगाकर अपने इरादे जाहिर किए। गिल ने आक्रामक तेवर जारी रखते हुए अरोड़ा की धीमी गेंद पर छक्का जड़कर टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। छठे ओवर में गेंदबाजी के लिए आए नारायण ने सुदर्शन को आउट कर पहले विकेट कर खतरनाक होती साझेदारी को तोड़ा।

### कोलकाता नाइट राइडर्स

**180/10 (20 ओवर)**

| | |
|---|---|
| टिम सीफर्ट का फिलिप्स बो रबाडा | 19 |
| अजिंक्य रहाणे का रबाडा बो सिराज | 00 |
| अंगकृष रघुवंशी का बटलर बो रबाडा | 08 |
| कैमरून ग्रीन का बटलर बो राशिद | 79 |
| रोवमैन पॉवेल का सिराज बो अशोक | 27 |
| अनुकूल रॉय का बटलर बो प्रसिद्ध | 09 |
| रिंकू सिंह का बटलर बो रबाडा | 01 |
| रमनदीप सिंह का सिराज बो अशोक | 17 |
| नारायण का फिलिप्स बो सिराज | 00 |
| कार्तिक त्यागी रन आउट | 06 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 00 |

**अतिरिक्त :** 14, **विकेट पतन :** 1-5, 2-21, 3-32, 4-87, 5-147, 6-148, 7-165, 8-166, 9-173, **गेंदबाजी :** सिराज 4-0-23-2, रबाडा 4-0-29-3, प्रसिद्ध 4-0-32-1, अशोक 4-0-45-2, राशिद 4-0-44-1

### गुजरात टाइटंस

**181/5 (19.4 ओवर)**

| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन का त्यागी बो नारायण | 22 |
| शुभमन गिल का ग्रीन बो अरोड़ा | 86 |
| जोस बटलर का ग्रीन बो चक्रवर्ती | 25 |
| वाशिंगटन सुंदर का त्यागी बो चक्रवर्ती | 13 |
| ग्लेन फिलिप्स का रिंकू बो रमनदीप | 19 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 07 |
| एम शाहरुख खान नाबाद | 03 |

**अतिरिक्त :** 16, **विकेट पतन :** 1-57, 2-95, 3-141, 5-177

**गेंदबाजी :** अरोड़ा 4-0-35-1, त्यागी 4-0-40-0, अनुकूल 3-0-37-0, नारायण 4-0-28-1, चक्रवर्ती 4-0-34-2, रमनदीप 0.4-0-5-1

**86** रनों की शानदार पारी गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने 50 गेंदों पर खेली जिसमें 8 चौके और 4 छक्के हैं शामिल

# डगआउट में फोन का इस्तेमाल करना रॉयल्स के मैनेजर भिंडर पर पड़ा भारी

- बीसीसीआई ने लगाया एक लाख रुपये का जुर्माना
- भ्रष्टाचार रोधी नियमों के उल्लंघन का लगाया आरोप



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने राजस्थान रॉयल्स के टीम मैनेजर रोमी भिंडर पर डगआउट में फोन के इस्तेमाल को लेकर भ्रष्टाचार रोधी नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है और बोर्ड के कारण बताओ नोटिस का संतोषजनक जवाब न देने पर उन्हें चेतावनी भी जारी की है। यह जानकारी बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने शुक्रवार को पीटीआई को दी। यह उल्लंघन 10 अप्रैल को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेले गए आईपीएल मैच के दौरान हुआ था। इसके बाद शरद कुमार के नेतृत्व वाली बीसीसीआई की भ्रष्टाचार रोधी इकाई (एसीयू) ने भिंडर को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा। सैकिया ने बताया कि एसीयू भिंडर के जवाब से संतुष्ट नहीं थी, जिसके बाद उन्हें दोषी पाया गया। आईपीएल खिलाड़ियों एवं मैच अधिकारियों के क्षेत्र (पीएमओए) प्रोटोकॉल के अनुसार, डगआउट में फोन का इस्तेमाल वर्जित है, जबकि ड्रेसिंग रूम में इसकी अनुमति है। उन्होंने कहाशरद कुमार के नेतृत्व वाली टीम ने भिंडर के जवाब की जांच की और उन्हें दोषी पाया। नोटिस पर उनका जवाब संतोषजनक नहीं था। सैकिया ने कहा उन्हें प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है। चूंकि यह पहली बार का अपराध है, इसलिए उन पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है और चेतावनी जारी की गई है। आईपीएल ने एक बयान में कहा गलती को स्वीकार करते हुए भिंडर ने बिना शर्त माफी मांग ली है। भिंडर के करीबी सूत्रों ने बताया कि वह स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं और उन्हें लंबी दूरी तक चलने तथा सीढ़ियां चढ़ने में दिक्कत होती है। सूत्र ने कहा, डगआउट में फोन का इस्तेमाल सख्त मना है और आईपीएल में लंबे समय से जुड़े होने के कारण, मुझे यकीन है कि भिंडर इस बात से अवगत थे। यह अनजाने में भी हो सकता था, लेकिन बीसीसीआई ने इस मामले को उचित तरीके से निपटा दिया है।

## हाईलाइट

### पोंटिंग ने अर्शदीप के प्रदर्शन को बताया असाधारण

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने अर्शदीप सिंह के खराब दौर की अटकलों को खारिज करते हुए मुंबई इंडियंस के खिलाफ टीम की सात विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की कार्यशैली की सराहना की। अर्शदीप ने बृहस्पतिवार को अपने शुरुआती स्पैल में शानदार गेंदबाजी करते हुए रयान रिकेल्टन और सूर्यकुमार यादव को आउट किया और फिर आखिरी ओवरों में शेरफेन रदरफोर्ड को पवेलियन भेजा। आईपीएल के मौजूदा सत्र में अर्शदीप की शुरुआत चुनौतीपूर्ण रही है।

### बल्लेबाजों पर हर पारी में 230 रन बनाने का दबाव : हेजलवुड

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा है कि आईपीएल में बड़े स्कोर बनाने की बढ़ती होड़ गेंदबाजों के पक्ष में भी जा सकती है, क्योंकि बल्लेबाजों पर लगातार आक्रामक शुरुआत करने का दबाव रहता है। अगर गेंदबाज कुछ ओवरों तक रन रोकने में सफल रहते हैं, तो इससे बल्लेबाजों की लय और एकाग्रता बिगड़ सकती है। आईपीएल में अब तक खेले गए 24 मैचों में से 21 बार 200 रन का आंकड़ा पार किया जा चुका है और अक्सर बल्लेबाज गेंदबाजी आक्रमण की जमकर धुलाई करते नजर आते हैं। दर्शकों के लिए यह शानदार है कि गेंदें स्टैंड्स में जा रही हैं, पर गेंदबाजों के नजरिए से दबाव कम होता है क्योंकि बल्लेबाजों से अच्छी शुरुआत की उम्मीद होती है।

# दिल्ली के खिलाफ अपना दबदबा बरकरार रखने उतरेगा आरसीबी

बेंगलुरु, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में एक ऐसी टीम है जिसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और वह शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ यहां होने वाले मैच में भी अपना दबदबा बनाए रखने की कोशिश करेगी।

आरसीबी की टीम में अभी तक सारा ध्यान विराट कोहली पर केंद्रित रहा है और इस दिग्गज बल्लेबाज ने भी अपने प्रशंसकों को निराश नहीं किया है। उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाए हैं और ऑरेंज कैप उनके पास है। लेकिन कोहली भी यह स्वीकार करेंगे कि आरसीबी की बल्लेबाजी अब पूरी तरह से उन पर निर्भर नहीं है। कप्तान रजत पाटीदार, देवदत्त पडिक्कल, फिल साल्ट और टिम डेविड ने इस सत्र में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से विशेष छाप छोड़ी है और वे दिल्ली के खिलाफ इसे जारी रखना चाहेंगे।



अभ्यास सत्र के दौरान विराट कोहली।

पाटीदार ने छक्के जड़ने की अपनी काबिलियत का शानदार नमूना पेश किया है। वह पांच मैच में 21 छक्के लगाकर शीर्ष पर काबिज हैं। अन्य बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से कोहली को अपना नैसर्गिक खेल खेलने की छूट मिली है। इसके विपरीत दिल्ली के बल्लेबाज अभी तक जूझते रहे हैं।

### टीम

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, टिम डेविड, जैकब बेथेल, रोमारियो शेफर्ड, जोश हेज़लवुड, नुवान तुषारा, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, भुवनेश्वर कुमार, जॉर्डन कॉक्स, सुयश शर्मा, वेंकटेश अय्यर, स्वप्निल सिंह, जैकब डफी, कनिष्क चौहान, अभिनंदन सिंह, मंगेश यादव, फिल साल्ट, सात्विक देसवाल, विक्की ओस्तवाल, विहान मल्होत्रा।

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, औकिब डार, नीतीश राणा, मिचेल स्टार्क, टी नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, लुंगी एनगिडी, काइल जैमीसन, कुलदीप यादव।

# हिंगे-साकिब फिर कमाल दिखाने को बेताब

- सनराइजर्स हैदराबाद की चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ंत आज

हैदराबाद, एजेंसी

प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन जैसे होनहार तेज गेंदबाजों को मैदान में उतारने के बाद संतुलित नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम शनिवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में नए आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी।

अनुभवी गेंदबाज हर्षल पटेल और जयदेव उनादकट की जगह टीम में शामिल किए गए इस युवा जोड़ी ने आते ही शानदार प्रदर्शन किया और पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स का स्कोर पहले तीन ओवरों के अंदर ही पांच विकेट पर नौ रन कर दिया। इससे रॉयल्स को इस सत्र की पहली हार का सामना करना पड़ा।

विदर्भ के 24 वर्षीय तेज गेंदबाज हिंगे ने शुरू में वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल और लुआन-ड्रे प्रिटोरियस जैसे बल्लेबाजों को आउट किया। उन्होंने चार ओवर में 34 रन देकर चार विकेट लिए। बिहार के रहने वाले 21 वर्षीय हुसैन ने भी अपने पदार्पण मैच में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने बीच के ओवरों में गेंदबाजी से प्रभावित किया और चार विकेट लिए जिससे राजस्थान 216 रन का पीछा करते हुए 159 रन पर आउट हो गया। इन दोनों युवा गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से सनराइजर्स के तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिली है। इससे उस टीम को बेहतर संतुलन मिला है जो अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन और क्लासेन जैसे बल्लेबाजों पर ही निर्भर थी।



सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाज साकिब हुसैन व प्रफुल्ल हिंगे।

### संजू की फॉर्म में वापसी से चेन्नई को राहत

संजू सैमसन के टी20 विश्व कप वाली फॉर्म में वापसी करने से सीएसके को कुछ राहत मिली है। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नाबाद शतक जड़ा और उसके बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जीत में 48 रन बनाए। गायकवाड़ के फॉर्म में न होने के कारण सीएसके उन्हें मध्यक्रम में भेजने और युवा आयुष म्हात्रे को पारी के शुरुआत करने के लिए भेजने पर विचार कर सकता है। आयुष ने अपनी पिछली चार पारियों में दो अर्धशतक लगाकर प्रभावित किया है। सीएसके की टीम ने लगातार दो मैच जीतकर अच्छी वापसी की है।

### टीम

**सनराइजर्स हैदराबाद :** ईशान किशन (कप्तान), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्रायडन कार्स, पैट कमिंस, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रैविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, ईशान मलिंगा, कामिंदु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पायने, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, उनादकट, अनिकेत वर्मा।

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, आयुष म्हात्रे, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, नूर अहमद, अकील हुसैन, प्रशांत वीर, कार्तिक शर्मा, मैथ्यू शॉर्ट, अमन खान, सरफराज खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जैकरी फॉल्क्स, स्पेंसर जॉनसन, रामकृष्ण घोष और मुकेश चौधरी।

## उबेर कप

### डेनमार्क में भारत के अभियान को लगा करारा झटका

# त्रिसा जॉली चोटिल, महिला युगल टीम फाइनल्स से हटी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की त्रिसा जॉली की टखने की चोट के कारण उनकी और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने आगामी उबेर कप फाइनल्स से हटने का फैसला किया। इससे डेनमार्क में भारत के अभियान को करारा झटका लगा। भारत 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के होर्सेन्स में होने वाले थॉमस और उबेर कप फाइनल्स में हिस्सा लेगा।

भारतीय युगल कोच बी सुमित रेड्डी ने पीटीआई से कहा दुखद है कि बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के लिए रवाना होने से महज दो तीन दिन पहले त्रिसा का टखना मुड़ गया। ट्रेनिंग के दौरान यह दुर्घटना हुई जब उनका पैर उनकी जोड़ीदार के पैर पर पड़ गया।

उन्होंने कहा वह अभी आराम कर रही हैं और 'रिहैबिलिटेशन' करेंगी। यह बड़ी चोट नहीं है, चार हफ्तों में यह ठीक हो जाना चाहिए। वह मई के अंत में होने वाले सिंगापुर ओपन में वापसी की कोशिश करेंगी। त्रिसा के कंधे की वजह से पिछले महीने भी यह भारतीय जोड़ी स्विस ओपन से हट गई थी। बासेल में पहले दौर के शुरूआती गेम में यह जोड़ी चीनी ताइपे की हु लिंग फांग और झेंग यु चिएह की जोड़ी से पिछड़ रही थी जिसके बाद उन्हें रिटायर होना पड़ा। सुमित ने कहा युगल में इस तरह की मामूली चोट होती रहती हैं। उसे (त्रिसा) को पहले कंधे की समस्या हुई थी लेकिन अब यह ठीक है। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने उनकी जगह अब श्रुति मिश्रा और प्रिया कोंजेंगबाम को चुना है जिनकी विश्व रैंकिंग 48 है। यह जोड़ी उस भारतीय टीम का हिस्सा थी जिसने 2024 में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। वहीं सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी थॉमस कप फाइनल्स की तैयारी के लिए पहले ही डेनमार्क के लिए रवाना होंगे। सुमित ने कहावे टूर्नामेंट से कुछ दिन पहले डेनमार्क में ट्रेनिंग करना चाहते हैं। वे कल रवाना होंगे। विश्व रैंकिंग पर चौथे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी ने भी मार्च में स्विस ओपन क्वार्टरफाइनल से हटने का फैसला किया था। ऐसा सात्विक की कंधे की चोट के कारण हुआ था। इस जोड़ी ने इस हफ्ते के शुरू में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भी हिस्सा नहीं लिया था।



गायत्री गोपीचंद व त्रिसा जॉली।

### अल्काराज और जोकोविच मैड्रिड ओपन में नहीं खेलेंगे

**मैड्रिड।** विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और नोवाक जोकोविच के क्ले कोर्ट सत्र के प्रमुख टूर्नामेंट मैड्रिड ओपन से हटने के कारण बड़ा झटका लगा है। अल्काराज ने कहा कि उन्हें इस टूर्नामेंट से हटने का 'दुख' है और वह लगातार दूसरे वर्ष मैड्रिड ओपन में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। यह टूर्नामेंट सोमवार से शुरू होना है। अल्काराज हाल ही में दाहिनी कलाई की चोट से जूझ रहे हैं। उन्होंने बुधवार को बार्सिलोना ओपन से भी नाम वापस ले लिया था। इससे पहले विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच भी कंधे की चोट के कारण मैड्रिड ओपन से हट चुके हैं।

# नीरज व सुमित ने कोच नवल सिंह पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

> नवल सिंह ने हमारा मानसिक उत्पीड़न किया और हमारे परिवारों (यानी मेरे और नीरज के परिवार) के साथ दुर्व्यवहार किया। वह मानसिक रूप से अस्थिर लगते हैं।
>
> -सुमित अंतिल

पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता सुमित अंतिल ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को दी गई एक शिकायत में द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच नवल सिंह पर मानसिक उत्पीड़न और मौखिक दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है और ओलंपिक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने भी उनका समर्थन किया है। साइ ने शिकायत मिलने की बात स्वीकार की, लेकिन कहा कि नवल उसके कर्मचारी नहीं है बल्कि उन्हें भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने 'राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के हिस्से के तौर पर एक अन्य शीर्ष एथलीट को प्रशिक्षण देने के लिए' नियुक्त किया था।

नवल को 2015 में द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, वह फिलहाल सचिन यादव को प्रशिक्षण दे रहे हैं। सचिन ने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज को पीछे छोड़ते हुए चौथा स्थान हासिल किया था। चोट से जूझ रहे नीरज उस बड़े टूर्नामेंट में आठवें स्थान पर रहे थे। टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अंतिल ने यह भी आरोप लगाया कि नवल शायद मानसिक रूप से अस्थिर है और वह उनके और नीरज चोपड़ा जैसे शीर्ष खिलाड़ियों को परेशान करने की कोशिश कर रहे हैं। नवल ने पैरा-एथलीटों के साथ भी काफी काम किया है।

2028 लॉस एंजिल्स पैरालंपिक में एफ64 वर्ग (पैर का अंग विच्छेदन) में भारत के सबसे मजबूत स्वर्ण पदक दावेदारों में से एक अंतिल ने कहा वह (नवल) जान-बूझकर अपने अपमानजनक बयानों की रिकॉर्डिंग हमारे (टीम) प्रबंधकों के साथ साझा करता था, ताकि वे हम तक पहुंच सकें। इसके जवाब में साइ के एक सूत्र ने कहा कि इस मामले को महासंघ के साथ उचित तरीके से उठाया जा रहा है। सूत्र ने कहा पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता सुमित अंतिल से एक शिकायत मिली है जिसमें कोच नवल सिंह पर मौखिक दुर्व्यवहार का आरोप लगाया गया है। इस शिकायत का समर्थन नीरज चोपड़ा सहित अन्य एथलीटों ने भी किया है।